kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-235 ❑ शनिवार, 26 सितम्बर 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

लोक-भाषा (क्षेत्रीय भाषा) में काम करने से मरीजों का विश्वास हमारी चिकित्सा प्रणाली पर और अधिक बढ़ेगा। उन्होंने डॉक्टरों से अपील की, कि यदि वे मरीजों से उनकी मातृभाषा (जैसे भोजपुरी, अवधी आदि) में संवाद करेंगे तो मरीज अपनी बीमारी और इलाज को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे और डॉक्टरों पर उनका विश्वास कई गुना बढ़ जाएगा।

बृजेश पाठक

एनआईए ने नालागढ़ थाने में आईईडी विस्फोट मामले में दो और आरोपितों को किया गिरफ्तार 11

अशोक सिंघल के वेदों और संस्कृत प्रचार के सपने को आगे बढ़ाता रहेगा विहिपः आलोक कुमार 11

उत्तर प्रदेश सरकार ने गांव और कस्बो में रहने वाले हुनर की क्षमता को पहचान कर उसे आगे बढ़ाने का दिया अवसर

उत्तर प्रदेश को विश्व स्तर पर दिलाई पहचान : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्पादन की गुणवत्ता यहां की सप्लाई चैन की मजबूती और यहां के उद्योगों की क्रेडिबिलिटी पर आज पूरी दुनिया को पूरा भरोसा पैदा हुआ है।

❑ उत्तर प्रदेश के 4030 आंबेडकर प्रतिमा स्थलों के विकास के लिए योगी सरकार ने जारी किए 403 करोड़ रुपये

नोएडा । उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह ट्रेड फ़ेयर यूपी के प्रति ग्लोबल ट्रस्ट का एक प्रतीक है। जो हमारे कार्यक्रमों को, हमारे युवाओं को, इनोवेशन को, हमारे एमएसएमई सेक्टर को हमारे अन्नदाता किसान की मेहनत को लेकर यूपी को एक नई पहचान दिलाने की यह एक नई पहल है। उन्होंने कहा कि यूपी आईटीएस में हमारे साथ पार्टनर कंट्री के रूप में आस्ट्रिया, जापान, रूस, सिंगापुर, बेलारूस और वियतनाम जैसे देश हमारे साथ हैं। यह इसे एक नई ऊंचाई दे रहे हैं। आईटीईएस टेक्नोलॉजी व उत्पादन मे उत्तर प्रदेश मे तमाम अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को आमंत्रित करने और यहीं से निर्यात करने की सुलभ रास्ता दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्पादन की गुणवत्ता यहां की सप्लाई चैन की मजबूती और यहां के उद्योगों की क्रेडिबिलिटी पर आज पूरी दुनिया को पूरा भरोसा पैदा हुआ है। 2,400 से अधिक एक्जीबिटर्स इसका हिस्सा बने हैं। यह अवसर उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को देखने का भी है। जिसने पिछले 10 वर्षों में अपने केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में विकास की एक नई परिभाषा लिखी है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गांव और कस्बो में रहने वाले हुनर की क्षमता को पहचान कर उसे आगे बढ़ाने का अवसर दिया। हमने टैलेंट और अवसर को टेक्नोलॉजी से जोड़ा। गवर्नमेंट को अवसर प्रदान करने वाला बनाया और क्वालिटी, डिजाइन ,फैसिलिटी, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के माध्यम से लोकल प्रोडक्ट को एंटरप्राइज में विकसित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि व्यवसाय को गति देने के लिए ग्लोबल स्टैंडर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी प्रदेश के अंदर आगे बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस, हाईवे, एयरपोर्ट्स, फ्रेड कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से इकोनामिक, अपॉर्चुनिटी और ग्रोथ का मल्टी हब बनाया। उन्होंने कहा कि हमने इंटरनेशनल और ग्लोबल मार्केट से जोड़कर ऐसी वैल्यू चैन बनाई जिसने वैश्विक व्यापार का रास्ता खोला। उन्होंने कहा कि यूपी आईटीएस इसको प्रदर्शित करने का एक बड़ा मंच बना है। जहां से उत्तर प्रदेश के लोकल उत्पादन ग्लोबल मार्केट के सामने अपनी पहचान बना रहे है। वन जिला वन प्रोडक्ट योजना हमारे पारंपरिक शिल्पकारों के हुनर को वैश्विक बाजार से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कारीगरों को उपकरण दिए जा रहे हैं, तथा मार्केट से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के पास एमएसएमई में 79 प्रोडक्ट ऐसे हैं जिसे जी टैग प्राप्त हुआ है। 75 में प्रोडक्ट के लिए आवेदन किया गया है। चाहे वह भदोही के उत्कृष्ट कालीन हो, मुरादाबाद ● शेष पेज 11 पर

पंडित दीनदयाल ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को दी सर्वोच्च प्राथमिकता : योगी

लखनऊ। 'अंत्योदय' के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती शुक्रवार को मनाई गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर पं. दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखा कि 'एकात्म मानववाद' एवं 'अंत्योदय' के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रचिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों पर आधारित विकास की ऐसी अवधारणा प्रस्तुत की, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को आज भी समावेशी, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का प्रेरणास्रोत बताया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा पंडित जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ। 1942 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बने और अपना जीवन भारत ● शेष पेज 11 पर

उत्तर प्रदेश में बनी ब्रह्मोस पाकिस्तान की उड़ा रही है नींद : शाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ अमित शाह ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया शुभारंभ

नोएडा । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि आज उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बना है। निवेश के माहौल की पहली प्राथमिकता है कि कानून व्यवस्था ठीक हो। अनुकूल औद्योगिक नीति बने। उद्योग को बढ़ावा और सुविधा दिया जाए।

केंद्रीय गृह गृहमंत्री अमित शाह ने आज यहां इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआइटीएस) के चौथे संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। यहां उद्योग के लिए अच्छा वातावरण है। उन्होंने कहा कि एक जमाने में यूपी में माफियाओं का शासन चलता था। वर्ष 2017 में भाजपा की सरकार यहां पर बनी। उसके बाद यूपी से माफियाओं को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा इसी वजह से आज उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बार प्रधानमंत्री बनकर नीतियों का निर्माण किया तथा नीतियों को जमीनी स्तर पर सही तरह से पहुंचाया। उन्होंने कहा कि अनुभव के आधार पर नीतियों में जो बदलाव करने थे और जो नई नीतियां बनानी थी उसमें भी प्रधानमंत्री ने स्फूर्ति दिखाकर बनाया और भारत को पूरे विश्व में एक आकर्षक उत्पादन का हब बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुछ वक्रदृष्टा लोग भारत की जीडीपी के आंकड़ों को भी झुठलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने जीडीपी के 7.8 ग्रोथ को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में इतनी अशांति के माहौल के बीच में भी भारत ने सबसे ज्यादा विकास ग्रोथ प्राप्त किया है। अपनी विकास दर को बनाए रखा है और उसे आगे भी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक का विश्व में हर क्षेत्र में भारत के नंबर वन बनने का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि निर्यात मे 2015 की तुलना में इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद के निर्यात में 11 गुना वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि छह राज्यों में 12 सेमी कंडक्टर की परियोजनाएं लगाई गई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को फिर भी यह डेड इकोनामी लगती है। उन्होंने कहा कि जिनकी सोच डेड हो गई हो उनको प्रोग्रेस दिखाई नहीं देता है। उन्हें हर जगह डेड ही डेड दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के लोग भारत की उन्नति को नहीं देख सकते। उन्होंने कहा कि मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, युरोपियन कंट्री के चार देशों के संगठन ,यूके, ओमान, आदि के साथ हमने फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट पर समझौता किया है। यह एफडीआई उद्योग जगत की निर्यात की संभावनाओं को कई गुना बढ़ा दिया है। कई प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी हमने विकास को बरकरार रखा है। उन्होंने यूपी का उदाहरण देते हुए कहा कि हमने डिफेंस कॉरिडोर का स्टाल देखा। झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, कानपुर के कॉरिडोर को देखा। यहां डिफेंस के साधनों, मैन्युफैक्चरिंग के लिए इन्वेस्टमेंट आ रहा है और इसके कारण न केवल उत्तर प्रदेश में वरन देशभर के डिफेंस के उत्पादन का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि आज रक्षा उत्पादन लगभग 1,78,000 करोड़ को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013-14 की तुलना में रक्षा के उत्पादों के निर्यात में हमने 56 गुना वृद्धि की है और आज 80 देश में भारत के रक्षा के उत्पादों का निर्यात हो रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि यहां पर डिफरेंट कॉरिडोर बनाने के लिए योगी सरकार ने उसे इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ने के लिए अनुकूल नीतियां बनाने के लिए ढेर सारा काम किया है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में बने ब्रह्मोस पाकिस्तान की नींद उड़ा देते हैं। यह बदलाव का सबसे बड़ा लक्षण है। अमेठी में बनी एके -203 एसॉल्ट राइफल आज नक्सलवादी और आतंकवादियों की नींद उड़ा चुकी है।

उन्होंने कहा कि एक जमाना था जब सपा और बसपा का जमाना था। यहां पर अपराध का उद्योग चलता था। कट्टा, अवैध तमंचों की फैक्ट्री लगती थी। शहर-शहर में वाहन चुराने का कुटीर उद्योग था। चेन स्नेचिंग में युवाओं को हूनर प्राप्त करने का मौका मिलता था। आज 10 साल के अंदर स्थिति अलग है। कट्टा उद्योग की जगह डिफेंस कॉरिडोर बना है। वाहन चोरी की जगह वाहन मैन्युफैक्चरिंग हो रहा है। चैन स्नेचिंग उद्योग की जगह मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह ● शेष पेज 11 पर

संक्षेप

छत्तीसगढ़ के बालोद में गेहूं से लदे ट्रक ने पिकअप वाहन को मारी टक्कर, छह की मौत, सात गंभीर

बालोद/रायपुर । छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर मरकाटोला घाट के पास शुक्रवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में छह युवकों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

पुलिस के अनुसार दोपहर करीब एक बजे गेहूं से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे डीजे एवं धुमाल बंधे खड़ी पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक पलट गया और पिकअप के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कुछ युवक ट्रक के नीचे दब गए, जबकि कई अन्य दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही डायल-112 और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हादसा पुरूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ है। सभी मृतक कवर्धा जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। गुरुर के एसडीओपी माया शर्मा ने हादसे में छह लोगों की मौत की पुष्टि की है। हादसे में कोमल साहू, अनीश पात्रे, दीपक कुंभकार, कृष्णा चौहान, राजा और सुंदर साहू की मृत्यु हो गई। वहीं प्रमोद (चालक), अरमान, दीपचंद, भुनेश्वर, गणेश पात्रे, रूपेश और अनमोल सहित सात लोग घायल हुए हैं।

ग्राम पंचायत में योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखना चाहिएः ओम प्रकाश राजभर

लखनऊ। पंचायती राज विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, बजट से संबंधित कार्यों तथा ग्राम पंचायतों में विकासपरक गतिविधियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को विधान भवन में बैठक आयोजित की गई।

पंचायती राजमंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। इसलिए पंचायत स्तर पर संचालित प्रत्येक योजना का प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की नियमित समीक्षा करने, कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों को पूरा करने पर जोर दिया।

नई दिल्ली में बिरसिंहपुर सोलर-बैटरी स्टोरेज परियोजना पर निवेशक संवाद, मप्र ने निवेशकों के सामने रखी परियोजना

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 से पहले हरित ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं निवेशकों के सामने रखीं। नई दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश भवन में शुक्रवार को आयोजित निवेशक संपर्क एवं हितधारक परामर्श कार्यक्रम में बिरसिंहपुर की 200 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर और 50 मेगावाट/100 मेगावाट घंटा बैटरी स्टोरेज परियोजना को लेकर 39 से अधिक डेवलपर फर्मों और प्रमुख ऊर्जा-वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों से संवाद हुआ।

मप्र नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि परियोजना तथा मध्यप्रदेश में हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। अपर उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश नवाचारी पूल्ड फाइनेंसिंग तंत्र और शासन के सहयोग के माध्यम से शहरी अधोसंरचना के वित्तपोषण में एक नया मानक स्थापित कर रहा है। डेवलपर्स, वित्तीय संस्थानों और ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुखों द्वारा प्रदर्शित मजबूत रुचि प्रदेश की विकास दृष्टि, संस्थागत विश्वसनीयता और सतत शहरी विकास के प्रति प्रतिबद्धता में निवेशकों के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि विभागों और सार्वजनिक संस्थानों के बीच समन्वित प्रयासों से ऐसे प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं, जो पर्यावरण की दृष्टि से उत्तरदायी होने के साथ वित्तीय रूप से सुदृढ़ और निवेश के लिए तैयार हैं।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह ने परियोजना के उद्देश्य एवं स्वरूप की जानकारी दी। अधीक्षण अभियंता अवनीश शुक्ला ने परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया। निवेशकों एवं अन्य हितधारकों ● शेष पेज 11 पर

क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में तेजी लाएं अधिकारी : नगर आयुक्त

कानपुर शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के काम में तेजी लाई जाएगी और विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। सड़क खोदने के बाद उसकी मरम्मत में देरी न हो, इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी शुक्रवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने दी।

नगर निगम मुख्यालय में महापौर प्रमिला पांडेय की अध्यक्षता में क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर बैठक हुई। इसमें लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), जल निगम, नगर निगम और केस्को के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में शहर की खराब सड़कों, विभागीय कार्यों के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों और लंबित मरम्मत कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई।

नगर आयुक्त ने बताया कि बैठक में उन स्थानों की जानकारी ली गई, जहां सड़कें खराब हैं। या फिर पाइपलाइन, बिजली समेत अन्य विभागीय कार्यों के बाद मरम्मत का काम लंबित है। संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ ऐसे कार्यों को जल्द पूरा ● शेष पेज 11 पर

सवाल लोकतंत्र के लिए जरूरी, लेकिन विकास के लिए हों, व्यवधान के लिए नहीं : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को युवाओं से समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना के साथ सवाल करने, स्वतंत्र रूप से सोचने और तार्किक निर्णय लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सवाल पूछना लोकतंत्र का जरूरी स्तंभ है, लेकिन सवाल विकास के लिए होने चाहिए, व्यवधान पैदा करने के लिए नहीं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में तीसरे अरुण जेटली स्मृति वाद-विवाद के पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने कहा, ल्लसवाल पूछे बिना लोकतंत्र नहीं हो सकता, लेकिन जहां जरूरी हो, वहां सवाल पूछे जाने चाहिए, व्यवधान पैदा करने के लिए नहीं बल्कि विकास के लिए। उन्होंने छात्रों से स्वतंत्र निर्णय लेने का आग्रह करते हुए कहा कि किसी का समर्थन करने से पहले यह सवाल किया जाना चाहिए कि उससे समाज और देश को लाभ होगा या नहीं। उन्होंने कहा कि यदि यह सोच विकसित हो जाए तो भारत 2047 से पहले ही विकसित देश बन जाएगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राधाकृष्णन ने एसआरसीसी के 100 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि एक सदी केवल समय का माप नहीं है, बल्कि यह चरित्र का भी माप है। संस्थान तब टिकाऊ बनते हैं जब वे अपने मूल्यों से जुड़े रहते हुए लगातार खुद को नया रूप देते हैं और बदलते समय के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार होते हैं।

उपराष्ट्रपति ने अरुण जेटली को एसआरसीसी के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, राजनेता, संगठनकर्ता और कुशल वक्ता के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि जेटली में कानूनी समझ, राजनीतिक दृष्टि, आर्थिक सोच और प्रभावी संवाद क्षमता का दुर्लभ संयोजन था। उन्होंने जीएसटी, दिवाला एवं दिवालियापन संहिता, कर एवं राजकोषीय सुधारों तथा वित्तीय समावेशन सहित विभिन्न क्षेत्रों में जेटली के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र असहमति से बचने से मजबूत नहीं होता, बल्कि जब असहमति का सामना तर्क, साक्ष्य और संवाद के जरिए किया जाता है तब लोकतंत्र मजबूत होता है। लोकतांत्रिक विमर्श के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विरोधी विचारों का सम्मान, साक्ष्य आधारित तर्क और संसदीय आचरण जरूरी हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि एआई से मिलने वाली चुनौतियों को अवसरों में बदला जा सकता है। कंप्यूटर को कभी नौकरियों के लिए खतरा माना जाता था, लेकिन बाद में वह भारत के सूचना ● शेष पेज 11 पर

सेवा यात्रा के अनुभव जीवन की पूंजी, भारत को किताबों से नहीं गांव-गांव जाकर समझें : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के सेवा यात्रियों से कहा कि यात्रा के दौरान अलग-अलग राज्यों के गांवों में लोगों से जुड़ने और सेवा कार्य करने के अनुभव उनके जीवन की अमूल्य पूंजी बनेंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत की विविधता, गांवों की संस्कृति और समाज की सेवा भावना को किताबों से पूरी तरह नहीं समझा जा सकता, इसके लिए गांव-गांव जाकर लोगों के बीच रहना जरूरी है। मोदी ने यात्रियों से यात्रा के अनुभवों को लिखने और दर्ज करते रहने का भी आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वडनगर से वाराणसी जाने वाले दल के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद में कहा कि पिछले करीब 10-12 वर्षों में गांवों में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में बड़ा बदलाव आया है तथा शहर और गांव के बीच का अंतर काफी कम हुआ है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए यात्रियों से पूछा कि क्या उन्हें गांवों में बदलाव महसूस हो रहा है और क्या ग्रामीण भी इस बदलाव की चर्चा करते हैं। यात्रा युवाओं को इन बदलावों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और लोगों से सीधे संवाद करने का अवसर दे रही है।

मोदी ने सेवा यात्रियों को सुरक्षा का भी ध्यान रखने की सलाह दी। संवाद के दौरान यात्रियों के भगवा साफ़े का उल्लेख करते हुए उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, ल्लबाइक चलाते समय आप यह साफा पहनकर तो नहीं चलते होंगे? हेलमेट पहनते होंगे ना? साफा को हेलमेट मत समझ लेना।ङ्क उन्होंने यात्रियों से परिवार के संपर्क में रहने, जिन क्षेत्रों से गुजरें वहां के लोगों से जुड़ने और उनके संपर्क नंबर लेने तथा वाट्सऐप समूह बनाने का भी सुझाव दिया।

प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें याद याद किया। दीनदयाल उपाध्याय के समाज जीवन में कर्तव्यों से जुड़े सात सूत्रों- सेवा भाव, संतुलन, संयम, समन्वय, सकारात्मकता, संवेदना और संवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यही सेवा संकल्प यात्रा की आत्मा हैं। गांवों में बच्चों को पढ़ाई की सामग्री देना, पौधारोपण करना, वृद्धजनों की सेवा करना, महिलाओं से संपर्क करना और युवाओं के सपनों को समझना अलग-अलग कार्य दिखाई देते हैं, लेकिन इनके पीछे मानवता को केंद्र में रखकर समाज की सेवा का भाव समान है।

मोदी ने महात्मा गांधी के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ सामाजिक सुधार के लिए भी काम किया और समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लगातार आवाज उठाई। समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। सिर्फ अपनी वोट बैंक की तरफ ध्यान ● शेष पेज 11 पर

सैनिक वर्तमान भारत की रक्षा करता है, जबकि विद्यार्थी भविष्य के भारत का निर्माण करता है : जनरल उपेंद्र द्विवेदी

एजेंसी

गुवाहाटी । राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के तत्वावधान में नमामि भारतम्' कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक वंदे मातरम् गायन समारोह का आयोजन शुक्रवार को पांजाबारी के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) उपेंद्र द्विवेदी के साथ संजीव बोरदोलोई, डॉ. पवन तिवारी, डॉ. जगदिनद्र राय चौधरी, कुलेन्द्र कुमार भगवती, गौरव कलिता एवं असम गौरव मीनाक्षी सहित विद्या भारती के पदाधिकारी, पूर्व छात्र, शिक्षक, नागरिकगण, माता-बहनें एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पवन तिवारी ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक एकात्मता और गौरव का स्वर है। उन्होंने कहा कि इसके 150 वर्ष पूर्ण होने का अवसर पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि मां कामाख्या की पावन भूमि, श्रीमंत शंकरदेव की आध्यात्मिक चेतना और वीर लाचित बरफुकन के शौर्य से प्रेरित पूर्वोत्तर से उठने वाला वंदे मातरम् का स्वर संपूर्ण भारत की राष्ट्रीय एकात्मता का स्वर है। मुख्य अतिथि पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि वे इस अवसर पर पूर्व सेना प्रमुख के रूप में नहीं, बल्कि सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र के रूप में उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर वह स्थान नहीं है जहां भारत समाप्त होता है, बल्कि यह वह स्थान है जहां से भारत शुरू होता है। यह भारत का सच्चा ● शेष पेज 11 पर

वसुधैव कुटुंबकम' की भावना वैश्विक शांति, सहयोग और मानवीय मूल्यों के संदर्भ में महत्वपूर्ण है: प्रो. अजय तनेजा

❒ कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदेमातरम के गायन के साथ हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पं. दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ द्वारा विश्वविद्यालय के अटल सभागार में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सामूहिक वंदेमातरम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय आधुनिक वैश्विक परिदृश्य में एकात्म मानव दर्शन एवं वसुधैव कुटुंबकम् की प्रासंगिकता रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदेमातरम के गायन के साथ हुई। वंदेमातरम के संदर्भ एवं महत्व पर डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह ने परिचयात्मक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की चर्चा करते हुए एकात्म मानव दर्शन की अवधारणा और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन परंपरा समग्र मानव कल्याण, सामाजिक समरसता और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच समन्वय की भावना को महत्व देती है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को वैश्विक शांति, सहयोग और मानवीय मूल्यों के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रख्यात वक्ता एवं चिंतक संजय ने अपने संबोधन में पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन की मूल अवधारणाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन केवल आर्थिक या राजनीतिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समन्वित विकास की अवधारणा प्रस्तुत करता है। उन्होंने व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र और व्यापक मानवता के बीच परस्पर संबंध तथा दायित्व की भावना को इस दर्शन का महत्वपूर्ण पक्ष बताया।

श्री संजय ने भारतीय चिंतन परंपरा में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय दृष्टि में समूची मानवता को एक परिवार के रूप में देखने की परंपरा रही है। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में बढ़ती परस्पर निर्भरता के संदर्भ में संवाद, सहयोग, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों की आवश्यकता पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर उत्पन्न विभिन्न चुनौतियों के बीच ऐसे विचारों पर विमर्श आवश्यक है, जो व्यक्ति और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ-साथ व्यापक मानव कल्याण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान कर सकें। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को भारतीय सांस्कृतिक दृष्टि और सामाजिक जीवन से जोड़ते हुए कहा कि एकात्म मानव दर्शन में विकास को केवल भौतिक समृद्धि के संदर्भ में नहीं, बल्कि व्यक्ति और समाज के समग्र कल्याण के संदर्भ में देखने पर बल दिया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों और युवाओं से भारतीय ज्ञान परंपरा एवं समकालीन वैश्विक चुनौतियों के बीच संबंधों को समझने तथा इन विषयों पर गंभीर अकादमिक विमर्श करने का आह्वान किया।

कोरांव में अवैध खनन-परिवहन बेलगाम

❒ पर्यावरण गए खत्म, फिर भी फर्राटा भर रहे सैकड़ों वाहन - राजस्व को लाखों की चपत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। तहसील क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन का खेल बेखौफ जारी है। उच्चाधिकारियों के सख्त निर्देश के बाद भी बेलहट, झलमल, देवघाट, बॉस, बेलन, टूडीयारी नदी , खीरी, गडरी पहाड़ी, टवस सहित अन्य क्षेत्रों से बालू, गिट्टी, बोल्डर, जीएसबी, भस्सी, काली गिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन होने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

क्या है मामला

- बेलहट प्लांटः स्थानीय लोगों का आरोप है कि पर्यावरण गए की वैधता समाप्त होने के बाद भी प्लांट से जीएसबी, भस्सी, 20ख्रख्र गिट्टी का कथित तौर पर उत्पादन और लगभग 50 ट्रैक्टर, ट्रक, हाइवा से परिवहन किया जा रहा है।

- झलमल, देवघाट, बेलन, टूडीयारी नदी : यहां से पत्थर, गिट्टी और बालू के अवैध खनन में 15 से 20 ट्रैक्टर लगे होने की सूचना है।

-गडरी पहाड़ी, टवस नदी, कचरा प्लांट (थाना खीरी क्षेत्र):*यहां से खनन कर माल कोरांव में सप्लाई करने का आरोप।

- बाहरी जनपदों से एंट्रीःसोनभद्र, चित्रकूट, सीधी (मध्य प्रदेश), कटनी से बिना वैध परमिट के लगभग 50 हाइवा और ट्रैक्टरों से काली गिट्टी और बोल्डर की सप्लाई का आरोप।

सूत्रों का आरोप है कि प्रति वाहन सुविधा शुल्क के नाम पर अवैध वसूली की जाती है, जिसका लेन-देन एचडीएफसी बैंक कोरांव के पास एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर होने की चर्चा है। इससे सरकार को हर महीने लाखों के राजस्व का नुकसान और सड़कों के टूटने की समस्या बढ़ गई है।

अधिकारियों का पक्ष

इस संबंध में एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह ने कहा कि ''मामले में एसडीएम कोरांव और खनन अधिकारी से बात कर जांच कराई जाएगी।'' एडीएम प्रशासन उपमा पांडेय ने कहा कि ''यदि कहीं अवैध खनन हो रहा है तो उसकी सटीक जानकारी मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।''स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी प्रयागराज और कमिश्नर प्रयागराज से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध खनन पर पूर्ण रोक लगाने की मांग की है

बधिर विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय और पारा थाने में सिखाई सांकेतिक भाषा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह के तहत बधिर विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों, कार्यालयों और पारा थाने में भारतीय सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण दिया। इसका उद्देश्य बधिर विद्यार्थियों और आम लोगों के बीच संवाद को आसान बनाना और समावेशी वातावरण तैयार करना था। वाणिज्य विभाग में बधिर प्रशिक्षक कुंदन और सोनम यादव ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को वर्णमाला, गिनती, अभिवादन और कॉमर्स से जुड़े शब्दों के संकेत सिखाए। समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. शैलजा सिंह की मौजूदगी में भी प्रशिक्षण हुआ। डॉ. विजय वर्मा, डॉ. समृद्धि सिंह और डॉ. शिवानी कटारा समेत शिक्षक व विद्यार्थी शामिल रहे। मानसी गुप्ता और आदित्यनाथ ने संचालन किया। नेहा मल्होत्रा ने दुभाषिये की भूमिका निभाई। अर्थशास्त्र विभाग में अमन सिंह और पूजा मौर्या ने प्रो. अनामिका चौधरी समेत शिक्षकों को बजट, मांग, आपूर्ति और बाजार से जुड़े संकेत सिखाए। अंग्रेजी विभाग में अभिषेक यादव और फरीद आलम ने प्रशिक्षण दिया। पुस्तकालय में प्रो. यशवंत वीरोदय की मौजूदगी में शिखर दीक्षित, शुभम वर्मा और नेहा राजपूत ने प्रशिक्षण दिया। बैंक ऑफ बड़ौदा और डाकघर के कर्मचारियों को भी सांकेतिक भाषा सिखाई गई। प्रशासनिक भवन में श्रेया, आराधना मौर्य और अन्य प्रशिक्षकों ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। पारा थाने में बधिर विद्यार्थियों आशीष और विवेक ने पुलिसकर्मियों को एफआईआर, शिकायत, मदद और कानून से जुड़े संकेत सिखाए। थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने कहा कि इससे पुलिस और बधिर समुदाय के बीच संवाद की दूरी कम होगी।

भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, धान किसानों को राहत तो उड़द-सब्जी की फसलों पर संकट

सरोजनीनगर , कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीते करीब 36 घंटे से हो रही लगातार बारिश ने सरोजनीनगर क्षेत्र में जनजीवन की रफ्तार थाम दी है। रुक-रुककर हो रही तेज बारिश के कारण गांवों से लेकर बाजार और संपर्क मार्गों तक इसका असर दिखाई दे रहा है। निचले इलाकों में जलभराव और ग्रामीण रास्तों पर कीचड़ के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। रोजमर्रा के कामकाज भी प्रभावित हुए हैं। लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। बारिश का खेती पर? भी मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। धान की फसल के लिए फिलहाल बारिश राहत लेकर आई है। खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने से किसानों को सिंचाई पर होने वाले खर्च में बचत की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि इस समय हुई बारिश धान की फसल के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। हालांकि लगातार बारिश से खेतों में पानी अधिक समय तक जमा रहा तो तैयार धान की फसल गिरने और रोग लगने की आशंका भी बनी हुई है। वहीं उड़द और सब्जी की फसल करने वाले किसानों के लिए लगातार बारिश परेशानी का कारण बन रही है। खेतों में पानी भरने से उड़द की फसल खराब होने की आशंका है। सब्जियों में भी जलभराव के कारण पौधों के सड़ने और उत्पादन प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। लगातार बारिश का असर पशुधन पर भी पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के लिए सूखी जगह की कमी हो गई है। गोशालाओं और पशु बाड़ों में नमी व कीचड़ बढ़ने से पशुपालकों को पशुओं को सुरक्षित और सूखी जगह रखने में परेशानी हो रही है। चारे को भी बारिश से बचाना चुनौती बना हुआ है। खुले में बंधे पशुओं को बारिश से बचाने के लिए पशुपालकों को अतिरिक्त इंतजाम करने पड़ रहे हैं। कुल मिलाकर सितंबर के अंत में हुई बारिश ने सरोजनीनगर में कहीं राहत तो कहीं आफत की स्थिति पैदा कर दी है। धान किसानों को जहां बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं उड़द, सब्जी और अन्य फसलों को नुकसान की आशंका बनी हुई है। दूसरी ओर जलभराव और कीचड़ ने आम लोगों के साथ पशुपालकों की भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

झारखंड और उत्तर प्रदेश के 30 अधिकारियों ने किया शिवरी प्लांट का अवलोकन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ द्वारा नगरीय निकायों के अधिकारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत झारखंड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों के करीब 30 अभियंताओं एवं अधिकारियों ने लखनऊ स्थित शिवरी वेस्ट मैनेजमेंट एंड प्रोसेसिंग प्लांट का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्लांट में कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, प्रसंस्करण तथा उससे उपयोगी उत्पाद तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। अधिकारियों की टीम ने शिवरी प्लांट में ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन एवं प्रसंस्करण की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्हें कचरे के संग्रहण से लेकर उसके प्रसंस्करण और उपयोगी सामग्री में बदलने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अवलोकन के दौरान टीम ने नारियल के खोल से तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों की सराहना की। अधिकारियों ने इस पहल को उपयोगी बताते हुए अपने-अपने शहरों में भी ऐसी व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया, जिससे कचरे का बेहतर उपयोग करने के साथ-साथ उससे उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा सकें। टीम ने सीएंडडी वेस्ट प्लांट का भी अवलोकन किया। यहां निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाले कचरे का प्रसंस्करण कर विभिन्न उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने इस व्यवस्था की भी सराहना की और इसे अपने-अपने नगरीय निकायों में लागू करने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए कचरे के वैज्ञानिक प्रसंस्करण और उसके पुनः उपयोग पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। शिवरी प्लांट में अपनाई जा रही व्यवस्थाएं अन्य नगरीय निकायों के लिए भी उपयोगी हो सकती हैं।

अक्टूबर-नवंबर में दोनों दिशाओं में 24-24 फ़ेरे, त्योहारों पर यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त रेल सुविधा

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता । त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली फ़ेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के फ़ेरों में बढ़ोतरी की है। गाड़ी संख्या 04052 नई दिल्ली-हावड़ा अब सप्ताह में तीन दिन और गाड़ी संख्या 04051 हावड़ा-नई दिल्ली भी सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी। दोनों दिशाओं में अक्टूबर और नवंबर के दौरान 24-24 फ़ेरे चलाए जाएंगे। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने शुक्रवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फ़ेस्टिवल स्पेशल की आवृत्ति बढ़ाई गई है। इससे त्योहारों के दौरान दिल्ली और हावड़ा के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी। उन्होंने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन के संचालन की अद्यतन जानकारी रेलवे की हेल्पलाइन 139 अथवा एनटीईएस से प्राप्त करने की अपील की। गाड़ी संख्या 04052 नई दिल्ली-हावड़ा फ़ेस्टिवल स्पेशल पहले शुक्रवार को साप्ताहिक चलनी थी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब यह ट्रेन शुक्रवार, रविवार और मंगलवार को चलेगी। अक्टूबर में नई दिल्ली से यह ट्रेन 6, 9, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25, 27 और 30 अक्टूबर को चलेगी। नवंबर में 1, 3, 6, 8, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27 और 29 नवंबर को इसका संचालन होगा।

कोरांव में गाजे-बाजे के साथ सिद्धि विनायक गणेश प्रतिमा का विसर्जन, कपासी नहर तक उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। नगर पंचायत कोरांव अंतर्गत शुक्रवार को 11वें दिन सिद्धि विनायक भगवान गणेश की प्रतिमा का भव्य विसर्जन किया गया।

गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर भगवान गणेश की प्रतिमा ने पूरे कोरांव मार्केट में भ्रमण किया। इस दौरान भक्त नाचते-गाते हुए जयकारे लगा रहे थे। अंतिम दर्शन के लिए लोग घरों से बाहर निकल पड़े। बारिश के बावजूद दर्शन के लिए इतनी भीड़ उमड़ी कि सड़क कम पड़ गई। दूर-दराज से बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे दर्शन को पहुंचे। पूरा मार्केट ''गणपति बप्पा मोरया'' के जयकारों और ढोल-ताशों से गूंज उठा। विसर्जन कपासी नहर में किया गया तथा फल एवं मोदक का प्रसाद वितरित किया गया। क्षेत्र के कई संभ्रांत व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

भीड़ पर निगरानी और यातायात संभालने के लिए पुलिस बल के साथ डीसीपीसी के वालेंटियर्स ने अहम भूमिका निभाई। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के कमलेश श्रीवास्तव व प्रयागराज सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज एवं सहायक अपर पुलिस आयुक्त मेजा ब्रजेश पाठक के कुशल मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह के आदेशानुसार थाना कमेटी प्रभारी नरेन्द्रदेव मिश्र के नेतृत्व में वालेंटियर्स ड्यूटी पर तैनात रहे।

ड्यूटी में सह थाना प्रभारी मोहम्मद असलम, संतोष कुमार जायसवाल, चन्द्र प्रकाश सिंह, राकेश कुमार केशरी, चिदानंद मिश्र, विवेक कुमार, धीरज कुमार, शिव सोनकर, कृष्ण लाल, एसआई रमेश कुमार मिश्र, एसआई शशि प्रकाश यादव, कांस्टेबल बसंत कुमार साहू, बृजेश कुमार, शनि यादव, महिला कांस्टेबल रूबी जायसवाल, मौनी गौतम, प्रेमलता सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

तेज बारिश के बीच नम आंखों से दी 'मनौतियों के राजा' को विदाई

❒ झूलेलाल वाटिका में भू-विसर्जन के साथ गणेशोत्सव का समापन, दो लाख मनौतियों की चिट्ठियां भी बप्पा के साथ हुईं विसर्जित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । तेज बारिश के बीच शुक्रवार को झूलेलाल वाटिका में चल रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव का भावुक समापन हुआ। बारिश के कारण भगवान गणेश की शोभायात्रा को संक्षिप्त कर दिया गया और कार्यक्रम स्थल पर ही भू-विसर्जन की व्यवस्था की गई। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से आयोजित उत्सव में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से 'मनौतियों के राजा' को विदाई दी। इस दौरान पूरा परिसर 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष से गूंज उठा। विसर्जन से पूर्व पंडाल में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता परिवार के साथ पूजा में शामिल हुए। इसके बाद भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा को रथ पर विराजमान कर विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। इस अवसर पर संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम तथा महिलाओं में संध्या बंसल, उषा अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, विमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अंजू गुप्ता, अनुराधा गोयल, कविता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गोमती नदी को प्रदूषण से बचाने और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पिछले वर्षों की तरह इस बार भी भू-विसर्जन की व्यवस्था की गई। इसके लिए करीब 25 फुट चौड़ा और 15 फुट गहरा गड्ढा तैयार कर उसमें गोमती का पानी भरा गया। क्रेन की मदद से भगवान गणेश की प्रतिमा को जलाशय में स्थापित कर वैदिक रीति-रिवाज से विसर्जन किया गया।

संरक्षक भारत भूषण गुप्ता और अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल 'गुड्डा' ने बताया कि 10 दिनों तक चले गणेशोत्सव में भक्तों ने अपनी मनोकामनाओं और श्रद्धा से जुड़ी करीब दो लाख चिट्ठियां 'मनौतियों के राजा' के चरणों में अर्पित कीं। श्रद्धालुओं का विश्वास था कि बप्पा उनकी मनोकामनाएं पूरी करेंगे। इन सभी चिट्ठियों को भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ ही विसर्जित कर दिया गया। विसर्जन के लिए जब विशाल प्रतिमा को क्रेन की मदद से जलाशय में उतारा गया तो श्रद्धालु भावुक हो उठे। कई भक्तों की आंखों से आंसू छलक पड़े। हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं ने बप्पा से अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना की। माहौल ऐसा हो गया, जैसे परिवार के किसी प्रिय सदस्य को विदाई दी जा रही हो।

नारायण के दस अवतारों के साथ भक्तों को दिव्य स्वरूप में दर्शन दिए गणपति बप्पा

प्रयागराज । नगर के मलाकराज में चल रहे 16वें गणेश महोत्सव के दसवें दिन गणपति बप्पा का विशेष शृंगार किया गया। नवयुवक संघ गणेश पूजन समिति के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में भगवान गणेश ने नारायण के दस अवतारों के साथ भक्तों को दिव्य स्वरूप में दर्शन दिए। बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजन और आरती में शामिल हुए और गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम छह बजे समिति के संयोजक सनी सोनकर ने विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के साथ आरती की गई। गणपति बप्पा को सूजी के हलवे का भोग अर्पित किया गया। जैसे ही भगवान के दिव्य स्वरूप के दर्शन हुए, पूरा पंडाल गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान गणेश के दर्शन किए। इस अवसर पर समिति के संयोजक सनी सोनकर ने गणेश महोत्सव के आयोजन में सहयोग करने वाले लोगों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। साथ ही आगामी गणेश विसर्जन को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गईं। कार्यक्रम में राजेश केसरवानी, सुशील जैन, रवि भूषण, अमित सोनकर, हिमांशु सोनकर, शुभम सागर, मोनू भारतीय, नवनीत, सौरभ और अनुज सोनकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

(बदस्त अवाम फरोख्त के लिए)

इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्रर समाआत अपील की जाय, बअदालत श्रीमान अपर आयुक्त महोदय देवी पाटन मण्डल गोण्डा

मुकदमा नंबर-सी19980800000070 अंतर्गत धारा-27(4) उ0प्र0 अधिकतम जोत सीमा आरोपण अधिनियम 1960, जिला बहराइच

गोवर्धन बनाम बांके आदि ता. पेशी-28-09-2026 बनामः 1. छोटू 2. दिलीप कुमार पुत्रगण बांके 3. मनोज नाबालिग उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्र बांके संरक्षिका माता स्वयं मीना 4. तेजीराम 5. मलखे पुत्रगण सुन्दर निवासीगण ग्राम टेपरा चमारन पुरवा दाखिला इटहा परगना व तहसील नानपारा जिला बहराइच। मुत्तिला हो कि अपील वनाराजी डिगरी इस मुकदमे में मुसम्मी ने पेश किया और वह अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत ने तारीख 28-09-2026 वास्ते समाआत इस अपील को मुकर्रर की है। अगर खुद या आपके कोई वकील या कोई शख्स भी कानून आपकी तरफ से अपील हाजा जवाब सवालात का मजाज न हाजिरी होएगा तो उसका समाआत और तसदीक आपके गैरहाजिर में एकतरफा की जाएगी। आज बतारीख 11 महीना 09 सन 2026 ई0 को मेरे दस्तखत और मेरे अदालत से जारी किया गया।

दस्तखत हाकिम,न्यायालय अपर आयुक्त , देवी पाटन मण्डल, गोण्डा

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ. रे.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PARKING-LKO-PRG-MX-189-26-1 (Parking-Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	14.09.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	30.09.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	30.09.2026 समय 11:30 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in	

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3330/2026

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **19.10.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

1	निविदा सूचना संख्या 01002026 दिनांक 25.09.2026
2	निविदा संख्या : 08-Sr-DEN-VI-LKO-2026-27
3	कार्य का नाम : वरि. मंडल इंजीनियर-VI के कार्यक्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-उन्नाव के अंतर्गत SSE/Works/ON सेक्शन में विभिन्न कॉलोनियों और सड़कों की सालाना मरम्मत, सफेदी, पेंटिंग और नालियों की सफाई का कार्य।
4	अनुमानित लागत : रु. 1,05,59,213.95
5	धरोहर राशि : रु. 2,11,200.00
6	कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ : 05.10.2026
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 19.10.2026, 15:00 बजे
9	वेबसाईट : www.ireps.gov.in

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3359/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 19.10.2026 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	00972026 दिनांक 24.09.2026			
2	निविदा संख्या	1	11-Sr-DEN-IV-LKO-2026-27		
		2	09-SR-DEN-IV-LKO-2026-27		
3	कार्य का नाम	1	लखनऊ मंडल के अंतर्गत प्लेटफार्मों पर स्थित शौचालयों में पाइपयुक्त जलापूर्ति की व्यवस्था।		
		2	वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में एसएससी/पीवे/सुलतानपुर-द्वितीय, एसएससी/पीवे/श्रीकृष्णानगर, एसएसई/पीवे/लम्भुआ, एसएससी/पीवे/सुलतानपुर/प्रथम, एसएसई/पीवे/निहालगढ़ एवं एसएसई/पथ/उतरेटिया के पी.डब्ल्यू. आई स्टोर का सुधार कार्य।		
4	अनुमानित लागत	1	रु. 2,52,39,444.45	2	रु. 2,70,78,013.45
5	धरोहर राशि	1	रु. 5,04,800.00	2	रु. 5,41,600.00
6	कार्य की समापन अवधि	1	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।		
		2	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह।		
7	निविदा डालने का प्रारंभ	05.10.2026			
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	19.10.2026 at 15:00 hrs.			
9	वेबसाईट	www.ireps.gov.in			

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3347/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

व्यक्तिगत क्षमताओं और आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी शैक्षिक लक्ष्य तय करने की जरूरत: डॉ. कौशल शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सैन्य अस्पताल, मेरठ और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के संयुक्त सहयोग से Joint Collaborative Training Cum Screening Camp-2026 के तहत क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सैन्य अस्पताल मेरठ के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई कार्यशाला में दिव्यांगता की प्रारंभिक पहचान, स्क्रीनिंग, मूल्यांकन, हस्तक्षेप और पुनर्वास से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगता के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत विशेषज्ञों और प्रतिभागियों की क्षमता बढ़ाना था। इसके साथ ही दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समन्वित, समावेशी और व्यक्ति-केंद्रित सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना भी इसका लक्ष्य रहा। चिकित्सा, विशेष शिक्षा, पुनर्वास और सहायक सेवाओं से जुड़े विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर एस.के. सिंह (Dy GOC PUPSA & Station Commander) मुख्य अतिथि रहे। ब्रिगेडियर सी.पी. सिंह, कमांडेंट, मिलिट्री हॉस्पिटल मेरठ, कर्नल अशोक कुमार, वरिष्ठ रजिस्ट्रार, मिलिट्री हॉस्पिटल मेरठ, कर्नल एम.एस. भदौरिया, कर्नल एडमिन और कर्नल रचित शर्मा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत संबोधन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

दृष्टिबाधिता और लो विजन पर विशेष सत्र डॉ. आशीष कुमार गुप्ता और नीरज दीक्षित ने संचालित किया। इसमें दृष्टिबाधिता और लो विजन की पहचान, स्क्रीनिंग, Functional Vision के आकलन तथा दैनिक जीवन और शैक्षिक गतिविधियों पर दृष्टि संबंधी कठिनाइयों के प्रभाव की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि दिव्यांगता की समय पर पहचान और उचित हस्तक्षेप से व्यक्ति की कार्यात्मक स्वतंत्रता, शैक्षिक सहभागिता और सामाजिक समावेशन बेहतर किया जा सकता है। शैक्षिक अनुकूलन, सहायक तकनीक और पुनर्वास सेवाओं की भूमिका पर भी चर्चा हुई। श्रवण बाधिता और वाक्-भाषा संबंधी कठिनाइयों पर विशेषज्ञ सत्र वरुण कुमार ने लिया। उन्होंने श्रवण और संचार संबंधी कठिनाइयों की पहचान, संचार विकास और आवश्यक सहयोगात्मक व पुनर्वास उपायों की जानकारी दी। लोकोमोटर डिसऑर्डर, प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक आवश्यकताओं पर संत कुमार और राज कमल ने प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को गतिशीलता संबंधी कठिनाइयों, सहायक उपकरणों की आवश्यकता और प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक सेवाओं की उपयोगिता के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

स्वच्छता व्यवस्था की जानकारी लेने लखनऊ पहुंची उत्तराखंड की टीम

❒ महापौर सुषमा खर्कवाल से की मुलाकात, लखनऊ नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था और कार्यप्रणाली की ली जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में तीसरा स्थान प्राप्त करने के बाद उत्तराखंड के विभिन्न नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की टीम लखनऊ पहुंची। 23 से 25 सितंबर तक चल रहे इस भ्रमण के दौरान टीम ने लखनऊ नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था और किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

महापौर सुषमा खर्कवाल से हुई मुलाकात

उत्तराखंड से लखनऊ आई टीम ने महापौर सुषमा खर्कवाल जी से मुलाकात की। महापौर ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया तथा लखनऊ में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों और अनुभवों की जानकारी साझा की। इस दौरान घर-घर कूड़ा उठाने, कूड़े को घर पर ही अलग करने, पुराने कूड़े के निस्तारण, गंदे पानी के प्रबंधन और कूड़े से उपयोगी वस्तुएं तैयार करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष श्री सुशील तिवारी 'पम्मी' जी, नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार जी, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव जी समेत नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तराखंड के विभिन्न नगर निकायों के प्रतिनिधि रहे शामिल

उत्तराखंड से आई टीम में महापौर, नगर निगम अल्मोड़ा श्री अजय वर्मा; प्रभारी सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम काशीपुर विनोद लाल, अवर अभियंता, नगर पालिका परिषद गंगोलीहाट सचिन कुमार उप्रेती, अवर अभियंता, नगर पालिका परिषद भवाली सौरभ बिष्ट, सफाई निरीक्षक, नगर पालिका परिषद भीमताल मुकुल कुमार, सफाई निरीक्षक, नगर निगम हल्द्वानी कार्तिक कुमार, सफाई निरीक्षक, नगर निगम काशीपुर मो. इकबाल हुसैन, सफाई निरीक्षक, नगर पालिका परिषद नैनीताल आकाश कुमार, सफाई निरीक्षक, नगर पालिका परिषद रामनगर सुधेश कुमार, सफाई निरीक्षक, नगर निगम रुद्रपुर आशीष शर्मा, पार्षद, नगर निगम हल्द्वानी धीरज पाण्डे, पार्षद, नगर निगम हल्द्वानी राजेश पंत, सिटी मिशन मैनेजर, नगर निगम हल्द्वानी डॉ. आई.पी. पंत, अवर अभियंता, नगर पालिका परिषद नैनीताल, विपिन चन्द्र तथा पर्यावरण अभियंता, नगर निगम काशीपुर प्रमोद जोशी शामिल रहे।

ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल में नवीन आकस्मिक चिकित्सा भवन का शिलान्यास

❒ विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि नए भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों को मिलेंगीं बेहतर चिकित्सा सुविधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी के ठाकुरगंज स्थित टी.बी. सह संयुक्त चिकित्सालय में नवीन आकस्मिक चिकित्सा भवन के निर्माण हेतु आज मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने शिलान्यास कर भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर निदेशक डॉ. जी.पी. गुप्ता तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद त्रिपाठी सहित अस्पताल के चिकित्सक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

शिलान्यास के दौरान विधायक डॉ. नीरज बोरा ने अपने संबोधन में कहा कि नवीन आकस्मिक चिकित्सा भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण आकस्मिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से नवीन आकस्मिक चिकित्सा भवन का निर्माण कराया जा रहा है। नए भवन के तैयार होने से अस्पताल की आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को भी कार्य करने के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।

नवीन आकस्मिक चिकित्सा भवन का निर्माण कार्यदायी संस्था यू.पी. प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा।कार्यक्रम में पार्षद सी.बी. सिंह, मंडल अध्यक्ष दया पांडेय, अनूप सिंह, सतीश शर्मा, जे.पी. मिश्रा, सुशील तिवारी, विशाल गुप्ता, जीवन लाला, उषा अग्रवाल, दुर्गेश पाण्डेय, रितेश कन्नौजिया, ऋषि कपूर, कृपा शंकर मिश्रा, सौरभ मिश्रा सहित अस्पताल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष का लखनऊ में 27 सितंबर से होगा शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा श्रद्धेय अशोक सिंघल जी के जन्म शताब्दी वर्ष को व्यापक सामाजिक एवं राष्ट्रजागरण के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पूरे वर्ष देशभर में विभिन्न सेवा, जनजागरण एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में इसका औपचारिक शुभारंभ 27 सितंबर 2026 को अपराह्न 2:30 बजे एख्रट्ट, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम से होगा।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि तथा विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। विश्व हिन्दू परिषद के अनुसार श्रद्धेय अशोक सिंघल जी ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन को देशव्यापी स्वरूप देने, संत समाज, धार्मिक संगठनों और रामभक्तों के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपना जीवन हिन्दू समाज के संगठन, भारतीय संस्कृति, धर्म एवं आध्यात्मिक चेतना के जागरण तथा समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने के कार्य में समर्पित किया। जन्म शताब्दी वर्ष के दौरान सेवा कार्यों के विस्तार, वेद विद्यालयों के संरक्षण एवं संवर्धन, सामाजिक समरसता, गौरक्षा, संस्कार निर्माण तथा युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में वर्षभर कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और सामाजिक जागरण से जुड़े कार्यों को भी व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। विहिप का प्रयास है कि जन्म शताब्दी वर्ष के माध्यम से श्रद्धेय अशोक सिंघल जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा, संस्कार, संगठन और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ा जाए। उद्घाटन कार्यक्रम में संतों, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों, विहिप पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रहेगी।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पश्चिम मण्डल दो में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन

❒ महिला मोर्चा पूर्व मण्डल अध्यक्ष पुष्पा सिंह अपनी टीम के साथ रही उपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पश्चिम मण्डल-2 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बालागंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान किया गया एवं माताओं से पोषण एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष महिला कल्याण निगम, उत्तर प्रदेश सरकार, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कमलावती सिंह, मंडल अध्यक्ष विमल चौधरी, संयोजक दीपाली तिवारी, सह संयोजक ममता सिंह, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा सिंह, नोडल अधिकारी ललिता बाजपेयी, सह-नोडल अधिकारी रेखा सिंह, देवेंद्र पटेल, अनुज द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

गुरुवार सायं से हो रही बरसात से खरीफ फसलों को भारी नुकसान

लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता। माल क्षेत्र में गुरुवार सायं से हो रही बरसात से खरीफ फसलों को भारी नुकसान होने कीआशंका किसानों को सताने लगी है। चौबीस घंटे से अधिक समय से लगातार हो रही तेज हवाओं और बरसात से खेतों में खड़ी धान की फसल जमीन पर बिछ गयी है। तेज हवाओं के साथ लगातार चौबीस घंटों से साधिक समय से हो रही बरसात ने किसानों की नींद उड़ा दी है। तेज हवाओं के चलते सैकड़ों बीघे धान जमीन पर बिछ गया है। साथ ही तिल्ली और उर्द की जिसका भी भारी नुकसान होने की आशंका किसानों को सताने लगी है।कारण की तिल्ली की फसलें लगभग तैयारी की स्थिति में खड़ी हैं। तिल्ली कहीं कहीं कटने की स्थिति में है, पानी भर जाने से उसको नुकसान पहुंचाने की स्थिति बन गयी है। वहीं कई किसानों के धान पक कर काटने वाले थे जो तेज हवाओं के चलते गिर गये हैं। जिससे धान की बालियां जमीन पर गिरने से धन के जमने की संभावना प्रबल हो गयी है। उर्द कई खेतों में पकने लगा था जिसकी फलियों के सड़ने की भी संभावना बढ़ गयी है और जहां पिछैता उर्द बोया गया था वहां पानी भरने से पौधों के सड़ने और जहां फूल रहा है वहां फूल झड़ने की संभावना बढ़ गई है। जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका किसानों को सताने लगी है। जबकि इस बरसात से देरी से रोपाई किए गए धान फसल को अरहर और फल पट्टी क्षेत्र में आम बागानों के लिए पानी अमृत साबित होगा।

अभिनेत्री सारा खान की मौजूदगी से सजा ''गोल्डन गाला अवार्ड, कई विभूतियां हुईं सम्मानित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नव अंशिका फाउंडेशन के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर गोमती नगर स्थित होटल में केक काटकर सीजन-3 'गोल्डन गाला अवार्ड 2026' का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में टीवी अभिनेत्री सारा खान सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान सारा खान की मौजूदगी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। इस मौके पर अभिनेत्री सारा खान ने कहा कि इंसानियत का धर्म सबसे बड़ा है। इसी संदेश को लेकर वह गंगा-जमुनी तहजीब के शहर लखनऊ पहुंची हैं। उन्होंने सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और समानता की भावना को मजबूत करना जरूरी है। फाउंडेशन की निदेशिका नीशू त्यागी की परिकल्पना एवं निर्देशन में आयोजित समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयोजित इलेक्ट्रिफाइंग कल्चरल शो ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम में नक्षत्र होटल के नीरज, दबीर सिद्दीकी समेत कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। समारोह ने सामाजिक समावेश, कला, संस्कृति और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने का संदेश दिया। समारोह में एचबीएन इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक मोहम्मद बदर, सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर ओमदीप मोतियानी, मिठाई वाला के मालिक मयंक जयसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभिनेत्री पायल सिंह, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सचिवालय शाखा के मैनेजर शेखर पांडे, मिज़ू लेज़र एंड ट्रेडिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की निदेशिका प्रियंका यादव, अंतरराष्ट्रीय कथक गुरु पंडित अनुज मिश्रा, आर्ट प्रमोटर जगमोहन रावत सहित संजय सिंह, अनामिका सिंह और उर्वशी तिवारी को भी सम्मानित किया गया। समारोह में नव अंशिका प्राइड अवार्ड से मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि में रमेश गुप्ता व राकेश कुमार पांडेय को सम्मानित किया गया। इसके अलावा नीरा लोहानी, पूनम पांडेय, प्रिया गुप्ता, समीर कुरैशी, अनूप मिश्रा अपूर्व, आकिब कमाल, परवेज आलमगीर, मोहम्मद सफीर सिद्दीकी, सुल्तान शहरयार खान, पूनम लता, कामरान खान, विजयलक्ष्मी गौतम, नीलम गौतम, अंशिका मिश्रा, डॉ. नवल किशोर त्रिपाठी, पंकज श्रीवास्तव, प्रवीण जायसवाल, धीरेन्द्र मिश्र, एस सी मिश्रा, अमित कृष्णा, नील मोहन, नितेश कुमार राज, रहीम जमाल, प्रियंका सिंह रघुवंशी, नितेश चौहान, अंकुर यादव, अमन परिहार, मिस्टर आर्यन, अनिरुद्ध चौहान, डॉ. अरुण कुमार, अनूप त्रिपाठी, चंदन, अन्नू भाई, सीमा सिंह, रोहित सिंह, आमिर मुख्तार, तन्वी त्रिपाठी, मंजू बिष्ट, हिमांशु द्विवेदी और पंकज समेत अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई, जल संरक्षण का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ । बख्शी का तालाब विकास खण्ड अंतर्गत कठवारा-1 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर शुक्रवार को साड़ी वितरण, गोदभराई और जल संचयन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उदयभान सिंह की अध्यक्षता में हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कीर्ति सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि सुपरवाइजर शैलजा मिश्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां संपन्न कराई गईं।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को साड़ियों का वितरण किया। इसके बाद केंद्र पर गर्भवती लाभार्थी की पारंपरिक रीति-रिवाज से गोदभराई की रस्म कराई गई। इस दौरान गर्भवती महिला को पोषण पोटली भी प्रदान की गई।कार्यक्रम में महिलाओं को जल संचयन और जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। ग्रामीण महिलाओं से पानी की बर्बादी रोकने और वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं के साथ आशा बहनों और ग्रामीण महिलाओं ने भी सहभागिता की। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।

लखनऊ में होगा फार्मा विजन का राष्ट्रीय अधिवेशन, फार्मेसी से जुड़े देश भर के प्रतिनिधि होंगे शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ यह जानकारी फार्माविजन के राष्ट्रीय संयोजक अपूर्व नन्दी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) अवध प्रांत कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी

लखनऊ । फार्माविजन का 13वां राष्ट्रीय अधिवेशन डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में 26 व 27 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से फार्मेसी एवं संबंधित क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रांतों से 779 प्रतिभागी शामिल होंगे, जिनमें 465 छात्र एवं 311 छात्राएँ शामिल हैं। नेपाल से भी प्रतिनिधिमंडल इस अधिवेशन में सहभागिता करेगा।

यह जानकारी फार्माविजन के राष्ट्रीय संयोजक अपूर्व नन्दी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) अवध प्रांत कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। प्रेस वार्ता में आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्देश्य, प्रमुख विषयों, कार्यक्रम एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा की गई।

अपूर्व नंदी ने कहा कि फार्माविजन फार्मेसी विद्यार्थियों का एक अखिल भारतीय मंच है जिसकी शुरुआत विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से आगे सोचने, सक्रिय एवं जागरूक बनाने तथा फार्मेसी शिक्षा, अनुसंधान और भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सामूहिक रूप से योगदान देने के उद्देश्य से की गई थी। राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि अधिवेशन का प्रमुख उद्देश्य फार्मेसी शिक्षा, विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक आवश्यकताओं तथा फार्मेसी क्षेत्र से जुड़े समसामयिक विषयों पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देना है। अधिवेशन के माध्यम से विद्यार्थियों , शोध छात्र एवं विशेषज्ञों को विचार-विमर्श और अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान क्विज प्रतियोगिता, मॉडल प्रस्तुतिकरण ,पोस्टर प्रस्तुतीकरण, फार्माप्रेन्योर , फार्माथान, युवा संसद(यूथ पार्लियामेंट), काउंसलर आयोजित किए जाएंगे। इसमें फार्मेसी शिक्षा, विद्यार्थियों से जुड़े विषयों तथा क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा प्रस्तावित है।

इस अवसर पर अभाविप के प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा ने कहा कि फार्माविजन का 13वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन इस वर्ष अवध प्रांत के उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रहा है। यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि देशभर से फार्मेसी क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थी, शिक्षक, विशेषज्ञ और प्रतिनिधि इस राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता करने के लिए लखनऊ आ रहे हैं। 26 और 27 सितंबर को आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय अधिवेशन में देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले प्रतिभागियों का हम स्वागत करते है। प्रेस वार्ता में फार्माविजन के राष्ट्रीय सहसंयोजिका श्रेया, संयोजक प्रियांशु पाठक और अवध प्रांत संयोजक आकाश माथुर एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

'वंदेमातरम' गीत देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय चेतना की भावना का संचार करता है: प्रो. सुनीता मिश्रा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हिंदी प्रकोष्ठ की ओर से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने की। इसके अतिरिक्त मंच पर शिक्षा विभाग, बीबीएयू के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल, स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक अनुपम श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजन समिति की ओर से मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। सर्वप्रथम डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया एवं सभी को कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रुपरेखा से अवगत कराया। विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं राष्ट्रहित में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके विचारों और योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने देश और समाज के हित को सर्वोपरि रखते हुए अपने जीवन को राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त प्रो. मिश्रा ने 'वंदे मातरम्' के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि यह गीत देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय चेतना की भावना का संचार करता है। 'वंदे मातरम्' ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में लोगों में देश के प्रति समर्पण और एकजुटता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षा विभाग, बीबीएयू के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. राज शरण शाही ने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय का शैक्षणिक चिंतन' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय शिक्षा एवं संस्कृति की मूल भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का आदर्श सदैव प्रेम, परस्पर सामंजस्य और जनकल्याण पर आधारित रहा है। इसके विपरीत, उन्होंने पश्चिमी संस्कृति के केंद्र में बाजार और शोषण की प्रवृत्ति को रेखांकित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति का मूल आधार जनकल्याण और पोषण है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के शैक्षणिक चिंतन के संदर्भ में शिक्षा को समाज और राष्ट्र के विकास से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. शाही ने कहा कि मैकाले की शिक्षा व्यवस्था के प्रभाव से भारतीय शिक्षा के स्वरूप में व्यापक परिवर्तन आया, जिसके बाद शिक्षा और समाज के समक्ष अनेक चुनौतियां उभरीं। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए भाषा के विकास और भारतीय भाषाओं को सशक्त बनाने को महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

मध्य कमान योग चैंपियनशिप में अग्निवीर कार्तिक शर्मा प्रथम विजेता

कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । मध्य कमान योग चैंपियनशिप 2026 का शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में सफलतापूर्वक समापन हुआ। चैंपियनशिप में मध्य कमान की विभिन्न फॉर्मेशनों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शारीरिक दक्षता, संतुलन, लचीलापन, सटीकता एवं अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में पारंपरिक योग, आर्टिस्टिक सिंगल, रिदमिक पेयर, आर्टिस्टिक पेयर, पारंपरिक ग्रुप और आर्टिस्टिक ग्रुप सहित छह स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने अपने कौशल, समन्वय और टीम भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अग्निवीर कार्तिक शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह चैंपियनशिप भारतीय सेना द्वारा अपने सैनिकों के समग्र शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। योग शारीरिक क्षमता, लचीलापन, एकाग्रता और आंतरिक संतुलन को बढ़ाने के साथ सैनिकों में सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता एवं समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चैंपियनशिप ने मध्य कमान की विभिन्न फॉर्मेशनों के प्रतिभागियों को अपनी योग दक्षता प्रदर्शित करने और अनुभव साझा करने के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान किया। साथ ही इस आयोजन ने स्वस्थ एवं अनुशासित सैन्य जीवनशैली के अभिन्न अंग के रूप में योग के महत्व को भी रेखांकित किया।

11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित इस चैंपियनशिप के सफल समापन ने सैनिकों में शारीरिक उत्कृष्टता, मानसिक दृढ़ता और प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझने की क्षमता को निरंतर विकसित करने के प्रति मध्य कमान की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया है।

शराब के नशे में महिला से दुराचार के बाद हत्या का आरोप, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददात

❒ सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी व स्थानीय सूचना के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस ने दबोचा, शव घर के पीछे अंधेरे में फेंकने की बात कबूली

मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में महिला के साथ दुराचार के बाद हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपित महिला के साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान विवाद के बाद उन्होंने महिला के साथ गलत काम किया और उसके विरोध करने पर मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद शव को घर के पीछे अंधेरे में फेंक दिया गया।पुलिस के अनुसार, बीते गुरुवार को मृतका के बेटे ने नामजद आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर मोहनलालगंज थाने में बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। मामले के खुलासे के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देश पर टीम गठित की गई।पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों, मैनुअल साक्ष्य और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से पदमिनखेड़ा मजरा हुलासखेड़ा निवासी राजेश उर्फ गुड्डू और हरिराम रावत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे दोनों महिला के साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान उनके बीच विवाद हुआ। आरोप है कि शराब के नशे में दोनों ने महिला के साथ दुराचार किया। महिला के चिल्लाने पर उसकी पिटाई की गई, जिससे वह लोहे की चारपाई के पाये पर गिर गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद दोनों ने शव को घर के पीछे अंधेरे में डाल दिया।गिरफ्तार आरोपितों में राजेश उर्फ गुड्डू पुत्र राम प्रसाद निवासी पदमिनखेड़ा मजरा हुलासखेड़ा, तथा हरिराम रावत पुत्र बुधई निवासी पदमिनखेड़ा मजरा हुलासखेड़ा, शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना भी जरूरी: अरविंद सिंह

❒ केआर पेपर मिल में श्रमिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। श्रम विभाग द्वारा केआर पेपर मिल पिपरौला में श्रमिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चिकित्सा शिविर में दंत रोग, अस्थि एवं जोड़ रोग, त्वचा रोग, जनरल फीजिशियन आदि के विशेषज्ञ टीमों ने श्रमिकों, कर्मचारियों की बीपी, शुगर, रक्त की जांच, ईसीजी, आंख,कान,गले आदि की जांच की और जांचोपरान्त श्रमिकों को स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। इस दौरान विधायक अरविंद कुमार सिंह ने श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना भी जरूरी है। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें तथा पात्रतानुसार शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। शिविर में श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें श्रम विभाग की योजनाओं से जोड़ने एवं उनके अधिकारों तथा कल्याणकारी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में सहायक श्रम आयुक्त केके गुप्ता, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश कुमार सिंह, नागेन्द्र त्रिपाठी, केआर पेपर मिल के डायरेक्टर राजगोपाल अग्रवाल, विकास गुप्ता, जेपी गुप्ता, अतुल गुप्ता, आरके सैनी, सुरेन्द्र शर्मा, पीके गुप्ता, आकाश मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के डॉक्टर, ईएसआईएस के डाक्टर, वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज का स्टाफ आदि मौजूद रहे।

शहर में ई-रिक्शा चोरी की वारदातों का खुलासा

❒ पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार, चोरी के 02 ई-रिक्शा किये बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गए 02 ई-रिक्शा बरामद किए।

शुक्रवार को थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज निवासी अमित वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर ई-रिक्शा चोरी करने की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई। इससे पहले 24 सितम्बर को थाना निगोही क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी विशाल कुमार ने और 22 अगस्त को थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव पसीगनपुर निवासी धर्मेन्द्र राठौर ने भी पुवायां थाने में ई-रिक्शा चोरी किए जाने की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई थी। वादियों का आरोप था कि उनको बंधक बनाकर ई-रिक्शा जबरन चोरी कर लिया गया। इसी क्रम में पुलिस विवेचना में थाना तिलहर के सरोवरनगर निवासी अजीत कश्यप का नाम प्रकाश में आया। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धारा पुल के पास से अभियुक्त अजीत कश्यप को गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही से पुलिस ने चोरी किए गए 02 ई-रिक्शा बरामद किए। पुलिस ने अभियुक्त अजीत कश्यप के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक श्यामवीर सिंह और संजीव कुमार के साथ कांस्टेबल शिवकुमार, सुधीर व अनुज शर्मा मौजूद रहे।

38,736 निर्माण श्रमिक परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर : जिलाधिकारी

देवरिया। जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत बीओसीडब्ल्यू में पंजीकृत 38,736 निर्माण श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पात्र श्रमिक परिवारों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ कार्ययोजना पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पात्र निर्माण श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर जल्द बनाए जाएं, ताकि कोई भी परिवार स्वास्थ्य सुरक्षा की सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए स्वास्थ्य, श्रम और ग्राम्य विकास विभाग के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने को कहा।

बीएस पब्लिक स्कूल ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गणेश चतुर्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका शालिनी अग्रवाल एवं निदेशक तुषार अग्रवाल, प्रधानाचार्य एससी रॉय, उपप्रधानाचार्य अखिलेश सिंह तथा समन्वयक राजीव सिंह ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया

शाहजहांपुर। बीएस पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं त्योहारों के महत्व से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका शालिनी अग्रवाल एवं निदेशक तुषार अग्रवाल, प्रधानाचार्य एससी रॉय, उपप्रधानाचार्य अखिलेश सिंह तथा समन्वयक राजीव सिंह ने संयुक्त रूप से भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना से किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने भगवान गणेश की सुंदर वंदना प्रस्तुत की। साथ ही ने भजन, नृत्य तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गणेश चतुर्थी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भगवान गणेश के स्वरूप, उनके गुणों तथा भारतीय संस्कृति में उनके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि भगवान गणेश को ज्ञान, बुद्धि, विवेक एवं शुभारंभ का प्रतीक माना जाता है। गणेश चतुर्थी हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने तथा अच्छे संस्कारों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देती है। विद्यालय की निदेशिका शालिनी अग्रवाल एवं निदेशक तुषार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है। प्रधानाचार्य एससी रॉय ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उप-प्रधानाचार्य अखिलेश सिंह एवं समन्वयक राजीव सिंह ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में भगवान गणेश की आरती की गई तथा प्रसाद वितरित हुआ। समापन गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से हुआ। उत्साह और उमंग से भरे इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, परंपरा और संस्कारों से जुड़ने का सुंदर अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित, राधा, सुम्बुल, फौजिया, अमित, राजू, श्रुति, नेहा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

हमीरपुर में 12वीं के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के मुस्करा के गहरौली गांव मे एक बारहवीं के छात्र ने अपने घर पर फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। शुक्रवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया हैं! थाना प्रभारी रामआसरे सरोज ने बताया कि मुस्करा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम गहरौली के मोहल्ला हरहर निवासी रामनारायण वर्मा के 18 वर्षीय पुत्र आशीष ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर साड़ी से फांसी का फंदा बना आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। पिता और उसकी मां तथा अन्य भाई समेत दिल्ली में रोजी रोटी कमाने के लिए गए हुए थे। आशीष अपने बड़े पापा के यहां रहकर गोविंद इंटर कॉलेज में 12वी की पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार को उसने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव फांसी के फंदे से उतार कर कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया गया। घटना के संबंध में दिल्ली में रह रहे मृतक के माता-पिता को भी सूचना दे दी गई है। उनके आने के उपरांत ही मृतक के शव का पंचनामा भर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस आत्महत्या के स्पष्ट कारण जानने में जुटी हुई है।

मछरेहटा पुलिस का बड़ा एक्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मछरेहटा पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन मामलों में कुल तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। वहीं चोरी के माल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अवैध असलहा व कारतूस बरामद किए गए।

एक अभियुक्त गिरफ्तार, छोटा हाथी सीज

मछरेहटा पुलिस टीम ने 24 सितंबर 2026 को मु0अ0सं0 184/26 से संबंधित रोहित कुमार पुत्र दिनेश उर्फ तारा, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी मोहल्ला कजियारा, कस्बा व थाना मछरेहटा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से कागजात न होने पर एक अदद छोटा हाथी वाहन संख्या ठघ34क्ढ9761 को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया। अभियुक्त का चालान धारा 170/126/135 बीएनएसएस में किया गया।

तीन वारंटी भी गिरफ्तार

25 सितंबर को मछरेहटा पुलिस टीम ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में सरवन पुत्र स्व. जौधे, संतोष पुत्र सरवन तथा बिठौ पत्नी सरवन, निवासीगण दरिखनहरा, थाना मछरेहटा को गिरफ्तार किया। संबंधित मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय भेजा जा रहा है।

चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार

मछरेहटा पुलिस ने 24 सितंबर को कमलेश पुत्र बलराम, निवासी ग्राम पैंदापुर रघुनाथपुर, थाना मछरेहटा तथा बृजकिशोर पुत्र रामकुमार, निवासी ग्राम बम्हेरा, थाना कमलापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद हुआ, जिसमें चोरी की हथौड़ी, छैनी, पेचकस, प्लास, वायर कटर, ग्लाइंडर मशीन, ब्लेड, समरसेबल पंप, समर पंखा, खुला समरसेबल सेट, कॉपर तार, केबल सहित अन्य सामान शामिल है। इसके साथ ही पुलिस ने एक देशी तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 12 बोर, सील सर्व मोहर तथा मोटरसाइकिल भी बरामद की। इस संबंध में थाना मछरेहटा में मु0अ0सं0 226/2026 धारा 317(2) बीएनएस एवं धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक इरशाद अहमद, गजेन्द्र राम खरवार, कलीम अहमद खां, हेड कांस्टेबल विवेक रावत सहित पुलिस टीम शामिल रही।

नवरात्र की तैयारियों और मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा

मीरजापुर । नवरात्र मेले की तैयारियों, मंडलीय विकास कार्यों, लंबित परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए मंडलायुक्त राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें मेले से पहले सड़कों की मरम्मत, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। मंडलायुक्त ने मीरजापुर और विंध्याचल की सड़कों की मरम्मत नवरात्र शुरू होने से पहले पूरी कराने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, एनएच, जल निगम और नगर निकायों के अधिकारियों से सड़क कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। जल निगम नगरीय को नवरात्र तक नए स्थानों पर सड़क की खुदाई नहीं करने तथा पहले से खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने को कहा गया। काम में देरी होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई। भरूहना चौराहे से विंध्याचल-अष्टभुजा मार्ग की खराब स्थिति पर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बताया कि संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की संस्तुति भेजी गई है। मंडलायुक्त ने एनएच के प्रोजेक्ट मैनेजर को नए ठेकेदार की व्यवस्था कर सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

थारू अंचल में गूंजा संस्कार और संस्कृति का संदेश, डीएम बोले-यही बच्चे गढ़ेंगे देश का भविष्य

❒ मोबाइल की दुनिया से बाहर निकल लक्ष्य पर साधें नजर, संस्कृति की जड़ों से जुड़कर ही मिलेगी नई उड़ान; सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । तराई के थारू अंचल में बच्चों की प्रतिभा, संस्कार और संस्कृति का रंग दिखाई दिया। मौका था चंदन चौकी स्थित प्रताप नारायण मिश्र स्मारक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित थारू जनजाति के मध्य युवा संवाद कार्यक्रम का। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि संस्कार, भाषा और संस्कृति केवल पहचान नहीं, बल्कि राष्ट्र की मजबूत नींव हैं। अपनी जड़ों से जुड़कर ही बच्चे देश का मजबूत भविष्य बन सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह ने शिक्षाविद नीरज सिंह और प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक और नृत्य प्रस्तुतियां देकर माहौल को जीवंत कर दिया। थारू अंचल की धरती पर संस्कृति और प्रतिभा का यह संगम कार्यक्रम का खास आकर्षण रहा।

प्रतिभा को मिला सम्मान, छात्रावास में बांटे कंबल

प्रांत स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को डीएम ने सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को कंबल भी वितरित किए गए। डीएम ने बच्चों के अनुशासन, संस्कार और सांस्कृतिक जुड़ाव की सराहना करते हुए कहा कि सुदूर क्षेत्र में रहकर भी विद्यार्थियों का अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखना प्रेरणादायी है।

मोबाइल की चमक नहीं, लक्ष्य की रोशनी जरूरी

युवाओं से संवाद करते हुए डीएम ने कहा कि छात्र जीवन ऊर्जा और संभावनाओं से भरा होता है। यही समय भविष्य की दिशा तय करता है। मोबाइल और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में अनावश्यक समय गंवाने के बजाय विद्यार्थी अपने लक्ष्य, अध्ययन और आत्मविकास पर ध्यान दें। लक्ष्य स्पष्ट होगा तो मेहनत सही दिशा में होगी और सफलता की राह भी आसान होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, साहस, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कहा कि अपनी भाषा, संस्कृति और संस्कारों पर गर्व करने वाला युवा ही आत्मविश्वास के साथ देश और समाज को नई दिशा दे सकता है। जड़ों से जुड़े रहो, आसमान छूने का हौसला रखो

डीएम के संबोधन में युवाओं को संदेश साफ था-आधुनिक बनो, लेकिन अपनी जड़ों को मत भूलो। तकनीक का इस्तेमाल करो, लेकिन उसके गुलाम मत बनो। लक्ष्य बड़ा रखो और उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास करो। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष फूलचंद राणा, प्रबंधक सलिल अग्रवाल, प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव सहित गणमान्य नागरिक, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, लखनऊ रेफर

बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसवां कोतवाली क्षेत्र में लहरपुर रोड पर इंडियन बैंक के पास गुरुवार रात्रि तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप (डाला) ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि मोहल्ला झज्झर निवासी सुनील गौतम पुत्र हुसैनी लाल बाइक से लहरपुर रोड की ओर से बिसवां की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही अज्ञात पिकअप से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में सुनील सड़क किनारे गंभीर अवस्था में घायल पड़े मिले। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और फरार वाहन की तलाश की जा रही है।

हेल्थकेयर के लिए डेटा साइंस पर इंटीग्रेटिव न्यूरोफिजियोलॉजी लेबोरेटरी और डीएचआर- एचआरडी नेशनल वर्कशॉप का उद्घाटन

रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक और सीईओ, प्रो. (डॉ.) अमिता जैन ने 24 सितंबर 2026 को लेक्चर थिएटर, ग्राउंड फ्लोर पर फिजियोलॉजी विभाग की इंटीग्रेटिव न्यूरोफिजियोलॉजी लेबोरेटरी (क्रागख्र) का उद्घाटन किया और 24 से 26 सितंबर 2026 तक आयोजित ''हेल्थकेयर के लिए डेटा साइंस'' पर नेशनल हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप की शुरुआत की।समारोह की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इंटीग्रेटिव न्यूरोफिजियोलॉजी लेबोरेटरी की स्थापना इवोक्ड पोटेंशियल, इलेक्ट्रो एन्सेफालोग्राफी और ऑटोनोमिक सिग्नल के माध्यम से मस्तिष्क की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के लिए की गई है, जिसमें आघात, माइग्रेन, मिर्गी और मेटाबोलिक बीमारी में संज्ञानात्मक बदलाव का जल्द और सटीक पता लगाने पर ध्यान दिया गया है। यह संस्थान के हर नैदानिक विभाग और स्नातकोत्तर व डॉक्टरेट छात्रों के लिए खुला है। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय वर्कशॉप में आर एवं पायथन में एक्सपर्ट लेक्चर और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसमें डेटा क्लीनिंग और विज़ुअलाइज़ेशन, बायोस्टैटिस्टिक्स और सर्वाइवल एनालिसिस, बायोमेडिकल सिग्नल प्रोसेसिंग और मशीन लर्निंग शामिल हैं। आर एवं पायथन दो सबसे प्रमुख ओपन-सोर्स प्रोग्रामिंग भाषाएँ हैं। कार्यशाला में आईआई टी इंदौर, आईआईटी कानपुर, आईआईआईटी -दिल्ली, एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ और सीबीएमआर लखनऊ से निशेषज्ञ वक्ताएं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन फिजियोलॉजी विभाग की इंटीग्रेटिव न्यूरो फिजियो लॉजी लैब द्वारा किया गया था, जिसके आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) प्रबल जोशी और आयोजन सचिव डॉ. अरबिंद कुमार चौधरी थे, जबकि रजिस्ट्रार डॉ. संजय यादव समन्वयक रहे।

धौरहरा सीएचसी में पहली बार सिजेरियन प्रसव, ऑपरेशन से गूंजी किलकारी

❒ जिले की सभी तहसीलों में शुरू हुई सिजेरियन प्रसव की सुविधा, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, लखीमपुर खीरी। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में गुरुवार 24 सितंबर को धौरहरा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि सामने आई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा में पहली बार सफल सिजेरियन प्रसव कराया गया। सीएमओ डॉ. संतोष कुमार गुप्ता के निर्देशन में हुई इस सफलता के साथ अब जिले की सभी तहसील स्तर की स्वास्थ्य इकाइयों में सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

सीएमओ डॉ. संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि रामनगर लहाबड़ी निवासी जासमीन पत्नी रविउल्ला का सीएचसी धौरहरा में सफल सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। नवजात का वजन 2970 ग्राम बताया गया है। फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं।

सात एफआरयू पर उपलब्ध हुई ऑपरेशन की सुविधा

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जनपद में अब सात प्रथम संदर्भन इकाइयां सक्रिय हैं। जिला महिला चिकित्सालय के अलावा सीएचसी निघासन, गोला, पलिया, मोहम्मदी और मितौली में पहले से सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध थी। अब धौरहरा सीएचसी के जुड़ने से जिले की सभी तहसील स्तर की इकाइयों पर यह सुविधा उपलब्ध हो गई है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. रवि कुमार सिंह के प्रयासों से शुरू हुई इस सुविधा के पहले ऑपरेशन में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सर्जन डॉ. नमरा मुईद, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. शिव पूजन अवस्थी, डॉ. संतोष निराला और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. फरहान हाशमी की टीम ने सफल ऑपरेशन किया। फार्मासिस्ट नवीन वर्मा, स्टाफ नर्स रजनी वी. नायर, आरती देवी और सहयोगी राजवीर ने भी सहयोग किया।

दूर नहीं जाना पड़ेगा, स्थानीय स्तर पर मिलेगी सुविधा

सीएचसी अधीक्षक डॉ. रवि कुमार सिंह ने बताया कि अब धौरहरा सीएचसी में सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध रहेगी। इससे धौरहरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान जटिलता होने पर उपचार के लिए दूर के अस्पतालों अथवा निजी नर्सिंग होम पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर यह सुविधा शुरू होने से क्षेत्र की महिलाओं को समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने के साथ ही आने-जाने में होने वाली परेशानी और अतिरिक्त खर्च से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बीती 11 अप्रैल 2026 को एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप था कि थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र श्यामलाल आदि ने उसकी जमीन के फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और धोखाधड़ी कर उसकी जमीन की वसीयत कराई और उसकी जमीन बेच दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी राजेन्द्र कुमार सहित 04 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। शुक्रवार को थाना सदर बाजार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने के मामले में वांछित अभियुक्त लोधीपुल के पास खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अभियुक्त राजेन्द्र कुमार को हिरासत में लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त राजेन्द्र कुमार के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक सचिन भारती के साथ कांस्टेबल हरकेश सिंह मौजूद रहे।

अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना ही अंत्योदयः लालबहादुर सरोज

मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। । भारतीय जनता पार्टी के बरौंधा कचार स्थित सभागार में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 'सेवा संकल्प' के तहत संगोष्ठी और कार्यकर्ता संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों, विशेषकर अंत्योदय और एकात्म मानववाद पर चर्चा हुई। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज ने की। सरोज ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन में अंत्योदय का विशेष स्थान था। उनका विचार था कि नीतियों और विकास का लाभ समाज के सबसे गरीब, कमजोर और वंचित व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इसी भावना के साथ समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच काम करने की बात कही। मुख्य अतिथि एवं काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद भारतीय संस्कृति और सामाजिक जीवन में संतुलन तथा समरसता की बात करता है। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के सादगीपूर्ण जीवन और संगठन के प्रति समर्पण का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इससे पहले मुकेरी बाजार स्थित उनकी प्रतिमा की सफाई कर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया और मिष्ठान वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ. सीएल बिंद ने किया। इस दौरान विद्याधर तिवारी, रमाशंकर सिंह पटेल, रत्नाकर मिश्र, अनुराग सिंह, शुचिस्मिता मौर्या, श्यामसुंदर केसरी, जगदीश सिंह पटेल समेत जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मतदेय स्थलों के प्रस्ताव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ निर्वाचन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार जनपद में मतदेय स्थल संख्या 26 से 35 तक कुल 10 प्रस्तावित मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं

बदायूँ। बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत मतदेय स्थलों के प्रस्ताव राजनीतिक दलों की सहमति से तैयार किए जाने के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने की।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दिनेश सिंह राठौर, समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र शेखूपुर अध्यक्ष अशोक यादव, कांग्रेस के प्रतिनिधि आशीष यादव, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह, बहुजन समाज पार्टी के मंडल प्रभारी आर.पी. त्यागी एडवोकेट तथा प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जनपद में प्रस्तावित मतदेय स्थलों एवं संबंधित मतदान क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित मतदेय स्थलों की सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष रखी गई तथा उनके सुझाव एवं सहमति प्राप्त की गई।

निर्वाचन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार जनपद में मतदेय स्थल संख्या 26 से 35 तक कुल 10 प्रस्तावित मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। मतदेय स्थल संख्या 26 कार्यालय क्षेत्र पंचायत, बिसौली में क्षेत्र-33 (आंशिक) क्षेत्र पंचायत बिसौली एवं नगर पालिका परिषद बिसौली तथा क्षेत्र-34 नगर पंचायत फैजगंज एवं नगर पंचायत मुड़िया शामिल हैं। मतदेय स्थल संख्या 27 कार्यालय क्षेत्र पंचायत, आसफपुर में क्षेत्र-35 (आंशिक) क्षेत्र पंचायत आसफपुर शामिल है। मतदेय स्थल संख्या 28 कार्यालय क्षेत्र पंचायत, वजीरगंज में क्षेत्र-36 क्षेत्र पंचायत वजीरगंज, नगर पंचायत वजीरगंज एवं नगर पंचायत सैदपुर शामिल हैं।मतदेय स्थल संख्या 29 कार्यालय क्षेत्र पंचायत, सहसवान में क्षेत्र-37 क्षेत्र पंचायत सहसवान एवं नगर पालिका परिषद सहसवान तथा क्षेत्र-38 क्षेत्र पंचायत दहगवां का समस्त क्षेत्र एवं नगर पंचायत दहगवां शामिल हैं। मतदेय स्थल संख्या 30 कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिल्सी में क्षेत्र-39 क्षेत्र पंचायत अम्बियापुर एवं नगर पालिका परिषद बिल्सी शामिल हैं। मतदेय स्थल संख्या 31 कार्यालय क्षेत्र पंचायत, इस्लामनगर में क्षेत्र-40 क्षेत्र पंचायत इस्लामनगर, नगर पंचायत इस्लामनगर एवं नगर पंचायत रुदायन शामिल हैं।

मतदेय स्थल संख्या 32 कार्यालय नगर पालिका परिषद, बदायूँ में क्षेत्र-41 क्षेत्र पंचायत सालारपुर एवं नगर पंचायत कुंवरगांव, क्षेत्र-42 क्षेत्र पंचायत जगत, नगर पंचायत गुलड़िया एवं नगर पंचायत सखानू तथा क्षेत्र-43 नगर पालिका परिषद बदायूँ का समस्त क्षेत्र शामिल है। मतदेय स्थल संख्या 33 कार्यालय क्षेत्र पंचायत, उझानी में क्षेत्र-44 क्षेत्र पंचायत उझानी, क्षेत्र पंचायत कादरचौक, नगर पालिका परिषद उझानी एवं नगर पंचायत कछला शामिल हैं। मतदेय स्थल संख्या 34 कार्यालय क्षेत्र पंचायत, म्याऊँ में क्षेत्र-45 क्षेत्र पंचायत उसावां, नगर पंचायत उसावां एवं नगर पंचायत उसहैत तथा क्षेत्र-46 क्षेत्र पंचायत म्याऊँ, नगर पालिका परिषद ककराला एवं नगर पंचायत अलापुर शामिल हैं। मतदेय स्थल संख्या 35 कार्यालय क्षेत्र पंचायत, दातागंज में क्षेत्र-47 क्षेत्र पंचायत दातागंज, क्षेत्र पंचायत समरेर एवं नगर पालिका परिषद दातागंज शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने तथा मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।

विद्यालयों में पॉक्सो अधिनियम को लेकर जागरूकता अभियान शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश विवेक संगल ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी

बदायूँ। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के निर्देशानुसार गांधी जयंती के अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो अधिनियम) के प्रावधानों एवं कानूनी परिणामों के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 25 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2026 तक तथा द्वितीय चरण 02 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा।

इसी क्रम में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज, बदायूँ में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ श्री विवेक संगल की गरिमामयी अध्यक्षता में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अपर सिविल जज (सी.डी.) /त्वरित न्यायाधीश/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ श्री अंकित रस्तोगी ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश विवेक संगल ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने लैंगिक अपराधों से बचाव, सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार की पहचान तथा व्यक्तिगत सुरक्षा के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनुचित घटना की जानकारी बिना संकोच विश्वसनीय अभिभावक, शिक्षक अथवा अन्य जिम्मेदार व्यक्ति को दी जानी चाहिए। प्रभारी सचिव श्री अंकित रस्तोगी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं को शिक्षित होने के साथ-साथ अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा किसी भी असहज अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में तत्काल अपने अभिभावक या शिक्षक को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र), बदायूँ रेखा शर्मा द्वारा सिगलर मिशन गर्ल्स इंटर कॉलेज, जनपद बदायूँ में भी विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों तथा पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें लैंगिक अपराधों से संरक्षण के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। रेखा शर्मा ने छात्राओं को इंटरनेट का सुरक्षित एवं उचित उपयोग करने तथा सामाजिक माध्यमों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी।

गांधी जयंती समारोह की रूपरेखा तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मानवेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए बैठक कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। शुक्रवार को विकास भवन स्थित सभागार में आयोजित बैठक में गांधी जयंती समारोह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि गांधी मैदान से प्रभात फ़ेरी निकाली जाएगी, गांधी मैदान में स्थापित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा तथा शास्त्री चौक पर स्थापित लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। समारोह के अंतर्गत स्टेडियम में महिला एवं पुरुष ओपन दौड़ प्रतियोगिता तथा मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया जाएगा। सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। गांधी दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बदायूं में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही गांधी नेत्र चिकित्सालय में माल्यार्पण एवं सभा का आयोजन किया जाएगा।

जिला कारागार, जिला पुरुष अस्पताल, जिला महिला चिकित्सालय, राजकीय मेडिकल कॉलेज, कुष्ठ आश्रम कछला तथा सूर्यकुंड स्थित गुरुकुल में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला पुरुष चिकित्सालय में रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न मौहल्लों में सघन टीकाकरण अभियान संचालित किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बदायूं में महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर सार्वजनिक सभा का आयोजन भी किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों की आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करते हुए गांधी जयंती समारोह को गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि इस दौरान जनगणना का कार्य भी चल रहा है, इसमे सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि गनगणना करने आए व्यक्ति यदि मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आने की बात कहें तो उन्हें ओ0टी0पी कतई न दें, ओ0टी0पी0 का कोइ प्रावधान नहीं है।

डीएम की अध्यक्षता में डीएलआरसी,डीसीसी की बैठक

❒ विभिन्न ऋण योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के दिए गए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलआरसी/डीसीसी) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में वित्तीय समावेशन, बैंकिंग सेवाओं के विस्तार तथा विभिन्न ऋण एवं स्वरोजगारपरक योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में वित्तीय समावेशन योजना एवं जनसुरक्षा योजनाओं, वार्षिक ऋण योजना, ऋण-जमा अनुपात, फसली ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाने तथा लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री युवा विकास उद्यमी अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, पीएम स्वनिधि एवं पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली योजनाओं में पात्र आवेदकों को समयबद्ध रूप से ऋण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर। जिलाधिकारी ने वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ बनाने, ऋण वितरण की प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने तथा सरकारी योजनाओं के माध्यम से युवाओं, किसानों, छोटे उद्यमियों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं एवं अन्य पात्र लाभार्थियों को आर्थिक रूप से सशक्त करने पर विशेष बल दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, अग्रणी जिला प्रबंधक सुबोध मिश्रा, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी होगी डिजिटल लाइब्रेरी : सुचिस्मिता मौर्य

मीरजापुर । विकास खंड पहाड़ी के चेंदुली ग्राम सभा में शुक्रवार को डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। मझवां विधायक सुचिस्मिता मौर्य ने फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विधायक शुचिस्मिता मौर्य ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए डिजिटल संसाधन उपलब्ध होंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह सुविधा उपयोगी हो सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार पर ध्यान देने की बात कही। खंड विकास अधिकारी मुनेश सिंह ने लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं और इसके संचालन से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी यहां उपलब्ध डिजिटल संसाधनों का उपयोग अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कर सकेंगे।

ईसीसीई भर्ती की रैंडम सूची पर अभ्यर्थियों ने उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। बेसिक शिक्षा विभाग की ईसीसीई शिक्षक भर्ती में जारी रैंडम चयन सूची को लेकर अभ्यर्थियों ने नाराजगी जताई है। जिले में 130 पदों के लिए 4104 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार के लिए 390 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है।

सूची में नाम न आने वाले अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से शिकायत कर चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि अधिक अंक प्राप्त करने वाले कई अभ्यर्थियों को सूची में स्थान नहीं मिला, जबकि कम अंक वाले अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

अभ्यर्थी रेखा मिश्रा ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में मेरिट को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। वहीं लक्ष्मी मिश्रा का कहना है कि शैक्षिक योग्यता और निर्धारित मानकों के आधार पर चयन सूची तैयार की जानी चाहिए।

ऑपरेशन चक्रव्यूह: फुरसतगंज पुलिस ने दो चोरी की बाइक संग वाहन चोर दबोचा

फुरसतगंज, अमेठी। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में चलाए जा रहे ''ऑपरेशन चक्रव्यूह'' के तहत फुरसतगंज पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर फुरसतगंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अनीश कुमार (26) निवासी सोनवर्षा, थाना बल्दीराय, जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान वह बरामद मोटरसाइकिलों के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और दोनों वाहन चोरी के होने की बात सामने आई।बरामद वाहनों में हीरो सुपर स्प्लेंडर और हीरो एचएफ डीलक्स शामिल हैं। जांच में पता चला कि एक बाइक सुलतानपुर जनपद से तथा दूसरी फुरसतगंज क्षेत्र से चोरी हुई थी। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर संबंधित मामलों से जोड़ते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शरदचंद्र मिश्रा, हेड कांस्टेबल अनवर अली, कांस्टेबल देवेंद्र कुमार तथा कांस्टेबल अंकित यादव शामिल रहे।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पर 2548 लोगों ने किया सामूहिक गायन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। सरयू देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, केशव नगर अमेठी में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को विद्यालय के भैया-बहिनों, अभिभावकों, आचार्यों एवं कर्मचारियों ने प्रातः 11 बजे सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक श्री पवन जी ने वंदे मातरम् के इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन किया। प्रधानाचार्य श्री अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि विद्या भारती की योजना के अंतर्गत देशभर के विद्या मंदिर एवं शिशु मंदिरों में एक साथ वंदे मातरम् का गायन किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गौरव की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय तथा अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों सहित कुल 2548 लोग उपस्थित रहे।

सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, शिकायत के बाद बच्ची को धमकी देने का दावा

पीपरपुर, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम नरबहनपुर (छिवरहा) निवासी ममता सिंह ने सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जा और पुराने सार्वजनिक रास्ते को बंद किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी, एसडीएम पंकज मिश्र व पुलिस अधीक्षक से की है। साथ ही शिकायत के बाद उसकी बच्ची को जान से मारने और गायब करने की धमकी दिए जाने का आरोप भी लगाया है। ममता सिंह का आरोप है कि ग्राम सभा की गाटा संख्या 400, 423 और 434 की सरकारी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। इसके अलावा गाटा संख्या 401 से सटा वर्षों पुराना ग्रामीण मार्ग भी बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने भूमि की पैमाइश कराकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद उसकी बच्ची को जान से मारने और गायब करने की धमकी दी गई, जिससे परिवार भयभीत है। एसडीएम पंकज मिश्र ने बताया कि मामले की जांच के लिए कानूनगो और लेखपाल को निर्देश दिए गए हैं। वहीं पीपरपुर कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि राजस्व टीम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमेठी-धमौर मार्ग पर सड़क धंसी, बीच सड़क बने गड्ढे से हादसे का खतरा

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमेठी-धमौर मार्ग पर साधूनगर के पास सड़क धंस जाने से बीच सड़क पर बड़ा और गहरा गड्ढा बन गया है। गड्ढे के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क का यह हिस्सा पिछले कुछ दिनों से क्षतिग्रस्त था, लेकिन समय रहते मरम्मत न होने से गड्ढा और बड़ा हो गया। सड़क के बीचों-बीच बने गड्ढे के कारण वाहन चालकों को अचानक दिशा बदलनी पड़ रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग पर दिनभर भारी वाहनों का आवागमन रहता है। ऐसे में रात के समय या तेज रफ्तार में चलने वाले वाहनों के लिए यह गड्ढा गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत कराए जाने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है।

राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता का बदायूं दौरा

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुत्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त रविवार , 27 सितम्बर 2026 को बदायं के दौरे पर रहेंगे। राज्य सूचना आयुक्त के निजी सचिव शुभम अग्रवाल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री गुप्त सुबह 6:30 बजे लखनऊ से अपने निजी वाहन से बदायूं के लिए रवाना होंगे 10 बजे बदायूं स्थित अपने आवास पर पहुंच जाएंगे। इसके बाद प्रातः 10:30 बजे से अपने निजी वाहन से जनपद बदायँ में लगे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा सम्भ्रान्त जनों से भेट वार्ता करेंगे । दिनांक 28.09.2026 (दिन सोमवार) की प्रातः 6:30 अपने निजी वाहन से चलकर गंगा एक्सप्रेस वे एवं वाया आगरा एक्सप्रेस-वे होते हुए जनपद लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 11:00 बजे अपने आवास 18 राजभवन कॉलोनी, लखनऊ पहुंच जाएंगे।

डीडीयू विश्वविद्यालय में मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, कुलपति ने अर्पित किया श्रद्धासुमन

गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता । पं. दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके विचारों, दर्शन एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया गया। प्रशासनिक भवन परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राधा मोहन अग्रवाल ने भी पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के सदस्य, शिक्षकगण एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रहित, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान तथा समरस समाज की स्थापना से जुड़े विचारों को स्मरण किया। जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, चिंतन और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से जुड़े विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ में जयंती व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका चिंतन भारतीय संस्कृति, मानवीय मूल्यों और समाज के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित था।

रात की बिजली कटौती बंद करने और जर्जर तार बदलने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। अमेठी विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती और जर्जर विद्युत तारों की समस्या को लेकर पूर्व विधायक गरिमा सिंह की पुत्रवधू शाम्भवी अनन्त विक्रम सिंह ने विद्युत वितरण खंड गौरीगंज के अधिशासी अभियंता उमेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खराब विद्युत व्यवस्था के कारण आम लोगों, किसानों और विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर जर्जर तार और पुराने पोल दुर्घटना की आशंका बढ़ा रहे हैं, जबकि बार-बार होने वाली बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र के जर्जर तारों और पोलों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जाए तथा विद्युत लाइनों के रखरखाव और मरम्मत का कार्य दिन के समय कराया जाए। साथ ही शाम के बाद होने वाली अनावश्यक बिजली कटौती पर रोक लगाकर रात्रि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई और किसानों के कार्य प्रभावित न हों। अधिशासी अभियंता उमेश कुमार ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बारिश की मार से सब्जी किसानों को झटका, फसलें सड़ने लगीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संग्रामपुर, अमेठी। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश ने सब्जी किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में जलभराव होने से लौकी, पालक, मूली, करेला, नेनुआ, भिंडी, बैंगन, परवल, धनिया और कद्दू समेत कई सब्जियों की फसलें प्रभावित हुई हैं। किसानों का कहना है कि इस बार उत्पादन आधे से भी कम रह गया है, जिससे लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है।

पतापुर ग्राम सभा के शंकरपुर निवासी किसान संजय मौर्य, विशाल मौर्य, रमाशंकर मौर्य, कमलेश मौर्य, सुनील मौर्य, अभिषेक मौर्य, चंद्रपाल मौर्य और बिहारी मौर्य ने बताया कि बीज, खाद, दवा, सिंचाई और मजदूरी पर भारी खर्च करने के बावजूद लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया। इससे तैयार फसलें सड़ने लगी हैं और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण लेकर खेती की है, जिससे अब कर्ज चुकाने की चिंता भी बढ़ गई है।

क्षेत्र के कई गांवों में बड़े पैमाने पर सब्जी उत्पादन होता है। यहां की सब्जियां सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, लखनऊ और रायबरेली समेत आसपास के जनपदों की मंडियों में भेजी जाती हैं। किसानों का कहना है कि जलभराव के कारण फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों प्रभावित हुए हैं। किसानों ने प्रशासन से फसल क्षति का सर्वे कराकर आर्थिक सहायता दिलाने तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है। उनका कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान जलभराव से फसलों को नुकसान होता है, लेकिन अब तक इस समस्या का कोई प्रभावी समाधान नहीं हो सका है।

अवैध पशु तस्करी के मामले में फरार वाहन स्वामी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

बलरामपुर । बलरामपुर जिले के कुसमी पुलिस ने अवैध पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे वाहन स्वामी को गिरफ्तार किया है। आज शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित दिनेश प्रसाद (54), निवासी महुआडांड़, जिला लातेहार, झारखंड को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, 16 जून 2026 की रात करीब 2:30 बजे ग्राम कुसमी के भेड़ी टोंगरी के पास तीन मवेशियों को टाटा सूमो वाहन में क्रूरतापूर्वक लादकर झारखंड की ओर ले जाया जा रहा था। मामले में पंकज कुमार गुप्ता की रिपोर्ट पर कुसमी थाने में अपराध क्रमांक 57/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मौके से तीनों मवेशियों को सुरक्षित बरामद किया था।

रेल की पटरी पर शराब का खेल, ट्रेन से 19 हजार की अंग्रेजी शराब बरामद

ट्रेन को बना लिया शराब ढोने का जरिया, गोंडा में तस्करी की खेप बरामद..

ट्रेन में शराब की 'लावारिस' खेप, तस्करों की चाल पर सुरक्षा बलों की नजर

ट्रेन को तस्करों ने बनाया शराब ढोने का जरिया, 29.880 लीटर शराब बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । तस्करों ने ट्रेन को शराब तस्करी का सुरक्षित जरिया बनाने की कोशिश को अपराध आसूचना शाखा और रेलवे सुरक्षा बल ने नाकाम कर दिया। आपराधिक निगरानी के दौरान गाड़ी संख्या 159 10 में गोंडा और कचहरी के बीच तीन लावारिस बैग मिले।गोंडा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो पर बैगों की जांच की गई तो उनमें 29.880 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई।बरामद शराब की कीम त करीब उन्ननीश हजार रुपये बताई गई है।..इसमें 66 क्वार्टर मिड नाईट जामुन वोडका, 12 बोतल ग्रीन लेबल व्हिस्की और 12 बोतल एमसी डोल्स 9 वन ओरिजिनल शामिल हैं।कार्रवाई में अपराध आसूचना शाखा के उप निरीक्षक लाल साहब सिंह सहायक उप निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह,हेड कां स्टेबल बबलू कुमार सिंह तथा आरपीएफ पोस्ट गोंडा के हेड कांस्टेबल राममिलन शामिल रहे। लावारिस शराब की बरामदगी के बाद रेलवे में शराब तस्करी के लिए ट्रेनों के इस्तेमाल पर निग रानी और सख्त किए जाने का संकेत मिला है।

गोंडा में गैस का बड़ा खेला, होटलो और ठेले पर खुले - आम से जल रहे घरेलू गैस सिलेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की...ढुल रवैया के कारण घरेलू गैस सिलेंडरों के इस्तेमाल को लेकर बड़ा खेला सामने आने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।वही जिला मुख्यालय जेल रोड से आर टीओ ऑफिस तक,अंबेडकर चौराहे से लेकर चौक बाजार,रेलवे स्टेशन रोड समेत कस्बों,बाजारों के अधिकांश होटलो, रेस्टोरेंट व नाश्ते के ठेलों पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग हो रहा है।जो कभी भी किसी बड़े खतरे का कारण बन सकता है।खाद्य विभाग के आलाधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।लिहाजा सभी छोटे-बड़े होट लों पर इनका उपयोग होते देखा जा सकता है। गोंडा जिला मुख्यालय पर खुले आम घरेलू गैस सिलेंडर होटलों पर जलते हुए देखे जा सकते हैं खाद्य एवं रसद विभाग समेत जिला प्रशासन के निष्क्रियता से होटलो रेस्टोरेंट व ढाबे पर घरेलूगैस का उपयोग

धड़ल्ले से किया जा रहा है। प्रशासन के ढुलमुल रवैया के कारण कभी-कभार निरीक्षण भी होता है तो महज औपचारिकता निभाकर दायि त्वों की खानापूर्ति कर ली जाती है। यही कारण है कि कार्रवाई के डर से होटल संचालक एक खाली व्यावसायिक सिलेंडर बाहर रख रहते हैं,वहीं किच न में घरेलू सिलेंडर ही इस्तेमाल करते हैं।इसके बा वजूद संबंधित विभाग द्वारा पिछले एक साल से घ रेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने वाले होटल मा लिक और ठेले वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की ग ई है। इस कारण होटल संचालक, गुमटी वालों में कोई डर नहीं है।कई लोग कपड़े से ढंककर तो को ई खुलेआम घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं।इसके पीछे व्यावसायिक और घरेलू सिलेंडर के भाव में अंतर को कारण ब ताया जा रहा है।व्याव सायिक सिलेंडर महंगा होने के कारण लोग इसे नहीं खरीद रहे है।होटल रेस्टो रेंट और नाश्तों के ठेलों पर घरेलू गैस का उपयोग ज्यादा होने के का रण कई बार आम उपभोक्ताओं को गैस की टंकी समय पर नहीं मिल पा रही है।गैस टंकियों को लेने के लिए उन्हें बार-बार भटकना पड़ता है। एजेंसी पर जाने पर कभी उन्हें लोड नहीं आने एवं स्टाक नहीं होने का हवाला देकर घुमाया जाता है। भारत पेट्रोलियम के सेल्स अधिकारी की निष्क्रियता से जिले में एजेंसी संचालक धड़ल्ले से घरेलू सिलेंडर को बाजारों में पहुंच रहे हैं और वहीं होटल संचाल कों को आसानी से ब्लैक में

जिले में किस एजेंसी से पहुंच रहे हैं होटलो, ठेले और ढाबो पर घरेलू गैस सिलेंडर..?

टंकियां मिल जाती है।वहीं शहर में ऐसे कई गैस टंकी की कालाबाजारी करने वाले लोग हैं जो घरेलू गैस टंकी को ब्लैक में बेच रहे है,होटल,रेस्टोरेंट व ढाबों पर घरेलू गैस का उपयोग किये जाने को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही टीम गठित की जाएगी।टीम के सदस्य औचक निरीक्षण कर गड़बड़ी करने वाले कारोबारियों पर शिकंजा कसने का कार्य करेंगे।आवश्यकता पड़ी तो संबंधित के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।सवाल यह है कि क्या प्रशासन की सख्ती के बाद गैस सिलेंडरों के इस कथित खेल पर रोक लग पाएगी या फिर जांच के बाद कई चौंकाने वा ले खुलासे सामने आएंगे।

अस्पताल या स्विमिंग पूल, गोंडा मेडिकल कॉलेज में घुटनों तक पानी, मरीज बेहाल

बारिश ने खोली जलनिकासी की पोल,स्ट्रेचर चेयर से मरीज को पानी में ले जाते तीमारदार..

सीएमएस का जवाब पानी निकालने की कोशिश, कार्ययोजना बनेगी;सवाल मरीजों को राहत कब ?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मेडिकल कॉलेज में मरीज अस्पताल में इला ज कराने आते हैं, जलभराव से जूझने की परीक्षा देने नहीं।लेकिन गोंडा मेडिकल कॉलेज में बारिश के बाद हालात ऐसे हैं कि अस्पताल पहुंचने से पह ले ही मरीजों और तीमारदारों को घुटनों तक भरे पानी से जूझना पड़ रहा है। क्षेत्रीय निदान केंद्र से लेकर दवा वितरण केंद्र,पर्चा काउंटर और सीएम ओ कार्यालय की ओर जाने वाले रास्तों पर जलभ राव ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। मरीजों की आवाजाही के लिए इस्तेमाल होने वाले रास्ते पानी में डूबे हैं।ऐसे में सवाल उठना ला जिमी है कि आखिर इलाज के लिए आए मरीजों को यह मुसीबत क्यों झेलनी पड़ रही है ? विडंबना देखिए, जिस मेडिकल कॉलेज में मरीजों को राहत मिलनी चाहिए, वहां बारिश के बाद जलभराव खुद एक नई परेशानी बन गया है।मरीजों और तीमारदा रों को पानी के बीच से गुजरकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है।स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से मरी जों को ले जाने में भी मुश्किलें सामने आ रही हैं। अस्पताल परिसर में जलनिकासी की बदहाल व्य वस्था ने मरीजों की परेशानी और बढ़ा दी है।

कार्ययोजना का भरोसा, लेकिन राहत का इंतजार

जलभराव को लेकर मेडिकल कॉलेज के मुख्य चि कित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ.अनिल तिवारी ने समस्या स्वीकार करते हुए कहा कि पानी निकाल ने की कोशिश की जा रही है।इसके लिए कार्ययो जना भी बनाई जाएगी है।लेकिन सवाल यह है कि जब मरीज अस्पताल के रास्तों पर पानी से जूझ र हे हैं,तब उन्हें तत्काल राहत देने के लिए क्या कद म उठाए जा रहे हैं.....? प्रशासन का कार्ययोजना बनाने का भरोसा अपनी जगह है, मगर मरीजों की परेशानी का समाधान भविष्य की योजना पर नहीं छोड़ा जा सकता।बारिश के बीच अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को अभी राहत चाहिए।सवाल यह भी है कि जलभराव की समस्या सामने आने के बाद पानी निकालने और रास्तों को सुगम बनाने के लि ए कितनी प्रभावी व्यवस्था की गई..?

इंटरलॉकिंग भी नहीं रोक सकी जलभराव

गोंडा मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने निदान केंद्र के आसपास इंटरलॉकिंग का काम कराया था।इसके बावजूद जलभराव की समस्या बनी हुई है। इससे निर्माण कार्य और परिसर की जल निकासी व्यव स्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।यदि बारिश के दौरा न पानी जमा होना तय है,तो उससे निपटने के लि ए पहले से पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए.. ?

यह पहली बार नहीं है,जब बारिश के बाद मेडिक ल कॉलेज परिसर में पानी भरने की समस्या साम ने आई है।..हर बार बारिश के साथ वही परेशानी लौटती है और मरीजों को उसका खामियाजा भुग तना पड़ता है।ऐसे में सवाल केवल बारिश का नहीं बल्कि उस व्यवस्था का है, जो हर बार जलभराव के सामने बेबस नजर आती है।

मरीजों को इलाज चाहिए,आश्वासन नहीं

अस्पताल में आने वाला हर मरीज पहले से ही बी मारी और परेशानी से जूझ रहा होता है।ऐसे में अ स्पताल के भीतर पहुंचने के लिए जलभराव से सं घर्ष करना उसकी मुश्किलें और बढ़ा देता है।खास कर बुजुर्गों, गंभीर मरीजों और स्ट्रेचर पर ले जाए जा रहे लोगों के लिए पानी से भरे रास्ते बड़ी बाधा बन सकते हैं।.मेडिकल कॉलेज प्रशासन को यह स्पष्ट करना होगा कि जलनिकासी की स्थायी व्यव स्था कब तक दुरुस्त होगी।फिलहाल पानी निका लने की कोशिश और कार्ययोजना बनाने के आश्वा सन के बीच मरीजों की परेशानी जस की तस है।

नोएडा के ट्रेड शो में गूंजेगी गोंडा के मोटे अनाज की धमक, जिले की पहली एफपीओ को मिला राष्ट्रीय मंच, ज्वार-बाजरा समेत मिलेट्स की होगी बिक्री

किसानों के उत्पादों को मिलेगा बड़ा बाजार श्री अन्न की ब्रांडिंग और बेहतर दाम दिलाने की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के किसानों के खेतों में पैदा होने वाला मोटा अनाज अब बड़े बाजार में अपनी पहचान बनाने की तैयारी में है।बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा स्थित अथरिस फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफ पीओ) नोएडा में आयोजित ट्रेड शो में अपना स्टॉल लगाएगी। 25 से 29 सितंबर तक चलने वाले इस आयोजन में जिले के स्थानीय किसानों के उत्पादों की बिक्री की जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से एफपीओ संचालक को आमं त्रित किया गया है। जिले की पहली एफपीओ को मिले इस अवसर से स्थानीय कृषि उत्पादों को

राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की उम्मीद है।

एफपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुलदीप मिश्रा ने बताया कि ट्रेड शो में कंपनी की सक्रिय भागीदारी रहेगी। स्टॉल पर ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा, मक्का समेत दूसरे मोटे अनाज उप लब्ध कराए जाएंगे।इस आयोजन के जरिए किसा नों के उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने और उपभोक्ताओं को पौष्टिक पारंपरिक अनाज से जो ड़ने का प्रयास किया जाएगा।

खेतों से बड़े बाजार तक पहुंचेगा श्रीअन्न

कुलदीप मिश्रा के मुताबिक,एफपीओ का उद्देश्य किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिला ना और स्थानीय कृषि उपज को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है।ट्रेड शो जैसे आयोजन किसानों के उत्पादों की पहचान बढ़ाने और संभावित खरी दारों तक पहुंच बनाने का अवसर देते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादित मोटे अनाज की मांग बढ़ने की संभावना भी है।उन्होंने कहा कि सरकार मोटे अनाज को 'श्रीअन्न' के रूप में प्रोत्साहित कर रही है।ऐसे में किसानों को मोटे अनाज की खेती के प्रति जागरूक करना और उनके उत्पादों को बाजार से जोड़ना जरूरी है। एफपीओ इसी दिशा में काम कर रही है,ताकि किसानों को अपनी उप ज बेचने के बेहतर अवसर मिल सकें और उनकी आमदनी बढ़ाने की संभावनाएं मजबूत हों।नोएडा के ट्रेड शो में गोंडा की एफपीओ की भागीदारी स्थानीय कृषि उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने की पहल के रूप में देखी जा रही है।अब इस मंच पर किसानों के उत्पादों को मिलने वाली प्रतिक्रिया पर नजर रहेगी।

गोंडा मे स्वास्थ्यतंत्र की लापरवाही, नूर मैटरनिटी हॉस्पिटल ने ली प्रसूता की जान

तीन दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं, परिजनों का आरोप बिना कार्रवाई अंतिम संस्कार से इंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले निजी अस्पतालों की लापरवाही और स्वास्थ्य विभाग की ढुलमुल कार्यशैली का एक औ र खौफनाक चेहरा सामने आया है।तरबगंज थाना क्षेत्र के रगड़गंज मे स्थित नूर मैटरनिटी हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान प्रसूता संगीता की मौत हो गई।घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलि स द्वारा अस्पताल प्रशासन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज न किए जाने से आक्रोशित परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से साफ इंकार कर दिया है।पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगाते हुए जिम्मे दारों पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़ा है।

चेकअप के बहाने ले गए, बिना बताए ऑपरेशन'

?मृतका संगीता के परिजनों ने नूर हॉस्पिटल के डॉ क्टरों पर गंभीर लापरवाही और धोखेबाज़ी का आ रोप लगाया है।परिजनों का कहना है कि वे संगीता को सामान्य चेक अप के लिए अस्पताल लाए थे। लेकिन परिजनों को बिना कोई ठोस जानकारी दि ए या उनकी सहमति लिए बगैर ही डॉक्टरों ने सीधे उसका ऑपरेशन कर दिया।आरोप है कि ऑपरेश न के बाद लगातार चार घंटे तक परिजनों को संगी ता से मिलने नहीं दिया गया। जब स्थिति पूरी तरह बिगड़ने लगी और प्रसूता ने दम तोड़ दिया,तब परि जनों को सूचना दी गई। परिजनों का सीधा आरोप है कि डॉक्टरों की घोर लापरवाही और मन मानी के कारण ही संगीता की जान गई है।

कार्रवाई का इंतजार,पुलिस कर रही टालमटोल

?मामले में सबसे हैरान करने वाला पहलू पुलिस औ र प्रशासन का रवैया है।प्रसूता की मौत को तीन दि न बीत चुके हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस ने अब तक आरोपी अस्पताल संचालिका डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया है। तरबगंज थाने के एस एचओ श्रीधर पाठक का,इस संबंध में कहना है कि जब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच रिपोर्ट या उचित दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं होती है,तब तक पुलिस इस मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं कर स कती।पुलिस के इस टालमटोल भरे रवैये से स्थानी य लोगों और परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या किसी बेकसूर की जान जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग और पुलिस महकमा केवल कागजी लिखापढ़ी और विभागीय औपचारिकताओं का इंतजार करता रहेगा..?

जबतक कार्रवाई नहीं,तबतक अंतिम संस्कार नहीं

बेटी और बहू को खो चुके परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है, लेकिन न्याय पाने का उनका संकल्प अडिग है।परिजनों का स्पष्ट कहना है कि जब तक नूर मैटरनिटी हॉस्पिटल और दोषी डॉक्टर के खि लाफ सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक वे संगीता की देह का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।गोंडा में निजी नर्सिं ग होम और मैटरनिटी सेंटरों की अवैध कार्यप्रणा ली और अप्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा किए जा रहे ऑ परेशनों पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं,अब देख ना यह है कि प्रशासन इस मामले का संज्ञान लेकर दोषियों पर शिकंजा कसता है या पीड़ित परिवार को न्याय के लिए यूं ही सड़कों पर भटकना पड़ेगा

नमामि भारतम में 2110 लोगों ने एक स्वर में गाया वन्दे मातरम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सरस्वती विद्या मन्दिर रामकृष्ण नगर, नानपारा सहित अन्य तीन विद्यालयों में नमामि भारतम् सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा तथा मातृभूमि के प्रति श्रद्धा की भावना को जागृत करना रहा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक, आचार्य, पूर्व छात्र, विद्वत परिषद, मातृ शक्ति तथा प्रबन्ध समिति के सदस्यों ने सहभागिता की। सरस्वती विद्या मन्दिर रामकृष्ण नगर, नानपारा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व छात्र,

विद्वत परिषद, मातृ शक्ति, अभिभावक, प्रबन्ध समिति और आचार्य सहित कुल 137 लोग उपस्थित रहे। वहीं पोषक ग्रामों से 93 लोगों ने सहभागिता की। विद्यालय के 471 छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य विद्यालयों के 1406 विद्यार्थियों की भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही। इस प्रकार कार्यक्रम में कुल 2110 लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ उपेंद्र चौधरी ने की, जबकि डॉ शिवम त्रिपाठी कार्यक्रम के साक्षी रहे। नमामि भारतम् कार्यक्रम की तैयारियां विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना के नेतृत्व में पूरी की गईं। कार्यक्रम में नगर प्रचारक व मुख्य वक्ता बलजीत भी मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को देशभक्ति, भारतीय संस्कृति तथा मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना से जुड़ने का संदेश दिया और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान वन्दे मातरम् के सामूहिक गायन से विद्यालय परिसर में राष्ट्रभक्ति का वातावरण बना रहा। सरस्वती विद्या मन्दिर रामकृष्ण नगर नानपारा के साथ अन्य तीन विद्यालयों में भी सामूहिक गायन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भैया-बहन, अभिभावक, बन्धु-भगिनी, आचार्य तथा अन्य लोग शामिल हुए।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा बहराइच। नमामि भारतम्, वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को राम नारायण मदेसिया सरस्वती शिशु मंदिर/विद्या मंदिर, नानपारा में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य वक्ता प्रांतीय शैक्षणिक प्रमुख सुरेश सिंह ने अपने विचार रखे। वहीं मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल ने की। इस अवसर पर पीएचडी धारक के नाते एडवोकेट डीपी श्रीवास्तव को भारत माता का चित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओम

प्रकाश, प्रबंधक गणेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जसवंत कुमार मिश्रा, राजेंद्र प्रकाश मित्तल, सुरेंद्र मित्तल, शिवेंद्र मित्तल, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव सहित नगर के गणमान्य नागरिक और अभिभावक उपस्थित रहे।

ग्यारहवीं शरीफ के दो दिवसीय कार्यक्रम में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी गौस-ए-आजम रहमतुल्लाह अलैह की याद में मनाई जाने वाली ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर परंपरा के अनुसार रियासती दरगाह गौसिया हॉल में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। राहत जनता इंटर कॉलेज नानपारा के जेर-ए-इंतजाम व जेर-ए-निगरानी आयोजित कार्यक्रम में पहले दिन बाद नमाज-ए-फज्र कुल शरीफ की शुरुआत तिलावते कुरआन-ए-पाक से हुई। इन्किलाब अशरफी नानपारवी ने तिलावत की। इसके बाद सना-ख्वानी का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें सोना सिंह मिनाहिल अली ने बारगाह-ए-रिसालत मआब सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम में नात-ए-पाक 'जब मोहम्मद का नाम आता है, रहमतों का पयाम आता है' पेश की। इसके अलावा मदरसे के विभिन्न छात्रों ने भी नात व मनकबत के नजराने पेश किए। कार्यक्रम को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद आरिफ रजा ने गौस-ए-आजम की तालीमी और दीनी खिदमात का जिक्र करते हुए उनके नक्शे-कदम पर चलने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि जिस तरह गौस-ए-आजम ने इल्म हासिल करने के लिए सफर किया, उसी तरह समाज को भी तालीम की अहमियत समझनी चाहिए। उन्होंने खासतौर पर बच्चियों को तालीम से

जोड़ने पर जोर दिया। महफिल की निजामत के फराइज मौलाना इंकलाब अशरफी ने अंजाम दिए। इसके बाद खलीफा-ए-सैफुल इस्लाम हजरत मौलाना मोईनुद्दीन कादरी ने पीराने पीर दस्तगीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी की सवाने उमरी पर बयान फरमाया। उन्होंने गौस-ए-आजम की सीरत-ए-तैय्यबा और उनकी दीनी खिदमात पर रोशनी डालते हुए अकीदतमंदों को उनकी तालीमात पर अमल करने की ताकीद की। मौलाना मोहम्मद अकबर ने भी गौस-ए-आजम की जिंदगी और उनकी तालीमात पर रोशनी डालते हुए कहा कि गौस-ए-आजम ने इल्म, इबादत, इंसानियत और नेक अमल को जिंदगी का अहम हिस्सा बनाने की तालीम दी। उनकी सीरत से समाज में भलाई, आपसी मोहब्बत और जरूरतमंदों की मदद का पैगाम मिलता है। तकरीब में कारी नफीसुल कादरी, मौलाना शादाब अत्तारी और अली रजा भी मौजूद रहे।तमाम मुकर्रिरीन ने हुजूर गौस-ए-आजम की सीरत, दीनी व इल्मी खिदमात और गरीब-परवरी पर रोशनी डालते हुए उनकी तालीमात पर अमल करने की ताकीद की। आखिरी मरहले में मौलाना मुईनुद्दीन कादरी ने अपने जामे खिताब के बाद मुल्क व मिल्लत की सलामती, अमन व अमान, आपसी भाईचारे और इदारे की तरक्की के लिए दुआ कराई। दोपहर बाद लंगर, गागर और चादरपोशी का सिलसिला शुरू हुआ। शाम से देर रात तक अकीदतमंद काफी संख्या में चादर लेकर ग्यारहवीं कोठी पहुंचे और चादरपोशी कर मुल्क, कौम और समाज की खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। अकीदतमंदों ने तेल व घी के चिराग जलाकर रोशनी की और अपनी मुरादों के लिए दुआएं कीं। शुक्रवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन सुबह कुरआन ख्वानी और महफिल-ए-शमा का एहतमाम किया गया। इसमें उलमा ने अपने-अपने बयान फरमाए तथा नात-ए-मनकबत के नजराने पेश किए। अकीदतमंदों के लिए लंगर का भी इंतजाम किया

गौस-ए-आजम की सीरत और तालीमात पर उलमा ने डाली रोशनी, तालीम से जुड़ने का किया आह्वान

गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंदों ने शिरकत की।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में पप्पू बाबा और इरफान सक्रिय रहे तथा मेहमानों और अकीदतमंदों की सुविधाओं को लेकर इंतजाम संभालते रहे। इस मौके पर पप्पू बाबा की ओर से आए हुए मेहमानों और उलमा को बैज व साफा बांधकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सलात-ओ-सलाम और दुआ के साथ हुआ। इस दौरान कॉलेज के मैनेजर अरशद अली खान, हाजी मुजतबा अली उस्मानी, ठाकुर अब्दुल शहीद खां, नज्जन खां, राहत जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरुण प्रकाश चौधरी, चेयरमैन नगर पालिका अब्दुल वहीद, पूर्व चेयरमैन अब्दुल मोईद, मुशीर सेठ, मुहर्रम कमेटी के सदर नदीम चौधरी, शिक्षक अजय कुमार, शब्बीर अहमद, काजी इरशाद अहमद, इरफान अली खान, अब्दुल्लाह अंसारी, मो0 सहीक, मो0 कलीम खान सहित इलाके के जायरीन व अकीदतमंदों की कसीर तादाद ने शिरकत की।

एक यूनिट रक्त दान से बचेंगी कई जिंदगियां, अद्वैत फाउंडेशन के तत्वावधान में 'रक्तवीर सम्मान' के साथ संपन्न हुआ रक्तदान शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अद्वैत फाउंडेशन द्वारा संचालित स्पेक्ट्रम हाई फार्मेसी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में अद्वैत फाउंडेशन के 18 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन गक्र 330, अयोध्या-प्रयागराज हाईवे, जमोली स्थित संस्थान परिसर में सुबह 10:00 बजे से आयोजित इस शिविर का मुख्य ध्येय वाक्य रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ हुआ। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही। अद्वैत फाउंडेशन से जुड़े समस्त सम्मानित सहयोगियों, संस्थान के कर्मठ स्टाफ तथा ऊर्जावान विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। युवाओं और विद्यार्थियों का यह जोश समाज के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। बताते चलें कि स्पेक्ट्रम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित अन्य कॉलेजों जैसे आईटीआई, स्पेशल कॉलेज, 12वीं तक सीबीएसई बोर्ड कॉलेज तथा लॉ कॉलेज के भी सदस्यों ने इस रक्तदान शिविर में पूरी तन्मयता के साथ प्रतिभाग किया। शिविर के दौरान आयोजकों ने यह महत्वपूर्ण जानकारी भी

साझा की कि जो भी रक्तदाता स्वेच्छा से अपना रक्तदान कर रहे हैं, उन्हें संस्था की ओर से एक डोनर कार्ड या प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। भविष्य में यदि कभी भी उन रक्तदाताओं को, उनके किसी हित-मित्र या परिवारजन को रक्त की आवश्यकता पड़ती है, तो वे इस कार्ड या प्रमाण पत्र को दिखाकर आसानी से रक्त प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल आपातकालीन स्थिति में मरीजों के लिए एक बड़ा संबल बनेगी। रक्तदान शिविर के दौरान रक्त केन्द्र की विशेषज्ञ मेडिकल टीम–प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविन्द्र यादव, लैब टेक्निशियन विजय चन्द्र चौधरी व सुशील कुमार, काउंसलर अनुराग पाण्डेय, स्टॉफ नर्स पूजा वर्मा, लैब अटेंडेंट कुलदीप कुमार, सहायक अब्बास अहमद तथा ड्राइवर रामयज्ञ–की देखरेख में पूरी सुरक्षा और सावधानी के साथ रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर अद्वैत फाउंडेशन व स्पेक्ट्रम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक श्री राम किशोर पांडे, चेयरमैन श्री आनंद सावरन और एचआर मैनेजर श्री अनूप मिश्रा सहित अन्य सम्मानित गणमान्य अतिथिगण व स्टॉफ–अमित मिश्रा, सौरभ मिश्रा, जितेन्द्र कुमार सिंह, शंकर दत्त उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, ज्योति शर्मा, मनोज गुप्ता, अभिनव वर्मा, केतन पांडे, कहकशा बानो, काजल सिंह, अदा पांडे, शव्या उपाध्याय, हर्ष मिश्रा, अजय पांडे, संदीप उपाध्याय, अभिनव यादव, रामबहादुर सिंह, योगेश यादव और अनुराधा उपस्थित रहे। स्टॉफ और अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रमाण पत्र भेंट किए। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, और फार्मासिस्ट दिवस पर इस प्रकार का स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना समाज के स्वास्थ्य के प्रति एक सराहनीय पहल है। इसके साथ ही अमित मिश्रा, सौरभ मिश्रा, जितेन्द्र कुमार सिंह, शंकर दत्त उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, ज्योति शर्मा व अन्य कई रक्त दान वीरों ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर इस महाअभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में छात्र समन्वयकों–बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष से शाहिल कुरेशी, सौरभ यादव, दिव्यांशु वर्मा, रजत धुरिया तथा बी.फार्मा तृतीय वर्ष से हर्षित तिवारी, जिशान, अखिल अग्रहरि, कोमल चौरसिया–ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी टीम मेंबरों, बच्चों और स्टाफ के सम्मिलित सहकार से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा।

शोध-वित्त पोषण के अवसरों और प्रभावशाली अनुसंधान पद्धति पर विशेषज्ञ ने डाला प्रकाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के व्यापक परिप्रेक्ष्य में आयोजित ओरिएंटेशन एंड सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम के पांचवें दिन 25 सितम्बर 2026 को शोध, अनुसंधान पद्धति तथा शोध-वित्त पोषण के विभिन्न अवसरों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। कार्यक्रम के दोनों सत्रों में इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च , नई दिल्ली की उप निदेशक डॉ. ऋचा शर्मा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन के एन आई पी एस एस सुलतानपुर के प्रोफ़ेसर डॉ संतोष सिंह कुशवाहा ने किया।

प्रथम सत्र में डॉ. ऋचा शर्मा ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध शोध-वित्त पोषण के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली संस्थाओं, शोध अनुदान तथा शोध परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने शोधकर्ताओं को प्रभावी शोध प्रस्ताव तैयार करने, शोध की प्रासंगिकता एवं नवीनता को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने तथा वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली संस्थाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप शोध प्रस्ताव विकसित करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध शोध अवसरों का प्रभावी उपयोग करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

द्वितीय सत्र में प्रभावी एवं प्रभावशाली शोध के लिए अनुसंधान पद्धति विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. शर्मा ने गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए उपयुक्त अनुसंधान पद्धति के चयन, शोध समस्या के निर्धारण, शोध उद्देश्यों के निर्माण तथा शोध प्रक्रिया को वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि किसी भी शोध की गुणवत्ता केवल उसके निष्कर्षों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि शोध समस्या के सही चयन, वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धति, उपयुक्त शोध डिजाइन, आंकड़ों के व्यवस्थित संकलन एवं विश्लेषण तथा निष्कर्षों की विश्वसनीयता भी शोध को प्रभावी एवं उपयोगी बनाती है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने शोध-वित्त पोषण और अनुसंधान पद्धति से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा तथा प्रभावशाली एवं गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए आवश्यक व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

नीट पीजी में हासिल की ऑल इंडिया 1618वीं रैंक, सुल्तानपुर और परिवार का नाम किया रोशन, सफलता पर शुभचिंतकों ने दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद के लिए गौरव की बात है कि नगर निवासी एवं वरिष्ठ पत्रकारों व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच लोकप्रिय सुजीत सिंह के बड़े सुपुत्र डॉ. आदित्य सिंह ने नीट पीजी परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए ऑल इंडिया स्तर पर 1618वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ मित्रों, शुभचिंतकों और परिचितों में खुशी की लहर है।

डॉ. आदित्य सिंह ने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं से पूरी की। चिकित्सा शिक्षा के दौरान उन्होंने निरंतर मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्तमान में वह स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुल्तानपुर में जूनियर

रेजिडेंट के पद पर कार्यरत हैं। चिकित्सा सेवा के साथ-साथ उन्होंने नीट पीजी की तैयारी जारी रखी और कठिन परिश्रम के बल पर ऑल इंडिया स्तर पर 1618वीं रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। डॉ. आदित्य की इस सफलता को उनके परिवार की मेहनत, संस्कार और उनके स्वयं के समर्पण का परिणाम बताया जा रहा है। नीट पीजी जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षा में बेहतर रैंक हासिल करना चिकित्सा क्षेत्र में उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उनकी सफलता की जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, चिकित्सकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि डॉ. आदित्य सिंह ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर न केवल अपने माता-पिता और परिवार का गौरव बढ़ाया है, बल्कि सुल्तानपुर जनपद का नाम भी रोशन किया है। पिता सुजीत सिंह ने बताया कि डॉ. आदित्य शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहे हैं। उनका लक्ष्य चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़कर बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। नीट पीजी में मिली इस उपलब्धि से उनके परिजनों में विशेष उत्साह है और सभी को उम्मीद है कि वह आने वाले समय में चिकित्सा क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएंगे।

श्री महेश मोहिनी मेमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में धूमधाम से मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। श्री महेश मोहिनी मेमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी पूरनपुर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व फार्मासिस्ट दिवस की थीम ल्लद्धध्धबद्गन्द्धद्व घ्द्धथन्द्धथदद्वपप्प द्धन्द्गथ्द्यप्द्धद्वद्गन्‍ क्काफ्न्द्गपङ्क (स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना) रही।पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के ज्ञान, रचनात्मकता एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें मॉडल प्रेजेंटेशन, पोस्टर प्रेजेंटेशन, क्विज, शतरंज, कैरम, टिक-टैक-टो, लेमन स्पून रेस, म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

किया।कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 सितंबर 2026 को विश्व फार्मासिस्ट दिवस का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन डॉ. तेज बहादुर सिंह तेजू पत्नी अनुसूया सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह भदौरिया द्वारा रिबन काटकर किया गया।समापन समारोह में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य, भाषण, कविता एवं स्किट सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने सराहा।विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के लिए प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में भी शिक्षा, अनुसंधान एवं फार्मेसी के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. धीरेन्द्र सिंह, डॉ. नीरज सिंह, डॉ. आदित्य विक्रम सिंह, श्री रवि प्रताप सिंह, दीक्षा रवि प्रताप सिंह, मिस दीक्षा सिंह, एचओडी नेमतुल्लाह, नितिन, विशाल, असरा बी, मदन पाल सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर डॉ. तेज बहादुर सिंह तेजू ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं अवसर प्रदान कर उन्हें हेल्थकेयर प्रोफ़ेशनल के रूप में आगे बढ़ाना है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर सीखने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि फार्मेसी के विद्यार्थी भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।वहीं प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह भदौरिया ने विद्यार्थियों को ल्लद्धध्धबद्गन्द्धद्व घ्द्धथन्द्धथदद्वपप्प द्धन्द्गथ्द्यप्द्धद्वद्गन्‍ क्काफ्न्द्गपङ्क की भावना के अनुरूप अपने ज्ञान एवं कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करते हुए शिक्षा, अनुसंधान एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉलेज के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पांच दिवसीय विश्व फार्मासिस्ट दिवस समारोह ने विद्यार्थियों में फार्मेसी के प्रति जागरूकता, आत्मविश्वास, रचनात्मकता, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा दिया और कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं उल्लास के साथ हुआ।

सपा जिलाध्यक्ष ने जावेद अंसारी को बनाया जिला मीडिया प्रभारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने जावेद अंसारी को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेश गंगवार द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है। कि समाजवादी पार्टी के प्रति आपकी निष्ठा, लगन एवं समर्पण को देखते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की सहमति पर आपको समाजवादी पार्टी पीलीभीत का जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया जाता है।नियुक्ति पत्र में आशा व्यक्त की गई है कि जावेद अंसारी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और संगठन को मजबूत करने में अपना योगदान देंगे।जावेद अंसारी की

नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। कई कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पार्टी का मीडिया प्रबंधन और अधिक सशक्त होगा।नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी जावेद अंसारी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

दीवानी कचहरी गेट पर मीडियाकर्मी पर हमला

कचहरी के बाहर सरेआम खूनी खेल

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सत्यम मिश्रा दोपहर करीब 2:30 बजे अपने साथी नदीम सिद्दीकी के साथ दीवानी कचहरी के पास चाय की दुकान पर खड़े थे।इसी बीच घात लगाए बैठे दबंग अचानक लाठी-डंडों और हथियारों से लैस होकर पहुंचे और बिना संभलने का मौका दिए सत्यम पर टूट पड़े। अचानक हुए इस जानलेवा हमले से आसपास भगदड़ मच गई। हमलावर वारदात को अंजाम देकर आसानी से निकल भागे।वही घटना के पीछे वकीलों के प्रदर्शन से जुड़ा एक पुराना विवाद बताया जा रहा है।पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पूर्व अंबेडकर चौराहे पर अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के दौरान सत्यम मिश्रा के अधिवक्ता भाई शिवेंद्र मिश्रा का एक शख्स से विवाद और हाथापाई हुई थी।उसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए दबं गों ने इस वारदात की साजिश रची।घटनास्थल का निरीक्षण कर मेडिकल कॉलेज में घायल का हाल जाना गया है।सत्यम मिश्रा के परिजनों की शिका यत पर 5-6 अज्ञात/नामित आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं,आरोपियों को ज ल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।''योगेंद्र सिंह, सीओ नगर, गोंडा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । खाकी का खौफ किस कदर हावी हो चुका है,इसकी बानगी शुक्रवार दोपहर गोंडा के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में देखने को मिली नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित दीवानी कचहरी गेट के पास हनुमान मंदिर के पास चाय पी रहे मीडिया कर्मी सत्यम मिश्रा पर दबंगों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पांच से छःकी संख्या में आए हमलावरों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से पीट-पीट कर उनका सिर फोड़ दिया।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सरेराह दहशत फैलाते हुए मौके से फरार हो गए।खून से लथपथ सत्यम को स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन एंबुलेंस के जरिए गोंडा मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है।

26 सितम्बर को कक्षा 08 तक के विद्यालयों में स्थगित रहेगा शिक्षण कार्य

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में हो रही भारी वर्षा एवं मौसम विभाग की चेतावनी के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार 26 सितम्बर 2026 को जनपद में संचालित कक्षा-1 से कक्षा-8 तक के समस्त परिषदीय विद्यालय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय, सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालय, मदरसा एवं अन्य बोर्ड अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित किया जाता है। सभी सम्बन्धित को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा का जारी किया रेड अलर्ट

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। सचेत ऐप के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25, 26 व 27 सितम्बर 2026 तक बहराइच, बलरामपुर, गोण्डा, श्रावस्ती एवं सिद्धार्थनगर जनपदों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश, गरज-चमक के साथ बारिश और तेज़ हवाएं (हवा की गति 40-50 किमी/घंटा, झोंकों के साथ 60 किमी/घंटा तक) चलने का रेड अलर्ट जारी किया गया है। सचेत ऐप के माध्यम जारी रेड अलर्ट के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा जनपदवासियों विशेषकर नदियों के आसपास रहने वालों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से पानी के आस-पास न जायें। विशेषकर छोटे बच्चों के प्रति पूरी सावधानी बरते उन्हें नदियों, नालों, गढ्डों, जल स्रोतों के आस-पास न जाने दें।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर परिषदीय विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय रूपपुर कमालू में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को वंदे मातरम के इतिहास और महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।विद्यालय की शिक्षिका संजीदा नूर बच्चों को बताया कि वंदे मातरम की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने की थी। यह गीत हमारे स्वतंत्रता संग्राम में देशभक्तों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। इस गीत ने पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया था।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। साथ ही बच्चों ने देशभक्ति से जुड़े भाषण, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।प्रधानाध्यापक ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। बच्चों को इसके महत्व को समझना चाहिए और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे हैं।

एनएसएस के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपाधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र एवं छात्रा इकाई द्वारा सेवा संकल्प अभियान, नशा मुक्ति अभियान एवं स्वच्छता अभियान-2026 के अंतर्गत आज चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए। प्रतियोगिता में राधा रानी ने प्रथम, फलक फातिमा ने द्वितीय तथा कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गजेंद्र सिंह एवं डॉ. कविता कनौजिया उपस्थित रहे। इसके साथ ही रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी श्री रुद्रभान सिंह एवं डॉ. शेफाली सक्सेना की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का नेतृत्व अनुशासन अधिकारी डॉ. दुर्गेश धर द्विवेदी ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के अन्य कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों ने भी सहयोग प्रदान किया।

बारिश के चलते पीलीभीत में कल स्कूलों में अवकाश घोषित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रौशनी सिंह ने 26 सितंबर 2026 को जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है।बीएसए द्वारा जारी आदेश के अनुसार भारी बारिश के कारण बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिले में पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे रास्तों पर आवागमन भी मुश्किल हो गया है।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की डीएम ने समीक्षा किया

अमेठी,जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित निर्माण कार्यों (सीएम डैशबोर्ड) की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की विभागवार एवं संस्थावार समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जायेगा

तथा कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करने के बाद ही उसका उपयोग किया जाय। जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर जनता को उनका लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक विलंब, शिथिलता, मानकविहीन कार्य अथवा अन्य अनियमितता पाये जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पूरनपुर पुलिस ने दो वांछित अपराधियों को किया गिरफ्तार

पूरनपुर। कोतवाली पुलिस ने मारपीट मामले में फरार चल रहे दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खानकाह में कुछ दिन पूर्व मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने पहले कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दो आरोपी फरार चल रहे थे। फरार आरोपियों की पहचान खानकाह निवासी शाहिद खान पुत्र जहीर खान और बाबू खान पुत्र छोटे खान के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था।कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देश पर जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

सम्पादकीय

क्या होगा लोकतंत्र का भविष्य

लोकतंत्र को बनाए और बचाए रखने का एकमात्र उपाय है संविधान की बनाई व्यवस्था के मुताबिक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव। नागरिकों को मताधिकार इसलिए ही दिया गया है, ताकि वे अपनी मर्जी के प्रत्याशी को वोट दें और फिर जिसे बहुमत मिले, वह दल सत्ता पर काबिज हो। लेकिन मोदी सरकार में इस सीधी, स्पष्ट व्यवस्था पर बारम्बार चोट की गई। इस काम में चुनाव आयोग को भी इस्तेमाल में लाने के आरोप विपक्ष ने लगाए। अब अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस की एक खोजी रिपोर्ट से इन आरोपों को और बल मिला है। रिपोर्ट में चुनाव आयोग के अंदर मतदाता सूची के प्रबंधन और उसके डिजिटल सिस्टम को लेकर गंभीर मतभेदों का खुलासा किया गया है। इस खास खबर के मुताबिक, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले करीब 10 महीनों में कई बार चुनावी प्रक्रिया से जुड़े आईटी सिस्टम में बदलाव और मतदाता सूची के नियंत्रण के केंद्रीकरण पर आपत्ति दर्ज की। दोनों चुनाव आयुक्तों ने इस मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी अपनी आपत्तियों से अवगत कराया। उन्होंने कैबिनेट सेक्रेटरी तक अपनी आपत्तियां पहुंचाईं। लेकिन ज्ञानेश कुमार और कैबिनेट सेक्रेटरी ने चुप्पी साध ली। जिसके बाद मजबूरन दो महीने पहले जुलाई में दोनों चुनाव आयुक्तों ने अलग-अलग पत्र लिखकर कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन को भी चुनाव आयोग के प्रशासनिक और आईटी ढांचे में हुए बदलाव की जानकारी दी। दरअसल चुनाव आयोग ने इस साल 22 जनवरी को ईसीआईनेट नाम का नया डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किया था। इसके जरिए आयोग के 40 से ज्यादा ऐप और पोर्टल को एक ही तकनीकी ढांचे के अंतर्गत लाया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इसके लॉन्च के समय कहा था कि यह सिस्टम कानून के अनुरूप बनाया गया है। लेकिन अब खुलासा हुआ है कि राज्यों में मतदाता सूची तैयार करने और उसमें नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन करने के लिए कानूनन जिम्मेदार अधिकारियों को कुछ मामलों में इस नए सिस्टम पर अपेक्षित अधिकार नहीं मिल पा रहे थे। दरअसल 1950 का जन प्रतिनिधित्व कानून और रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स रूल्स, 1960 के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर यानी ईआरओ होता है। ईआरओ अमूमन एसडीएम या जिला प्रशासन के समान स्तर का अधिकारी होता है। जिन पर मतदाता सूची तैयार करने, दावों और आपत्तियों की सुनवाई करने तथा किसी नाम को सूची में रखने या हटाने का निर्णय लेने की जिम्मेदारी होती है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले करीब 10 महीनों में कई राज्यों में ऐसी स्थितियां सामने आईं जहां ईआरओ कानूनन फैसला तो ले रहे हैं, लेकिन उसे सॉफ्टवेयर में दर्ज नहीं कर पा रहे थे। यानी वोटर लिस्ट में किसी नाम को जोड़ना, हटाना, पहले लिए गए निर्णय को बदलना या अपील की प्रक्रिया आगे बढ़ाना अब ईआरओ के हाथ में नहीं रहा और नए सिस्टम के कारण इन फैसलों का नियंत्रण दिल्ली स्थित आईटी डिवीजन के स्तर पर केंद्रित हो गया। इसी पर चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू के निर्देश पर तत्कालीन उप चुनाव आयुक्त संजय कुमार ने आईटी महानिदेशक सीमा खन्ना और आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा कि ईआरओ, डीईओ और सीईओ के वैधानिक अधिकार उन्हीं अधिकारियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने चाहिए और किसी अन्य व्यक्ति या व्यवस्था द्वारा उन्हें सीमित नहीं किया जाना चाहिए। सुखबीर सिंह संधू ने यह भी बताया कि आईटी डिवीजन ने पिछले कुछ महीनों में कई नए मॉड्यूल और पोर्टल विकसित किए हैं, लेकिन इनकी जानकारी आयोग के सभी सदस्यों को नहीं दी गई। इनके अलावा दूसरे चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त, संधू और संजय कुमार को पत्र लिखकर मतदाता सूची के डेटाबेस के क्रमिक केंद्रीकरण्य पर चिंता जताई। जोशी ने सुझाव दिया कि इस पूरे सिस्टम का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए। उन्होंने आईआईटी के किसी बाहरी विशेषज्ञ को शामिल करने का प्रस्ताव रखा ताकि यह प्रमाणित किया जा सके कि मतदाता डेटाबेस में बदलाव करने का अधिकार सिर्फ उन्हीं वैधानिक अधिकारियों के पास हो जिन्हें कानून ने यह अधिकार दिया है।

स्वस्थ पर्यावरण तो स्वस्थ मानव, यही स्वस्थ पृथ्वी का संकल्प

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

आज दुनिया को इलाज आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था से रोकथाम आधारित पर्यावरणीय स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर बढ़ना होगा। अस्पताल बीमारी आने के बाद काम करता है, लेकिन स्वच्छ हवा बीमारी आने से पहले ही उसकी संभावना कम कर देती है। सुरक्षित पेयजल अस्पतालों पर बोझ घटाता है। हरित क्षेत्र मानसिक स्वास्थ्य को सहारा देते हैं। स्वच्छ ऊर्जा श्वसन रोगों का जोखिम घटाती है। बेहतर सार्वजनिक परिवहन वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन दोनों को कम कर सकता है। यही पर्यावरण और स्वास्थ्य का वास्तविक सहजीवन है। इसलिए विकास की परिभाषा पर भी पुनर्विचार जरूरी है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें, अधिक उपभोग और अधिक उत्पादन अपने आप में विकास नहीं हैं। विकास वह है जिसमें मनुष्य के साथ नदी, जंगल, मिट्टी, पशु-पक्षी और आने वाली पीढ़ियों के जीवन का भी स्थान हो। यूएनईपी के नवीनतम ग्लोबल इनवारमेंट आउटलुक-7 ने भी रेखांकित किया है कि स्थिर जलवायु, स्वस्थ प्रकृति, बेहतर भूमि-प्रबंधन और प्रदूषण-मुक्त वातावरण में निवेश से आने वाले दशकों में अर्थव्यवस्था को बड़े लाभ मिल सकते हैं, जबकि वर्तमान विनाशकारी रास्ता जलवायु, जैव-विविधता, भूमि और स्वास्थ्य पर भारी कीमत डाल सकता है। यहां भारत के लिए भी एक बड़ी संभावना छिपी है। जल-संरक्षण को केवल सरकारी योजना न बनाकर जन-आंदोलन बनाना होगा।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 का संदेश है- पर्यावरण स्वास्थ्य-समुदायों की रक्षा के लिए विज्ञान के साथ खड़े होना। यह थीम केवल पर्यावरण की रक्षा का आह्वान नहीं है, बल्कि विज्ञान, प्रमाण और सामूहिक जिम्मेदारी को मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा से जोड़ती है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता यही समझने की है कि पर्यावरण और स्वास्थ्य दो अलग-अलग विषय नहीं हैं। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जिस पानी को पीते हैं, जिस मिट्टी में अन्न उगता है, जिस तापमान में हमारा शरीर जीता है और जिस जैव-विविधता के बीच हमारा जीवन चलता है, ये सभी हमारे स्वास्थ्य के अदृश्य आधार हैं। पर्यावरण बीमार होगा तो मनुष्य स्वस्थ नहीं रह सकता और मनुष्य का अस्वस्थ जीवन पर्यावरण को और अधिक बीमार करेगा। दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है और जल-संकट अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की वास्तविकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार लगभग 3.6 अरब लोग वर्ष में कम-से-कम एक महीने अपर्याप्त जल उपलब्धता का सामना करते हैं। वर्ष 2000 के बाद बाढ़ से जुड़ी आपदाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की संख्या व अवधि में 29 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि पानी कम हो रहा है, इसका अर्थ यह भी है कि बीमारियां, विस्थापन, खाद्य-असुरक्षा और मानसिक तनाव बढ़ने की जमीन तैयार हो रही है। जलवायु परिवर्तन का सबसे कठोर चेहरा आज मानव शरीर पर दिखाई दे रहा है। डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार 2000-2004 की तुलना में 2017-2021 के दौरान 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में गर्मी से संबंधित मृत्यु-दर लगभग 85 प्रतिशत बढ़ी। गर्मी केवल असुविधा नहीं है, यह हृदय, श्वसन, मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य और अन्य बीमारियों को गंभीर बना सकती है। इसीलिए जलवायु नीति को स्वास्थ्य नीति से अलग देखने का समय समाप्त हो चुका है। वास्तव में पर्यावरणीय जोखिम आज वैश्विक स्वास्थ्य का मौन संकट बन चुके हैं। डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार पर्यावरण से जुड़े जोखिमों को कम करके दुनिया में होने वाली लगभग 24 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है। वायु प्रदूषण अकेले हर वर्ष लाखों समयपूर्व मौतों से जुड़ा है। इसलिए अस्पतालों की संख्या बढ़ाना ही स्वास्थ्य व्यवस्था का अंतिम लक्ष्य नहीं हो सकता। यदि हवा प्रदूषित है, पानी असुरक्षित है, मिट्टी जहरीली है और शहरों में गर्मी बढ़ रही है, तो बीमारी के कारणों को छोड़े रखकर केवल इलाज की व्यवस्था बढ़ाना अधूरा प्रयास होगा। आज दुनिया को इलाज आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था से रोकथाम आधारित पर्यावरणीय स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर बढ़ना होगा। अस्पताल बीमारी आने के बाद काम करता है, लेकिन स्वच्छ हवा बीमारी आने से पहले ही उसकी संभावना कम कर देती है। सुरक्षित पेयजल अस्पतालों पर बोझ घटाता है। हरित क्षेत्र मानसिक स्वास्थ्य को सहारा देते हैं। स्वच्छ ऊर्जा श्वसन रोगों का जोखिम घटाती है। बेहतर सार्वजनिक परिवहन वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन दोनों को कम कर सकता है। यही पर्यावरण और स्वास्थ्य का वास्तविक सहजीवन है। इसलिए विकास की परिभाषा पर भी पुनर्विचार जरूरी है। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें, अधिक उपभोग और अधिक उत्पादन अपने आप में विकास नहीं हैं। विकास वह है जिसमें मनुष्य के साथ नदी, जंगल, मिट्टी, पशु-पक्षी और आने वाली पीढ़ियों के जीवन का भी स्थान हो। यूएनईपी के नवीनतम ग्लोबल इनवारमेंट आउटलुक-7 ने भी रेखांकित किया है कि स्थिर जलवायु, स्वस्थ प्रकृति, बेहतर भूमि-प्रबंधन और प्रदूषण-मुक्त वातावरण में निवेश से आने वाले दशकों में अर्थव्यवस्था को बड़े लाभ मिल सकते हैं, जबकि वर्तमान विनाशकारी रास्ता जलवायु, जैव-विविधता, भूमि और स्वास्थ्य पर भारी कीमत डाल सकता है। यहां भारत के लिए भी एक बड़ी संभावना छिपी है। जल-संरक्षण को केवल सरकारी योजना न बनाकर जन-आंदोलन बनाना होगा। वर्षाजल संचयन, तालाबों और झीलों का पुनर्जीवन, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह की रक्षा, भूजल का वैज्ञानिक प्रबंधन, जल-अपव्यय पर नियंत्रण और कृषि में कम पानी वाली तकनीकों का विस्तार-ये सब पर्यावरण नीति के साथ-साथ स्वास्थ्य नीति भी हैं। हर पुनर्जीवित तालाब केवल पानी नहीं बचाता, वह भविष्य की बीमारी, विस्थापन और खाद्य-संकट को भी कम करने में योगदान देता है। इसी प्रकार जंगलों और जैव-विविधता की रक्षा को भी स्वास्थ्य के केंद्र में लाना होगा। मनुष्य ने जब जंगलों को काटा, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को नष्ट किया और प्रकृति के संतुलन को तोड़ा, तो उसका प्रभाव केवल पेड़-पौधों तक सीमित नहीं रहा। डब्ल्यू.एच.ओ. आज पर्यावरण, पशु और मानव स्वास्थ्य को एक साथ देखने वाले वन हैल्थ दृष्टिकोण पर बल देता है। इसका संदेश स्पष्ट है-मानव स्वास्थ्य को पृथक द्वीप की तरह सुरक्षित नहीं किया जा सकता, स्वस्थ मनुष्य के लिए स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र आवश्यक है। नई दिशा यह होनी चाहिए कि प्रत्येक शहर अपना पर्यावरण स्वास्थ्य बजट बनाए। इसमें केवल सड़क और भवन नहीं, बल्कि प्रति व्यक्ति हरित क्षेत्र, स्वच्छ हवा, सुरक्षित पानी, वृक्ष आवरण, जल-संचयन, कचरा प्रबंधन, गर्मी से सुरक्षा और जैव-विविधता जैसे मानकों को भी शामिल किया जाए। प्रत्येक विद्यालय में बच्चों को केवल पर्यावरण दिवस पर पौधा लगाने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें अपने क्षेत्र की नदी, तालाब, जलस्तर, वायु गुणवत्ता और जैव-विविधता का स्थानीय संरक्षक बनाया जाए। अस्पतालों को भी ऊर्जा-कुशल, कम-कार्बन और जल-संरक्षण आधारित बनाया जाए। विज्ञान इस अभियान का मार्गदर्शक बने और संवेदना उसका आधार। आंकड़े हमें संकट का आकार बताते हैं, लेकिन संवेदना हमें कार्रवाई के लिए प्रेरित करती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रकृति कोई बाहरी वस्तु नहीं है जिसे हम बचा रहे हैं, हम स्वयं प्रकृति का हिस्सा हैं। नदी को बचाना अपने रक्त में बहते जल को बचाना है, जंगल को बचाना अपनी सांस को बचाना है, मिट्टी को बचाना अपने भोजन को बचाना है और जलवायु को बचाना अपने भविष्य को बचाना है। आज आवश्यकता पर्यावरण बनाम विकास की बहस की नहीं, बल्कि पर्यावरण-सम्मत विकास की है। विज्ञान हमें रास्ता दिखा रहा है और प्रकृति हमें उसकी कीमत का संकेत दे रही है। अब निर्णय मनुष्य को करना है कि वह संसाधनों का स्वामी बनकर उन्हें समाप्त करेगा या संरक्षक बनकर उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएगा। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2026 का वास्तविक संदेश यही होना चाहिए- स्वास्थ्य मंत्रालय अकेले स्वस्थ समाज नहीं बना सकता और पर्यावरण मंत्रालय अकेले स्वस्थ पृथ्वी नहीं बचा सकता। दोनों को एक साथ चलना होगा। स्वच्छ हवा, निर्मल जल, स्वस्थ मिट्टी, सुरक्षित भोजन, संतुलित जलवायु और समृद्ध जैव-विविधता-ये पर्यावरण के विषय भर नहीं, मानव जीवन के मौलिक अधिकार हैं। अंततः हमें ऐसी दुनिया बनानी है जहां अस्पताल कम और स्वस्थ जीवन अधिक दिखाई दे, जहां बोतलबंद पानी खरीदना मजबूरी नहीं, सुरक्षित प्राकृतिक जल सामान्य जीवन का हिस्सा हो। जहां वृक्ष सजावट नहीं, जीवन-सहचर माने जाएं, जहां नदी संसाधन नहीं, जीवंत धरोहर समझी जाए। पर्यावरण को स्वस्थ करना ही मानव स्वास्थ्य को स्वस्थ करना है और मानव जीवन को स्वस्थ बनाना ही पर्यावरण की सबसे बड़ी सुरक्षा है। यही सोच स्वस्थ पर्यावरण, स्वस्थ मनुष्य और स्वस्थ विश्व की नई त्रिवेणी बना सकती है। यही विज्ञान के साथ खड़े होने का वास्तविक अर्थ है और यही विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की सार्थकता भी। **-ललित गर्ग**

अंग की धरती पर मुक्ति का संदेशःभगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक

कुमार कृष्णन

भागलपुर को केवल गंगा, रेशम और विक्रमशिला से जानना अधूरा है। शहर से कुछ दूर नाथनगर का चंपापुर उस प्राचीन स्मृति का द्वार खोलता है, जहां जैन परंपरा के बारहवें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य की जीवनगाथा जीवित है। चंपापुर को उनकी पंचकल्याणक (गर्भ,जन्म,तप, केवलज्ञान और मोक्ष) भूमि माना जाता है। भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक मनाया जाता है। इस अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है। यह अनुष्ठान जितना महत्वपूर्ण है, उससे अधिक महत्वपूर्ण वह दर्शन है जिसके केंद्र में कर्मबंधन से मुक्ति और आत्मा की शुद्धि अर्थात मोक्ष है। अंग जनपद प्राचीन भारत का महत्वपूर्ण जनपद था। चंपा उसकी प्रमुख नगरी थी। वर्तमान भागलपुर और आसपास का क्षेत्र इसी स्मृति को समेटे हुए है। व्यापार, संस्कृति और धर्म के साथ श्रमण परंपरा के विकास में भी इस भूभाग की बड़ी भूमिका रही। बिहार का नाम ही जैन श्रमणों के विहार से जुड़ा है। यह वह भूभाग है जहां तीर्थंकरों और साधुओं का विहार हुआ, चातुर्मास हुए और श्रमण दर्शन की धाराएं विकसित हुईं। जैन परंपरा के अनुसार चौबीस में से छह तीर्थंकरों का जन्म बिहार में हुआ और अनेक की निर्वाण स्थली भी यहीं है। इसी भूगोल में अंग और चंपापुर का स्थान समझना चाहिए। भगवान वासुपूज्य चौबीस तीर्थंकरों में बारहवें हैं। 'वासुपूज्य' का अर्थ है-जिनकी पूजा इंद्र भी करें। उनका जीवन संयम, वैराग्य और आत्मविजय का प्रतीक है। जैन दर्शन कहता है कि जीव अपने शुद्ध रूप में अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत वीर्य और अनंत सुख का अधिकारी है, पर कर्मों का आवरण उसे दूर रखता है। कर्मों के क्षय पर जीव अपने शुद्ध रूप को पाता है, यही मोक्ष है। इसलिए मोक्ष मृत्यु का पर्याय नहीं, कर्मों से पूर्ण मुक्ति है। मोक्ष कल्याणक इसी मुक्ति का स्मरण है परंपरा के अनुसार वासुपूज्य ने युवावस्था में संसार की असारता समझी, विवाह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया और संयम का मार्ग चुना। दीक्षा के बाद साधना से उन्हें केवलज्ञान और मोक्ष प्राप्त हुआ। उनका जीवन आज के उपभोग-केंद्रित समाज के सामने सवाल रखता है कि क्या जीवन का अर्थ केवल अधिक पाना है? जैन दर्शन का उत्तर है-नहीं। अधिक संग्रह मुक्त नहीं करता। अपरिग्रह भीतर लौटने की राह दिखाता है, अहिंसा दूसरे के जीवन के प्रति संवेदनशील बनाती है और संयम इच्छाओं पर नियंत्रण सिखाता है। चंपापुर की विशिष्टता यही है कि पांचों कल्याणक इसी से जोड़े जाते हैं। इसलिए इसे पंचकल्याणक क्षेत्र कहा जाता है। भागलपुर जिला प्रशासन भी चंपापुर दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र को गर्भ, जन्म, तप, केवलज्ञान और मोक्ष से जुड़ा मानता है। भागलपुर से करीब 48 किमी दूर बौंसी का मंदार जैन और हिंदू दोनों परंपराओं में महत्वपूर्ण है। जैन परंपरा में इसे दीक्षा, केवलज्ञान या निर्वाण से जोड़ा जाता है। विवरणों में अंतर है, इसलिए इन्हें धार्मिक परंपरा के संदर्भ में देखना उचित है। जिला प्रशासन भी मंदार को निर्वाण से संबंधित स्थल के रूप में दर्ज करता है। चंपापुर और मंदार को साथ देखने पर अंग के धार्मिक-सांस्कृतिक भूगोल की बड़ी तस्वीर बनती है। नाथनगर स्थित चंपापुर का वर्तमान मंदिर परिसर इस विरासत का जीवित प्रमाण है। यहां भगवान वासुपूज्य सहित अनेक तीर्थंकरों की प्रतिमाएं हैं और देशभर से श्रद्धालु आते हैं। चंपापुर की प्राचीनता, प्रतिमाओं, शिलालेखों और स्थापत्य को लेकर कई मान्यताएं हैं। इनका वैज्ञानिक पुरातात्विक परीक्षण और दस्तावेजीकरण जरूरी है। आस्था को प्रमाण से डरने की जरूरत नहीं। प्रामाणिक शोध से तीर्थ की प्रतिष्ठा और बढ़ती है। कौन-सी प्रतिमा किस काल की है, कौन-सा शिलालेख कब का है, मंदिर में क्या प्राचीन है और क्या बाद का निर्माण,इन पर शोध से चंपापुर को नई विश्वसनीयता मिलेगी। इतिहास और आस्था में संघर्ष जरूरी नहीं। आस्था तीर्थ को जीवित रखती है, इतिहास स्मृति को समझता है और पुरातत्व प्रमाणों की जांच करता है। अंग का महत्व वासुपूज्य तक सीमित नहीं है, महावीर की यात्राओं और चंपा में उनके प्रवास की स्मृतियां, चंदनबाला की कथा भी इसी भूभाग की जैन स्मृति का हिस्सा है। यह अंग को श्रमण परंपरा के विस्तार का महत्वपूर्ण क्षेत्र सिद्ध करता है इसलिए भागलपुर की पहचान बहुस्तरीय है। विक्रमशिला बौद्ध परंपरा का बड़ा केंद्र है तो चंपापुर जैन परंपरा की महत्वपूर्ण स्मृति। मोक्ष कल्याणक इस विरासत को फिर देखने का अवसर है।

सेहत मंत्र

असंतुलित भोजन के कारण खराब हो सकती है आपकी नींद

सेहतमंद रहने के लिए पर्याप्त नींद बहुत ज़रूरी है। नींद की कमी से शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं, इसलिए यदि आपको रात में ठीक से नहीं आ रही है तो इसे हल्के में न लें और अपनी जीवनशैली से लेकर डायट तक सभी चीज़ों पर आपको ध्यान देने की ज़रूरी है। जहां तक डायट का सवाल है तो लोग इसे सिर्फ वज़न से जोड़कर देखते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। डायट का आपके संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और नींद भी उसमें से एक है। कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे है जिनके सेवन से आपकी नींद प्रभावित हो सकती है इसलिए आपको इसके बारे में पता होना चाहिए। विशेषज्ञों के मुताबिक, कुछ लोगों को चाय/कॉफी की ऐसी लत होती है की रात को भोजन के बाद भी एक प्याली चाय पी लेते हैं, लेकिन उन्हें शायद यह पता नहीं होता कि चाय/कॉफी में मौजूद कैफीन लंबे समय तक दिमाग को एक्टिव रखता है जिससे आपको जल्दी नींद नहीं आती और आप देर रात तक करवटें बदलते रहते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रात में हमेशा हल्का और आसानी से पचने वाला भोजन ही करना चाहिए। यदि आप रात को तला-भुना और मसालेदार खा लेते हैं तो आपको पेट में जलन, एसिटिडी आदि की समस्या हो सकती है जिससे आपको रात को ठीक से नींद नहीं आएगी। आइसक्रीम का नाम सुनते ही हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है, लेकिन आपको भी यदि रात में आइसक्रीम खाने की आदत है तो इसे बदल लीजिए, वरना आपकी नींद खराब हो सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, आइसक्रीम में चीनी की मात्रा शुगर का लेवल बढ़ा देती है जिससे आंखों से नींद गायब हो जाती है। कुछ लोगों को खाने के बाद मीठा खाने की आदत होती है और वह हर रात को सोने से पहले चॉकलेट खाते हैं और फिर उन्हे अनिद्रा की समस्या हो जाती है। चिकित्सकों के अनुसार, ऐसा चॉकलेट में मौजूद फैट और कैफीन की वजह से होता है। यदि आप सुकून भरी नींद चाहते हैं तो हेल्दी डायट और एक्सरसाइज को अपनी रूटीन में शामिल करना बहुत ज़रूरी है। जब आपकी नींद पूरी होगी तो सुबह उठने पर आपको आलस और थकान नहीं, बल्कि ताज़गी का एहसास होगा और आप अपना हर काम फूर्ति से करेंगे।

धर्म मंत्र

मोर पंख से दूर करें 'वास्तु दोष'

भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण ने जब द्वापर युग में जन्म लिया था, तो बचपन से ही वह अपने सर पर मोर पंख धारण करते थे। आप श्री कृष्ण भगवान की कोई भी तस्वीर देखिए, उसमें उन के मुकुट में मोर पंख नजर आ जाएगा। वैसे भी वास्तु दोष के लिहाज से देखा जाए, तो घर में नेगेटिव एनर्जी ना आए, इसके लिए मोर पंख सबसे उत्तम है। यह वास्तुदोष से लेकर नजर दोष तक को आप से दूर रखता है, और इसके लिए आप लिविंग रूम, बेडरूम और पूजा घर में निश्चित रूप से मोर पंख लगाएं। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि मोरपंख बेहद खूबसूरत दिखने के साथ-साथ पवित्र भी है। मोर पंख ना केवल भगवान श्री कृष्ण, भगवान विष्णु को, बल्कि देवी लक्ष्मी को भी बेहद प्रिय है। इसके अतिरिक्त धर्म शास्त्रों की बात की जाए, तो भगवान कार्तिकेय का यह वाहन है, और इसलिए इसकी पूजा की जाती है। अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में नेगेटिव एनर्जी ना आए, तो आपको घर के मुख्य द्वार पर मोर के तीन पंख लगाने चाहिए। वहीं मोर पंख के नीचे गणेश जी की प्रतिमा लगाएं। इससे घर में आपकी शांति- खुशहाली आनंद का माहौल रहेगा, और नकारात्मक शक्तियां आपके घर में प्रवेश नहीं कर पाएंगी। अगर पूजा घर में आप देवताओं की तस्वीरों के साथ मोर पंख रखते हैं, तो इससे घर में समृद्धि बनती है। वहीं आर्थिक समस्याओं से भी आप दूर रहते हैं। आर्थिक समस्याओं से बचने के लिए आपको पैसा या जेवर इत्यादि रखने के स्थान पर भी मोर पंख रखना चाहिए। अगर आप चाहते हैं कि परिवार के लोगों के बीच में आपसी सामंजस्य और प्यार बना रहे, तो आप लिविंग रूम में मोर का पंख लगा सकते हैं।

पर्यटन

उदयपुर का सबसे प्रमुख आकर्षण केन्द्र है सिटी पैलेस

राजस्थान के अगर बेहतरीन पर्यटन स्थलों की बात हो और इसमें उदयपुर का नाम ना लिया जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। यह अपने इतिहास, संस्कृति और अपने आकर्षक स्थलों के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। उदयपुर का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है और आज भी इसका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व उतना ही है। पिछोला झील सिर्फ अपनी खूबसूरती के लिए ही नहीं जानी जाती, बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी यह उतनी ही महत्वपूर्ण है। यह माना जाता है कि इसका निर्माण 14 वीं शताब्दी में एक स्थानीय जिप्सी अर्थात बंजारे द्वारा किया गया था, और बाद में 16 वीं शताब्दी में मेवाड़ के शासक राणा उदय सिंह द्वितीय द्वारा इसका विस्तार किया गया था। इसका तट सिटी पैलेस, घाटों, हवेलियों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है, जबकि झील अपने आप में कई द्वीप महलों से युक्त है। इन्हें देखने के लिए आप सिटी पैलेस से घंटे भर की नाव की सवारी कर सकते हैं। उदयपुर का एक सबसे प्रमुख आकर्षण का केन्द्र है सिटी पैलेस। यह राजस्थान का सबसे बड़ा महल है और इसलिए इसकी अपनी एक अलग महत्ता है। यह पहली बार 16 वीं शताब्दी में उदयपुर के संस्थापक महाराणा उदय सिंह द्वारा बनाया गया था, और बाद में लगातार शासकों द्वारा इसका विस्तार किया गया था। आज इस महल को कई संग्रहालयों में विभाजित किया गया है। इस छोटे से बगीचे को मूल रूप से संग्राम सिंह द्वितीय द्वारा 18 वीं शताब्दी में 48 महिला परिचारिकाओं के लिए रखा गया था, जो अपनी शादी के बाद एक राजकुमारी के साथ थीं। यहाँ एक सुंदर कमल कुंड है, जो कई फव्वारे, कियोस्क और संगमरमर के हाथियों से घिरा हुआ है। यह 17 वीं शताब्दी का मंदिर हिंदू भगवान विष्णु के एक रूप भगवान जगन्नाथ के लिए बनाया गया था। यह महाराजा जगत सिंह द्वारा बनाया गया था। उदयपुर के पुराने शहर में स्थित इस मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्तियों के साथ-साथ संगीतकारों, नर्तिकयों और हाथियों के स्कल्पचर भी मौजूद हैं।

हैदरगढ़ ब्लॉक परिसर में पारिजात मॉडल प्रेरणा कैंटीन एवं आरओ वाटर कूलर का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

विधायक एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन, आमजन को मिलेगी स्वच्छ पेयजल व कैंटीन की सुविधा

हैदरगढ़, बाराबंकी। शुक्रवार को विकास खंड हैदरगढ़ परिसर में नवनिर्मित पारिजात मॉडल प्रेरणा कैंटीन एवं आरओ वाटर कूलर का उद्घाटन विधायक हैदरगढ़ तथा जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर दोनों जनोपयोगी सुविधाओं को क्षेत्रवासियों को समर्पित किया गया।नवनिर्मित सुविधाओं के शुरू होने से ब्लॉक परिसर में आने वाले ग्रामीणों, कर्मचारियों एवं आमजन को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल के साथ-साथ कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। इससे प्रतिदिन विभिन्न कार्यों से ब्लॉक परिसर पहुंचने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दिनेश रावत ने कहा कि जनसुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक परिसर में आने वाले ग्रामीणों, कर्मचारियों एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सुविधाओं से लोगों को राहत मिलेगी तथा भविष्य में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाता रहेगा।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, रणवीर सिंह 'मोनू', ग्राम प्रधान राजू सिंह, गौतम पाठक, बबलू सिंह, विक्रम सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा हैदरगढ़, हजारों श्रद्धालुओं ने दी भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। नगर पंचायत हैदरगढ़ के सब्जीमंडी वार्ड में दस दिनों तक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित गणेश उत्सव का समापन रविवार को भव्य गणेश विसर्जन यात्रा के साथ हुआ। प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा को नगर भ्रमण कराते हुए अवसानेश्वर महादेव मंदिर स्थित आदि गंगा गोमती तट तक ले जाया गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तों के जयघोष के बीच भगवान गणेश का विधिवत विसर्जन किया गया।पूर्व सभासद विपिन सोनी के संयोजन में निकली इस विशाल शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ''गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ'' के गगनभेदी नारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते-नाचते हुए भगवान गणेश के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते रहे।शोभायात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व सभासद ओम प्रकाश सिंह चौहान, स्कन्द तिवारी, व्यापारी नेता योगेश द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे मार्ग पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर भगवान गणेश का स्वागत किया और सुख, समृद्धि तथा मंगल की कामना की।भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनी यह गणेश विसर्जन यात्रा नगरवासियों के लिए आस्था और सामाजिक समरसता का अनुपम संदेश छोड़ गई।

बाराबंकी में मौसम का ऑरेंज अलर्ट, डीएम ने लोगों से सतर्क रहने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

27 सितंबर की सुबह तक भारी बारिश, वज्रपात और 60 किमी प्रति घंटे तक तेज हवाओं की संभावना

बाराबंकी। जनपद में मौसम के बिगड़ते मिजाज को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग और राहत आयुक्त, उत्तर प्रदेश की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 27 सितंबर 2026 की सुबह 8:30 बजे तक जिले में मेघगर्जन, वज्रपात, भारी वर्षा के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। झोंकों के दौरान हवाओं की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।संभावित खराब मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जनपदवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा है कि मौसम की स्थिति को देखते हुए अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें और जिला प्रशासन तथा मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनियों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करें। जिलाधिकारी ने लोगों से स्वयं के साथ अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की है।

प्रशासन अलर्ट, विभागों को दिए सुरक्षा के निर्देश ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, पंचायती राज, नगर निकाय, स्वास्थ्य, विद्युत और सिंचाई समेत सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षात्मक एवं निरोधात्मक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रखी जाएं और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जाए।

प्रशासन ने जलभराव वाले क्षेत्रों, निचले इलाकों, जर्जर भवनों तथा नदी-नालों के आसपास विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मौसम संबंधी चेतावनी का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने को कहा गया है।

आंधी-वज्रपात में इन बातों का रखें ध्यान

तेज हवाओं के दौरान लोगों को पेड़ों, बिजली के खंभों, कच्चे एवं जर्जर मकानों तथा कमजोर संरचनाओं से दूर रहने की सलाह दी गई है। मेघगर्जन और वज्रपात के समय खुले मैदान, पेड़ों के नीचे, तालाब अथवा जलभराव वाले स्थानों के पास जाने से बचने और सुरक्षित पक्के भवन में शरण लेने को कहा गया है। प्रशासन ने लोगों को टूटे हुए बिजली के तारों को न छूने तथा विद्युत खंभों, तारों और उपकरणों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। तेज बारिश के दौरान नदी, नाले और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने तथा अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा गया है। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की गई है।किसी भी आपात स्थिति में जनपदवासी जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 05248-226017 एवं 9454418880 पर संपर्क कर सकते हैं।

लगातार बारिश में कच्चा मकान ढहा परिवार के सामने आवास का संकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपु। क्षेत्र में पिछले करीब 24 घंटे से जारी बारिश के बीच मोहम्मदपुर काजी मजरे निशासिन गांव में एक पुश्तैनी कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। मकान के मलबे में गृहस्थी का सामान दब जाने से परिवार को नुकसान उठाना पड़ा। मकान गिरने से पहले परिजनों के बाहर निकल जाने के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

गांव निवासी सद्दाम हुसैन पुत्र स्वर्गीय शमशीर अहमद का पुश्तैनी कच्चा मकान लगातार बारिश के कारण कमजोर हो गया था। बारिश के दौरान अचानक मकान धराशायी हो गया। हादसे के समय परिवार के सदस्य मकान से बाहर थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मकान गिरने के बाद मलबे में घरेलू उपयोग का सामान दब गया, जिससे परिवार के सामने आर्थिक नुकसान की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

मकान के क्षतिग्रस्त होने के बाद परिवार के सामने बरसात के दौरान रहने की समस्या खड़ी हो गई है। परिवार में छोटे बच्चे भी हैं। फिलहाल सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था न होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन और राजस्व विभाग से मौके पर निरीक्षण कराकर मकान गिरने से हुए नुकसान का आकलन कराने की मांग की है। परिवार ने नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही तत्काल अस्थायी आवास की व्यवस्था किए जाने की भी अपील की है।

पीड़ित ने थाने में लगाई न्याय की गुहार

सुलतानपुर। थाना बल्दीराय क्षेत्र के पूरे वक्तावर मजरे सोंराव निवासी लालमणि पुत्र केशरी प्रसाद ने विपक्षी गोमती प्रसाद पर पंद्रह वर्ष पूर्व बटवारे के तहत बनाई गई चाहरदीवारी को जबरन गिराने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक परिवार के बंटवारे के बाद उक्त चाहरदीवारी का निर्माण कराया गया था, जो लंबे समय से मौके पर मौजूद थी। लालमणि का आरोप है कि विपक्षी ने कथित रूप से जबरन चाहरदीवारी को गिरा दिया, जिससे उनके परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद पीड़ित ने थाना बल्दीराय पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।
पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई तथा क्षतिग्रस्त चाहरदीवारी के संबंध में न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामला चाचा व भतीजे के बीच आपसी रंजिस का है विधिक कार्यवाही की जा रही है अब पुलिस की जांच और कार्रवाई पर पीड़ित की निगाहें टिकी हैं।

चोरी की दो मोटर साइकिलों के साथ शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

तिलोई अमेठी,थाना फुरसतगंज पुलिस ने चोरी की दो मोटर साइकिलों के साथ गैर जनपद के एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के तहत थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अनीश कुमार पुत्र भागीरथ निवासी ग्राम सोनवर्षा थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पकड़े गये युवक के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें हीरो सुपर स्प्लेण्डर संख्या यूपी 44 एई 6805, हीरो एचएफ डीलक्स यूपी 36 जे 1013 बरामद हुई। मोटरसाइकिलों के कागज मांगने पर नहीं दिखा सका एवं बताया कि ये मोटरसाइकिलें चोरी की हैं।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

पीआरपीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में धूमधाम से मना विश्व फार्मेसी दिवस

पूरनपुर। विश्व फार्मेसी दिवस के अवसर पर पीआरपीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत फार्मेसी जगत के रचयिता डॉ. एम. एल. श्रॉफ को याद कर की गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर फार्मेसी जगत में उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं योगदान को सराहा गया। इसके बाद कॉलेज में नाटक प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और फार्मेसी के महत्व पर अपने विचार रखे।सभी विजेता छात्र-छात्राओं को कॉलेज के एमडी अमित मिश्रा द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने छात्रों को फार्मेसी क्षेत्र में ईमानदारी और सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की प्रिंसिपल सिमरन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और छात्र मौजूद रहे।

हटुआ पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष, पीडीए पंचायत को किया संबोधित

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेश गंगवार आज पूरनपुर क्षेत्र के गांव हटुआ पहुंचे, जहां उन्होंने आयोजित पीडीए पंचायत को संबोधित किया।इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी की पीडीए की अवधारणा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को एकजुट कर उनके हक और सम्मान की लड़ाई है। भाजपा सरकार में पीडीए समाज का लगातार शोषण हो रहा है और उनके अधिकारों को छीना जा रहा है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर पीडीए पंचायत के माध्यम से लोगों को जागरूक करें और समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए ही भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने जिलाध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कई लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की है।

अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा समस्त थाना प्रभारियों एवं मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पीलीभीत। अपर अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत हिमांशु गौरव महोदय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों एवं मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई।
गोष्ठी में वर्तमान में संचालित पोर्टलों पर प्राप्त प्रकरणों में नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई गौकशी की घटनाओं की रोकथाम, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश, थानों पर खड़े वाहनों के नियमानुसार निस्तारण तथा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपराध नियंत्रण एवं जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा संबंधित प्रकरणों में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, समस्त थाना प्रभारी एवं मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी मौजूद रहे है।

कमरौली रेलवे क्रासिंग के चौड़ीकरण का श्रेय लेने की मची होड

लखनऊ सुल्तानपुर राष्टीय राजमार्ग पर जाम के झाम से आज भी जूझ रहे राहगीर अमेठी, लखनऊ सुल्तानपुर राष्टीय राजमार्ग पर स्थित थाना कमरौली के निकट रेलवे क्रासिंग के चौड़ीकरण का श्रेय लेने के लिये सांसद और विधायक के समर्थकों में होड़ मची हुई है सोशल मीडिया पर कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता इसे अपने सांसद और विधायक का प्रयास बता रहे हैं जबकि आम जनमानस मौन धारण किये हुये हैं और राहगीर रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनवाये जाने की बात कर रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके फिलहाल चौड़ीकरण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।जनपद की मुसाफ़िरखाना तहसील क्षेत्र में स्थित थाना कमरौली के पास रेलवे क्रासिंग संकरी होने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती थी। लखनऊ सुल्तानपुर राष्टीय राजमार्ग निर्माण के बाद से सैकड़ों लोग असमय काल के गाल में समा गये। बताते चलें कि रेलवे क्रासिंग के पास सड़क दुर्घटना में तमाम महिलाओं की मांग का सिंदूर मिट गया और कई बच्चे अनाथ हो गये लेकिन एनएच ए आई के साथ ही आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे रहे। लखनऊ सुल्तानपुर राष्टीय राजमार्ग पर स्थित कमरौली रेलवे क्रासिंग के चौड़ीकरण का कार्य प्रारम्भ होते ही सियासत गरमा गरम हो गई और कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने पत्राचार की कांपी लगाकर अपना प्रयास बता रहे हैं तो जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी इसे भाजपा सरकार की देन बताते हैं।इस रेलवे क्रासिंग के चौड़ीकरण के बाद जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में सियासत गरम हो गई है।जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायकी का ख्वाब देखने वाले कई सफ़ेदपोश अपने सांसद का प्रयास बताकर अपने हाथ अपनी पीठ थपथपा रहे हैं ।

शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर । परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को बीएलओ सहित अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह के कार्यालय पहुंचा और मांगपत्र सौंपा। जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में परिषदीय शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी लगाए जाने से शिक्षण कार्य प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि शिक्षक पहले से ही विद्यालयी शिक्षण, प्रशासनिक एवं विभागीय दायित्वों के साथ 69000 भर्ती के बीएड शिक्षकों के ब्रिज कोर्स में भी व्यस्त हैं। ऐसे में अतिरिक्त गैर-शैक्षणिक दायित्वों से विद्यालयों में पठन-पाठन प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 27 के तहत शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने का प्रावधान है तथा निर्धारित अपवादों में ही शिक्षकों की सेवाएं ली जा सकती हैं। संघ ने शासनादेशों एवं न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की। संघ ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि शिक्षकों को विद्यालयों में शिक्षण कार्य के लिए उपलब्ध रखा जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। प्रतिनिधिमंडल में शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।संरक्षक अखिलेश उपाध्याय,वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्रा, संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय,भदैयाअध्यक्ष अंजनी शर्मा मंत्री दुबेपुर हेमंत यादव, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र राव,संतोष पाण्डेय,राजमणि यादव, विमलेश,दिनेश बरनवाल, कीर्ति वर्णवाल, हरे कृष्णा, सुनील कुमार ,महेंद्र कुमार सरोज ,बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार, उमेश कुमार, मिथिलेश कुमार ,अनीता देवी, अखिलेश कुमार, अजय कुमार, अशरफ मोईद ,मोहित ओमकार ,राजभवन, आनंद सागर संजय कुमार ,विपिन कुमार तिवारी, अतुल कुमार यादव, सुजीत कुमार यादव इत्यादि रहे।

दुर्गा पूजा महोत्सव में सुरक्षा और सद्भाव को लेकर की अहम बैठक, कसी कमर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों के मद्देनजर जिला सुरक्षा संगठन सुलतानपुर की अति आवश्यक बैठक बुधवार रात संगठन अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव के आवास (आशीर्वाद हॉस्पिटल), बढ़ैयाबीर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के 25 वार्डों के अध्यक्षों तथा कार्यसमिति एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लेकर आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर तैयारियों और जिम्मेदारियों पर चर्चा की।

अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान जिला सुरक्षा संगठन का शिविर चौक में लगाया जाएगा। पूरे महोत्सव के दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य पूरी जिम्मेदारी के साथ शासन-प्रशासन, श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों का सहयोग करेंगे। उन्होंने वार्ड अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। महासचिव हाजी मोहम्मद इलियास खान ने कहा कि सुलतानपुर हमेशा से हिन्दू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक रहा है। यहां सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में सहयोग और सहभागिता करते आए हैं। उन्होंने कहा कि यह परंपरा आगे भी इसी मजबूती के साथ जारी रहेगी। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा, सहयोग, यातायात व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। संगठन ने महोत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया। बैठक के दौरान कमल नयन पाण्डेय संरक्षक आशीष कुमार अग्रवाल, राधेश्याम गुप्ता, जाहिद आब्दी संयोजक, सरदार बलदेव सिंह मुख्य संयोजक, अफ्तार अहमद मीडिया प्रभारी, कुलदीप गुप्ता,अखिलेश श्रीवास्तव, रमेश चंद्र गुप्ता, गौतम सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार गुप्ता, जावेद अहमद, मनोज, कृष्ण चंद गुप्ता, रामसागर गुप्त, अभय शर्मा, अखिल बिहारी श्रीवास्तव, मोहम्मद असद, जहीन अहमद, अखिलेश मिश्रा, चंद्र देव मिश्र, गोकरण पाठक, डॉ एस के सिंह, सिराज खान, दिलीप वर्मा समेत अन्य वार्ड अध्यक्ष एवं कार्यसमिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बारिश में बिजली का खतरा, जरा सी चूक पड़ सकती है भारी : एसडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। लगातार बारिश और तेज हवाओं के बीच विद्युत विभाग ने बिजली सुरक्षा को लेकर आमजन को सावधान किया है। बल्दीराय एसडीओ मार्तण्ड प्रताप सिंह ने जनहित में अपील जारी कर लोगों से खराब मौसम के दौरान विद्युत तारों, पोल और उपकरणों से विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। विभाग का कहना है कि बारिश और आंधी के दौरान विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में जरा सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है

गिरे तार को छूने की भूल न करें

कहा कि आंधी-तूफान में यदि विद्युत पोल टूट जाए अथवा तार जमीन पर गिरा दिखाई दे तो उसे छूने या हटाने का प्रयास कतई न करें। उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें। सबसे अधिक सावधानी उस समय जरूरी है, जब विद्युत तार पानी में गिरा हो। ऐसी स्थिति में आसपास जाने से भी बचें, क्योंकि पानी में करंट फैलने की आशंका हो सकती है।

गीले हाथों से स्विच छूना भी खतरनाक

बारिश के दौरान गीले हाथों से स्विच, प्लग, मीटर अथवा किसी विद्युत उपकरण को छूने से बचें। घरों और दुकानों के बाहर लगे विद्युत उपकरणों तथा खुले तारों से बच्चों को दूर रखें। बारिश के बीच विद्युत उपकरणों के साथ असावधानी भारी पड़ सकती है।

खराब लाइन को खुद ठीक करने का न करें प्रयास

एसडीओ ने स्पष्ट किया कि आंधी-बारिश के बाद कहीं विद्युत पोल, तार अथवा लाइन क्षतिग्रस्त दिखाई दे तो उसे ठीक करने या तार हटाने का प्रयास स्वयं न करें। इसकी सूचना तत्काल संबंधित विद्युत विभाग को दें। विद्युत लाइन में खराबी की मरम्मत केवल प्रशिक्षित विद्युत कर्मियों से ही कराई जाए। सतर्कता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में बिजली से जुड़े संभावित खतरों को देखते हुए विभाग की अपील को गंभीरता से लेना जरूरी है। एक छोटी सी लापरवाही परिवार की खुशियों पर भारी पड़ सकती है, जबकि थोड़ी सी सतर्कता किसी बड़े हादसे को टाल सकती है। एसडीओ ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम में विद्युत लाइनों और उपकरणों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरतें तथा किसी भी आपात स्थिति में स्वयं जोखिम न उठाकर विद्युत विभाग को सूचना दें।सुरक्षित रहें, सतर्क रहें । विद्युत सुरक्षा में लापरवाही न करें।

एशियाई खेल: सुरुचि-कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में जीता स्वर्ण, बनाया एशियाई रिकॉर्ड

एजेंसी

आइची-नगोया। भारत की सुरुचि सिंह और कमलजीत की जोड़ी ने शुक्रवार को एशियाई खेल 2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके साथ ही भारत के खाते में खेलों का दूसरा स्वर्ण पदक आ गया।

भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 484.6 अंक हासिल कर स्वर्ण अपने नाम किया और नया एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। दक्षिण कोरिया ने 478.0 अंक के साथ रजत, जबकि ईरान ने 415.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। इंडोनेशिया 349.4 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहा और पदक की दौड़ से बाहर हो गया। सुरुचि और कमलजीत ने फाइनल की शुरुआत शानदार अंदाज में की। पहली सीरीज में भारतीय जोड़ी ने 103 अंक हासिल कर बढ़त बनाई। दूसरी सीरीज में 99.4 अंक और तीसरी में 101.1 अंक

जुटाकर भारत ने कुल 303.5 अंक के साथ अपनी बढ़त कायम रखी। फाइनल के दूसरे चरण में भी भारतीय जोड़ी का दबदबा बना रहा। पहली सीरीज में 61.2 अंक हासिल करने के बाद भारत का स्कोर 364.7 पहुंच गया। इसके बाद दूसरी सीरीज में 60.2 अंक जोड़कर भारतीय जोड़ी ने कुल 424.9 अंक कर लिए और दक्षिण कोरिया पर 8.4 अंक की बढ़त बना ली। दक्षिण कोरिया ने अंतिम सीरीज में वापसी की कोशिश की, लेकिन सुरुचि और कमलजीत ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 484.6 अंक के साथ स्वर्ण पक्का कर लिया। भारत की बढ़त रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया से 6.6 अंक रही। भारतीय जोड़ी का स्कोर विश्व रिकॉर्ड से चार अंक कम रहा। भारत ने इस प्रदर्शन के साथ इस स्पर्धा का एशियाई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इससे पहले उज़्बेकिस्तान ने इसी वर्ष नई दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के दौरान 481.3 अंक के साथ यह रिकॉर्ड बनाया था। हरियाणा के झज्जर की सुरुचि सिंह ने 13 साल की उम्र में निशानेबाजी शुरू की थी। उन्होंने 2025 में ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में लगातार तीन व्यक्तिगत आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण पदक जीते। लीमा में उन्होंने मिश्रित टीम में भी स्वर्ण हासिल किया। 2025 में दोहा विश्व कप फाइनल में उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में 245.1 अंक के जूनियर विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता। 2026 में म्यूनिख विश्व कप में भी उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया। नई दिल्ली में 2026 एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत पदक जीता था।

दिल्ली के सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बने विजय दहिया, केपी भास्कर चयन समिति के प्रमुख

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को 2026-27 घरेलू सत्र के लिए दिल्ली सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच फिर नियुक्त किया गया है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने शुक्रवार को पुरुष और महिला टीमों के कोच तथा चयन समितियों की घोषणा की। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बचपन के कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राजकुमार शर्मा को पुरुष टीम का स्टेट मेंटर बनाया गया है। महिला टीमों के लिए सुनीता शर्मा को स्टेट मेंटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीडीसीए के अनुसार पुरुष और महिला टीमों की चयन समितियों तथा कोचों के चयन का फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) की सिफारिशों के बाद किया गया। विजय दहिया इससे पहले आईपीएल-2022 की चैंपियन गुजरात टाइटंस के सहायक कोच रह चुके हैं। उन्होंने दिल्ली को 2007-08 रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने वाली टीम के मुख्य कोच के रूप में काम किया था। वह 2012-13, 2014-15 और 2015-16 सत्र में भी दिल्ली टीम के साथ इसी भूमिका में रहे थे। भारत के लिए दो टेस्ट और 10 वनडे खेलने वाले दहिया अब पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर और चयनकर्ता सरनदीप सिंह की जगह लेंगे। सरनदीप पिछले दो सत्र में दिल्ली के मुख्य कोच थे और अब सीएसी का हिस्सा हैं। दहिया के साथ क्षितिज शर्मा और कुलदीप रावत सहायक कोच होंगे, जबकि संजीव शर्मा और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज परविंदर अवाना गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। दिल्ली की रणजी ट्रॉफी 2026-27 में शुरुआत 11 अक्टूबर को कल्याणी में बंगाल के खिलाफ मुकाबले से होगी। पूर्व दिल्ली क्रिकेटर केपी भास्कर को सीनियर पुरुष चयन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। तीन सदस्यीय समिति में मनु नायर और प्रवीण गुप्ता शामिल होंगे। पूर्व भारतीय खिलाड़ी रीमा मल्होत्रा को सीनियर महिला चयन समिति की प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनके साथ स्वर्ण छाबड़ा और रानी ओझा समिति में होंगी। उम्र वर्ग की टीमों में पूर्व दिल्ली बल्लेबाज रॉबिन बिष्ट को पुरुष अंडर-23 टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके साथ मोहन चतुर्वेदी और राजिंदर सिंह चावला सहायक कोच होंगे। राजीव नैय्यर पुरुष अंडर-19 टीम के कोच होंगे, जबकि राजू शर्मा और अभिषेक मंकोटिया को क्रमशः पुरुष अंडर-16 और अंडर-14 टीमों का मुख्य कोच बनाया गया है। महिला टीमों में पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लतिका कुमारी को महिला अंडर-23 टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दीप्ति ध्यानी सीनियर महिला टीम की मुख्य कोच के पद पर बनी रहेंगी। वहीं, सोननेट क्लब के कोच देवेंद्र शर्मा महिला अंडर-19 चयनकर्ता की भूमिका में बने रहेंगे। डीडीसीए ने हाई परफॉर्मेंस ग्रुप का भी गठन किया है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज गुरशरण सिंह को पुरुष कार्यक्रम का और बंटू सिंह को महिला कार्यक्रम का मुख्य बल्लेबाजी कोच बनाया गया है।

संक्षिप्त समाचार

ललित और कुशल भुर्तेल की फिरकी से नेपाल ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया

निसिन। कुशल भुर्तेल और ललित राजबंशी की शानदार गेंदबाजी के दम पर नेपाल ने एशियाई खेलों में अपने क्रिकेट अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। नेपाल ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 102 रन बनाए, जिसके जवाब में नेपाल ने 17.2 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन उसकी शुरुआत बेहद खराब रही। पांचवें ओवर तक टीम का स्कोर तीन विकेट पर 16 रन हो गया था। बाएं हाथ के स्पिनर ललित राजबंशी ने पावरप्ले में अपने तीन ओवर में तीनों विकेट हासिल किए। अफगानिस्तान की ओर से पदार्पण कर रहे फैसल अहमदजई ने 33 गेंदों पर 30 रन बनाए, जबकि नजीबुल्लाह जादरान ने भी 30 रन की पारी खेली। दोनों ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन लेग स्पिनर कुशल भुर्तेल ने मध्यक्रम को टिकने नहीं दिया। भुर्तेल ने चार ओवर में 21 रन देकर चार विकेट लिए। नजीबुल्लाह और अहमदजई के अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नेपाल की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। भुर्तेल पहली ही ओवर में बिना खाता खोले आउट हो गए और सातवें ओवर तक नेपाल का स्कोर तीन विकेट पर 31 रन हो गया। इसके बाद सुंदीप जोरा और पूर्व कप्तान रोहित पौडेल ने मोर्चा संभाला। दोनों ने अहम पारियां खेलकर नेपाल को जीत की राह पर वापस ला दिया। जोरा ने 34 रन बनाए, जबकि पौडेल 33 रन बनाकर नाबाद रहे। गुलशन झा के साथ मिलकर पौडेल ने नेपाल को 18वें ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इस हार के साथ अफगानिस्तान को प्रतियोगिता में पहली हार का सामना करना पड़ा। उसने इससे पहले गुरुवार को जापान को हराकर अभियान की शुरुआत की थी।

भारत ने थाईलैंड को 66-28 से रौंदकर पुरुष कबड्डी के फाइनल में बनाई जगह

आइची-नगोया। आठ बार की चैंपियन और गत विजेता भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में थाईलैंड को 66-28 से हराकर एशियाई खेल 2026 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम अब अपने खिताब का बचाव करने से एक जीत दूर है। भारत ने पुरुष कबड्डी स्पर्धा के अपने नौवें फाइनल में जगह बनाई है। टीम ने पूरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों हाफ में थाईलैंड पर दबदबा बनाए रखा। भारत ने पहले हाफ में 37 अंक हासिल किए, जबकि थाईलैंड 18 अंक ही जुटा सका। दूसरे हाफ में भी भारत ने 29 अंक जोड़े और थाईलैंड को केवल 10 अंक मिले। पहले हाफ में भारत ने 21 आउट अंक, 12 बोनस अंक और दो ऑलआउट हासिल किए। थाईलैंड ने 13 आउट अंक, तीन बोनस अंक जुटाए और एक ऑलआउट लगाया। मुकाबले के शुरुआती हिस्से में थाईलैंड ने भारतीय टीम को चुनौती देने की कोशिश की, लेकिन भारत ने जल्द ही अपनी पकड़ मजबूत कर ली। पहले हाफ की समाप्ति पर भारत ने 37-18 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में भारतीय टीम ने 22 आउट अंक और तीन बोनस अंक हासिल किए तथा दो और ऑलआउट लगाए। थाईलैंड को इस दौरान सात आउट अंक, दो बोनस अंक और एक तकनीकी अंक मिला। भारत ने लगातार आक्रामक रेडिंग और मजबूत डिफेंस के दम पर मुकाबला एकतरफा कर दिया। थाईलैंड के खिलाड़ी थकान से जूझते दिखे, जिसका भारत ने पूरा फायदा उठाया। देवांक ने शानदार रेड करते हुए लगातार अंक जुटाए, जबकि अयान, अर्जुन देशवाल और असलम इनामदार ने भी टीम की बढ़त बढ़ाने में योगदान दिया। भारतीय पुरुष टीम प्रतियोगिता में अब तक अजेय है। उसने ग्रुप ए में अपने चारों मुकाबले जीतने के बाद सेमीफाइनल में भी शानदार जीत दर्ज की। फाइनल में भारत का सामना ईरान या चीनी ताइपे से होगा। इससे पहले भारतीय महिला कबड्डी टीम ने भी नेपाल को 48-24 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारत ने सेमीफाइनल में शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और पहले हाफ में 31-17 की बढ़त हासिल की। दूसरे हाफ में भारत ने 17 अंक जुटाए, जबकि नेपाल केवल सात अंक ही हासिल कर सका। पहले हाफ में भारत ने 23 आउट अंक, चार बोनस अंक और दो ऑलआउट लगाए। नेपाल को 13 आउट अंक और तीन बोनस अंक मिले, जबकि उसने एक सुपर टैकल भी किया। दूसरे हाफ में भी भारत का दबदबा कायम रहा। भारतीय टीम ने 12 आउट अंक, तीन बोनस अंक और एक ऑलआउट लगाया। नेपाल इस दौरान केवल पांच आउट और दो बोनस अंक ही जुटा सका। इस तरह एशियाई खेलों में भारत की पुरुष और महिला दोनों कबड्डी टीमें फाइनल में पहुंच गई हैं।

ऑस्ट्रेलिया सीरीज डब्ल्यूटीसी चक्र में महत्वपूर्ण, टीम इस चुनौती के लिए हो रही तैयार: प्रसिद्ध कृष्णा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम लंबे और महत्वपूर्ण घरेलू सत्र की शुरुआत 27 सितंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से करेगी। टीम का लक्ष्य 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी खुद को तैयार करना है। घरेलू सत्र से पहले जियोस्टार से बातचीत में भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने चोट से वापसी, पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की चुनौती, अलग-अलग परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत और 2027 विश्व कप को लेकर अपनी तैयारियों पर बात की। चोट से वापसी पर प्रसिद्ध ने कहा, चोटिल होना और चल रही क्रिकेट का हिस्सा नहीं बन पाना किसी के लिए भी मुश्किल होता है। रिहैब की प्रक्रिया कठिन होती है, क्योंकि आपको बार-बार वही चीजें करनी पड़ती हैं। ऐसे में टीम और स्पोर्ट्स साइंस स्टाफ की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। आपके आसपास के लोग भी काफी मायने रखते हैं, इसलिए परिवार और दोस्तों जैसे अच्छे लोगों का साथ होना जरूरी है। इसके अलावा यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप चीजों को अपनी इच्छा के मुताबिक करने के लिए कितने दृढ़ हैं। यह कहना आसान है कि मैं चोटिल था, कुछ नहीं कर सका और वापसी में समय लगेगा। लेकिन मानसिक मजबूती के साथ उठकर फिर से शुरुआत करना भी जरूरी है। मैं हमेशा खुद से कहता हूं कि अगर चोट लगने के समय मैं एक स्तर पर था, तो वापसी के बाद मुझे उससे दस गुना बेहतर होना चाहिए। यह सोच बहुत महत्वपूर्ण है। न्यूजीलैंड दौरे को लेकर प्रसिद्ध ने कहा, न्यूजीलैंड पूरी तरह अलग चुनौती होगी। वहां खेलना शानदार है, लेकिन गेंदबाज के तौर पर यह आपकी हर तरह से परीक्षा लेता है—आपकी स्किल, आपकी सहनशक्ति और लगातार एक सत्र के बाद दूसरे सत्र में वापसी करने की क्षमता की। फिलहाल हमारा ध्यान बुनियादी चीजों को सही करने पर है। वहां पहुंचने के बाद हम परिस्थितियों को समझेंगे और उसी के अनुसार खुद को ढालेंगे।

मुलानी के सात विकेट से भारत ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 162 रन से हराया

एजेंसी

पुडुचेरी। शम्स मुलानी की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ए को 162 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। चौथे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ए की टीम 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 55.1 ओवर में 200 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ए ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 55 रन से की थी। उसे जीत के लिए 308 रन और चाहिए थे, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शुरुआती झटके दिए। नाथन मैकस्वीनी गली में कैच देकर आउट हुए, जबकि दो ओवर बाद पीटर हैंड्सकॉम्ब को कम उछाल वाली गेंद ने

बोल्ड कर दिया। इसके बाद तुषार देशपांडे ने शानदार रिवर्स स्विंग का प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया ए की पारी को और झटका दिया। उन्होंने जोश फिलिप को बोल्ड किया और फिर लगातार दूसरी गेंद पर लियाम स्कॉट को भी पवेलियन भेज दिया। देशपांडे ने दूसरी पारी में 14 रन देकर तीन विकेट लिए। जेसन सांघा को 11 रन के निजी स्कोर पर स्टंपिंग का मौका मिला, जबकि इसी ओवर में उनके खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील भी हुई, लेकिन भारत ने रिव्यू नहीं लिया। हालांकि, सांघा ज्यादा देर नहीं टिक सके और तनुश कोटियान की गेंद पर स्लॉग स्वीप खेलने के प्रयास में 26 रन बनाकर बोल्ड हो गए। इसके बाद फर्गस ओ'नील और टॉड मर्फी ने आठवें विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया ए की हार को कुछ देर टाला। यह मैच में ऑस्ट्रेलिया ए की एकमात्र अर्धशतकीय साझेदारी रही। लंच के बाद भारत ए को जीत के लिए सिर्फ 6.1 ओवर लगे। शम्स मुलानी ने ओ'नील को डीप मिडविकेट पर कैच कराया। इसके बाद मर्फी को बी. साई सुदर्शन ने लेग गली में शानदार कैच लेकर पवेलियन भेजा। ब्रेंडन डोगेट का कैच शेख रशीद ने लॉन्ग ऑफ पर आगे की ओर डाइव लगाकर पकड़ा और ऑस्ट्रेलिया ए की पारी 200 रन पर समाप्त हो गई।

आर्थिक संकट के बीच क्रिकेट वेस्टइंडीज ने खिलाड़ियों के वेतन में की 25 फीसदी कटौती

नई दिल्ली। आर्थिक संकट से जूझ रहे क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के वेतन में 25 फीसदी कटौती करने का फैसला लिया है। बोर्ड ने शुक्रवार को वित्तीय स्थिति से निपटने के लिए वेतन कटौती के साथ कई अन्य कदमों की भी घोषणा की। क्रिकेट वेस्टइंडीज के अनुसार, वेतन में कटौती के बावजूद अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 12 महीने के अनुबंध पर बने रहेंगे। वहीं, घरेलू खिलाड़ियों के रिटेनर अनुबंध की अवधि घटाकर सात महीने कर दी गई है। बोर्ड ने खर्च कम करने और 2027 वनडे विश्व कप के क्वालीफायर तथा मुख्य टूर्नामेंट की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस साल होने वाले पुरुष सुपर50 और महिला टी20 ब्लेज को भी स्थगित कर दिया है। महिला सुपर50 की जगह अगले साल बेस्ट बनाम बेस्ट विकास टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। वहीं, वेस्टइंडीज की चार दिवसीय प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता डब्ल्यूआई क्रिकेट चैंपियनशिप इस साल की तरह ही द्विपक्षीय सीरीज के प्रारूप में 12 मैचों के साथ जारी रहेगी।

वित्त वर्ष 2025-26 में एफडीआई 94.53 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर : गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में 94.53 अरब डॉलर के अब तक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 2014-26 के दौरान कुल संचयी एफडीआई प्रवाह 843 अरब डॉलर रहा है। गोयल ने 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम की 12वीं वर्षगांठ के मौके पर कहा कि एफडीआई के साथ-साथ देश में मैन्युफैक्चरिंग यानी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से किए गए सुधारों का असर दिख रहा है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ने वित्त वर्ष 2025-26 में नया रिकॉर्ड बनाया है। आज उस सोच की 12वीं सालगिरह है, जो इस साधारण विश्वास पर आधारित है कि ''भारत दुनिया के लिए मैन्युफैक्चरिंग कर

सकता है''। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के चलते 2.40 लाख करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश हुआ। इस दौरान 23.8 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन-बिक्री हुई और 15.2 लाख करोड़ रुपये का निर्यात दर्ज किया गया। इसके साथ ही इन योजनाओं से 14.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, दवा, चिकित्सा उपकरण, वाहन, आईटी हार्डवेयर और विशेष इस्पात जैसे क्षेत्रों को पीएलआई योजनाओं से काफी लाभ भी हुआ है। गोयल ने कहा कि ये आंकड़े एक उत्साहजनक तस्वीर पेश करते हैं। गोयल ने आगे कहा कि यह हमें याद दिलाता है कि जब कोई देश अपनी क्षमताओं पर भरोसा करता है और सरकार लगातार सुधारों और ठोस कदमों से उस भरोसे को मज़बूत करती है, तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। पीयूष गोयल ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' का सफर और भी बड़े लक्ष्य के साथ जारी है। भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बनाना है, जो 2047 तक 'विकसित भारत' के हमारे विजन को भी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत देशभर में नये औद्योगिक स्मार्ट शहर स्थापित किए जा रहे हैं।

आंध्र प्रदेश में फसल सीजन 2025-26 के लिए अतिरिक्त तंबाकू बिक्री को मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के तंबाकू उत्पादक किसानों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने फसल सत्र 2025-26 के लिए पंजीकृत और गैर-पंजीकृत किसानों के अतिरिक्त 'फ्लू-क्योर्ड वर्जीनिया तंबाकू' को तंबाकू बोर्ड से अधिकृत नीलामी मंचों पर बेचने की अनुमति दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार इस कदम के बाद पंजीकृत किसान अपने अतिरिक्त तंबाकू और गैर-पंजीकृत किसान अनधिकृत तंबाकू को तंबाकू बोर्ड से मान्यता प्राप्त नीलामी मंचों पर बेच सकेंगे। फ्लू-क्योर्ड ऐसा तंबाकू होता है, जिसे धातु के पाइपों (फ्लू) के जरिए पहुंचाई गई गर्मी का उपयोग करके विशेष, धुआं-मुक्त भट्टियों में सुखाया जाता है। मंत्रालय की ओर से 24 सितंबर को जारी इस अधिसूचना के अनुसार केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में फसल सत्र 2025-2026 के दौरान तंबाकू नीलामी के लिए तंबाकू बोर्ड अधिनियम के एक प्रावधान के क्रियान्वयन में ढील दी है। वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव नितिन कुमार यादव के नेतृत्व में एक दल ने जुलाई में इस तंबाकू के मौजूदा बाजार हालातों की समीक्षा के लिए आंध्र प्रदेश का दौरा किया था।

प्रस्तावित यूपीआई एमडीआर कोई कर या अधिभार नहीं, उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा बोझ: सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित मर्चेन्ट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर विपक्ष की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि यह न तो कर है, न उपकर और न ही अधिभार। उन्होंने कहा कि इससे मिलने वाला एक भी पैसा सरकार को नहीं मिलेगा और न ही इसका कोई उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा। सीतारमण ने पीटीआई वीडियो से कहा कि एमडीआर डिजिटल भुगतान व्यवस्था के भीतर लगाया जाने वाला शुल्क है और इसे यूपीआई लेनदेन की सुविधा देने वाले भुगतान सेवा प्रदाता, व्यापारी का बैंक तथा इस व्यवस्था से जुड़े अन्य भागीदार लेते हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 अक्टूबर से कारोबारियों को किए जाने वाले 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया गया है। वहीं, 75,000 रुपये या इससे अधिक के भुगतान पर यह शुल्क अधिकतम 300 रुपये होगा। व्यक्ति-से-व्यक्ति लेनदेन और छोटे भुगतान को शुल्क से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा, ''यह कर नहीं है, यह उपकर नहीं है और न ही अधिभार है। इससे मिलने वाली राशि भारत की संचित निधि में नहीं जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे प्राप्त राशि यूपीआई से जुड़े बैंकों और अन्य संस्थाओं के बीच बांटी जाएगी। सूत्रों ने कहा कि कुल एमडीआर में से 40 प्रतिशत राशि ग्राहक के बैंक, 30 प्रतिशत भुगतान सेवा प्रदाता, 20 प्रतिशत यूपीआई ऐप और शेष 10 प्रतिशत राशि यूपीआई ऐप के प्रायोजक बैंक को मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि एमडीआर का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा और इसका भुगतान व्यापारी भुगतान व्यवस्था के भीतर ही किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि शुल्क को भुगतान व्यवस्था से जुड़े भागीदारों के बीच बांटा जाएगा, जिससे प्रौद्योगिकी ढांचे को बनाए रखने तथा डिजिटल भुगतान में सुधार और नवोन्मेष को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''इसका

सरकार से बिल्कुल कोई लेना-देना नहीं है।'' उन्होंने कहा कि एमडीआर व्यवस्था में एनपीसीआई, व्यापारी, बैंक और अन्य सेवा प्रदाता शामिल हैं। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि व्यापारी पहले से ही क्रेडिट और डेबिट कार्ड से किए गए लेनदेन पर एमडीआर का भुगतान करते हैं। इसलिए नई व्यवस्था को उपभोक्ताओं पर लगाए जाने वाले शुल्क के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रुपे कार्ड से होने वाला लेनदेन निःशुल्क रहेगा। साथ ही 2,000 रुपये से कम के यूपीआई भुगतान पर कोई एमडीआर नहीं लगेगा। एक अनुमान के अनुसार व्यक्ति से व्यापारियों को होने वाले यूपीआई लेनदेन में करीब 96 प्रतिशत इस नई व्यवस्था से प्रभावित नहीं होंगे। वित्त मंत्री की यह टिप्पणी प्रस्तावित एमडीआर को लेकर हो रही आलोचना के बीच आई है। इसे लेकर व्यापारियों पर संभावित असर और इस शुल्क का बोझ ग्राहकों पर डाले जाने की आशंका जताई जा रही है। पंद्रह अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के पात्र यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर का भुगतान व्यापारी करेंगे, उपभोक्ता नहीं। 75,000 रुपये या उससे अधिक के लेनदेन पर यह शुल्क अधिकतम 300 रुपये तक सीमित रहेगा। व्यक्तियों के बीच होने वाले भुगतान के साथ-साथ रोजमर्रा के अधिकांश व्यापारी भुगतान भी निःशुल्क बने रहेंगे। रेलवे, दूरसंचार, ईंधन और बीमा जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए दो हजार रुपये से अधिक के लेनदेन पर पांच रुपये का तय शुल्क होगा। म्यूचुअल फंड और शेयरों की खरीद-बिक्री जैसे पूंजी बाजार से जुड़े लेनदेन पर 0.02 प्रतिशत शुल्क होगा, जिसकी अधिकतम सीमा 300 रुपये होगी। यूपीआई क्यूआर कोड के जरिए हर महीने एक लाख रुपये तक का भुगतान प्राप्त करने वाले छोटे व्यापारी नए शुल्क से पूरी तरह मुक्त रहेंगे। इससे करीब 96 प्रतिशत व्यापारी लेनदेन नए शुल्क के दायरे से बाहर रहेंगे।

अशोक सिंघल के वेदों और संस्कृत प्रचार के सपने को आगे बढ़ाता रहेगा विहिप: आलोक कुमार

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने शुक्रवार को कहा कि दिवंगत अशोक सिंघल के वेदों और संस्कृत के प्रचार के सपने को आगे बढ़ाना विहिप के लिए हमेशा विशेष महत्व का विषय रहेगा।

आलोक कुमार आज दिल्ली स्थित विश्व संवाद केंद्र, नॉर्थ एवन्यू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ओडिशा में स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती के आश्रम का उदाहरण देते हुए कहा, ''हम सब लोगों ने विचार किया है कि विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) अशोक सिंघल फाउंडेशन और सब संतों तथा समाज के अन्य संगठनों के साथ मिलकर यह पूरा वर्ष जन्म शताब्दी के निमित्त से उन सब कामों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित करेंगे, जिनके लिए अशोक जी ने जीवन भर काम किया है और जो उनको अत्यंत प्रिय थे।''

उन्होंने कहा कि अशोक जी को वेदों से गहरा लगाव था, यहाँ तक कि वे अपना पूरा जीवन इनके प्रचार में ही लगाना चाहते थे। विहिप भी कई वेद विद्यालय चला रहा है, इसलिए वेद और संस्कृत को आगे बढ़ाना हमारे लिए हमेशा विशेष महत्व का विषय रहेगा। साथ ही, गौ-रक्षा, गौ-संवर्धन और पूरे देश में गौहत्या पर रोक लगाने के लिए केंद्रीय कानून की माँग वाले आंदोलन से हम जुड़े हैं और इसके लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे।

आलोक कुमार ने बताया कि वर्ष 1984 में आयोजित प्रथम धर्म संसद में पूज्य संतों ने अयोध्या, मथुरा और काशी की पुनर्प्राप्ति का ऐतिहासिक संकल्प लिया था। अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के साथ इस अभियान का प्रमुख चरण पूर्ण हो चुका है। अब हमारा संपूर्ण ध्यान काशी और मथुरा से संबंधित न्यायिक प्रक्रियाओं को गति देने पर है, ताकि संतों के इस संकल्प को समयबद्ध रूप से साकार किया जा सके।

उन्होंने कहा कि हमारे समाज से छल, प्रलोभन और भय के बल पर होने वाला धर्मांतरण पूरी तरह समाप्त होना चाहिए। हमारे निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि भाजपा शासित राज्यों में इसके विरुद्ध कठोर कानून लागू हो चुके हैं। विश्व हिंदू परिषद 'घर वापसी' और धर्मांतरण की रोकथाम के संकल्प के साथ देश के 850 प्रखंडों में सक्रिय है। इस वर्ष हम इस अभियान को और अधिक गति और विस्तार देंगे।

उन्होंने कहा कि अशोक सिंघल फाउंडेशन द्वारा तैयार किए गए विशेष जानकारी-युक्त भव्य स्मृति स्तंभ इन सभी स्थलों पर स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए एक केंद्रीय कानून की मांग और गौसंवर्धन के कार्यों को निरंतर जारी रखा जाएगा।

आलोक कुमार ने बताया कि दिवंगत अशोक सिंघल फाउंडेशन की ओर से उनकी जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में जन्मशती समारोह का मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम 27 सितंबर को भारत मंडपम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी शामिल होंगे। अशोक सिंघल के प्रेरक जीवन और संघर्षों पर आधारित एक वृहद पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विहिप के संगठनात्मक 44 प्रांतों में एक सप्ताह के भीतर विशाल सभा और विशिष्ट आयोजन होंगे। नागपुर के कार्यक्रम में आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गुरुग्राम में हरियाणा के मुख्यमंत्री सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी।

पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाना सरकार का विजन : नितिन गडकरी

भोपाल। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाना सरकार का विजन है। देश में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था सुधारने के लिए 5 एजेंडा तैयार किए गए हैं, जिसमें पहला क्लीन ट्रांसपोर्ट है। उन्होंने कहा कि देश के एयर पॉल्यूशन में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी ट्रांसपोर्ट सेक्टर की है, जिसकी जिम्मेदारी वे लेते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में प्रदूषण की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की है और प्रदूषण कम करना सरकार का लक्ष्य है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी शुक्रवार को मध्य प्रदेश में 21 साल बाद लोक परिवहन व्यवस्था के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। राजधानी भोपाल के भेल दशहरा मैदान से प्रदेश के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 7 शहरों के लिए 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि गरीबों को एसी बस में अच्छी सुविधाएं मिलनी चाहिए। डीजल बसों की तुलना में टिकट किराया 30 प्रतिशत कम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह उनका सपना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले साल प्रदेश में 1,500 बसें चलाने का लक्ष्य है। बस सेवा के विस्तार के जरिए शहरों के साथ गांवों को भी जोड़ा जाएगा और 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक बस कनेक्टिविटी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने आगे चलकर 2031 तक 15 हजार बसों के संचालन का लक्ष्य भी तय किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 5 लाख किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बन चुकी हैं। इससे छोटे गांवों और कस्बों से आवागमन आसान हुआ है और स्कूल-कॉलेज तथा शहरों तक पहुंच भी सुगम हुई है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री ई-बस और मुख्यमंत्री सुगम बस सेवा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सुविधा के लिए लगातार फैसले ले रही है। एक लाख पदों पर भर्ती करने की बात भी उन्होंने कही। भोपाल में बीआरटीएस के जंगले हटाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्षों से लोगों को परेशानी हो रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के समय से पड़ा यूनियन कार्बाइड का कचरा हटाकर उसका निष्पादन किया गया, जिससे भोपाल को जहरीले कचरे से बचाने का काम हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर भी बिना नाम लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंगाल समेत कई राज्यों में चुनाव जीते, लेकिन 'राजकुमार' इसे मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि 'राजकुमार' अपने खानदान के बलबूते पर है और उसे लगता है कि वह प्रधानमंत्री बनने के लिए पैदा हुआ है, लेकिन यह लोकतंत्र है और जनता सब जानती है। उन्होंने कांग्रेस पर मध्य प्रदेश के लिए कुछ नहीं करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि बस सेवा की शुरुआत कांग्रेस के समय हुई थी, लेकिन इसे धीरे-धीरे बंद कर दिया गया।

गयाजी में पितृपक्ष मेले का शुभारंभ, छह हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

गयाजी । मोक्ष की भूमि गयाजी में शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलने वाले 17 दिवसीय मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री विष्णुपद मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और गर्भगृह में भगवान विष्णु के चरणचिह्न के दर्शन किए। इसके बाद फल्गु नदी स्थित देवघाट का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मेले की तैयारियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी दी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ऐतिहासिक गांधी मैदान स्थित टेंट सिटी पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मेला अवधि में गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं के आवासन के लिए टेंट सिटी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

जिला प्रशासन और पुलिस ने मेले को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। पिंडदानियों की संभावित भीड़ को देखते हुए छह हजार से अधिक पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की तैनाती की गई है। आवासन के लिए 2500 बेड की टेंट सिटी तैयार की गई है। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए 150 मुफ्त ई-रिक्शा भी चलाए जाएंगे। इसके अलावा यातायात और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

इस बार पिंडदानियों की सुविधा के लिए डिजिटल सेवाओं की भी शुरुआत की गई है। 'पिंडदान गयाजी' मोबाइल ऐप और वेबसाइट के माध्यम से श्रद्धालुओं को पिंडदान से जुड़ी आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। ऐप पर विभिन्न पिंडदान वेदियों, वहां किए जाने वाले कर्मकांड, पंडा-पुरोहित, आवासन, यातायात और पार्किंग की जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य केंद्रों, सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सहायता के लिए जरूरी संपर्क नंबर भी उपलब्ध रहेंगे।

नेपाल से पहुंचे 50 श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

पितृपक्ष मेले के पहले दिन नेपाल के मोरंग जिले की केरावाटी गांवपालिका के अमही, भौनी और बैरबन गांव से करीब 50 श्रद्धालु गयाजी पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान के साथ अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण किया। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से घाट का वातावरण भक्तिमय हो गया। पुनपुन पंडा समिति के सचिव राकेश उर्फ रिंकू पांडे ने बताया कि नेपाल से आए करीब 50 श्रद्धालुओं ने तर्पण किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में देश-विदेश से बड़ी संख्या में पिंडदानी गयाजी पहुंचेंगे। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और आवासन के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

एनआईए ने नालागढ़ थाने में आईईडी विस्फोट मामले में दो और आरोपितों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली । राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ थाने में एक जनवरी, 2026 को हुए आईईडी विस्फोट के मामले में दो और आरोपितों हरमन हैरी और जशन सैनी को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों के साथ ही मामले में एनआईए की ओर से गिरफ्तार आरोपितों की कुल संख्या आठ हो गई है।

एनआईए के अनुसार, एक जनवरी को सुबह करीब 9:40 बजे नालागढ़ थाने के परिसर में जांच अधिकारी के कमरे से सटी बाहरी दीवार के पास आईईडी विस्फोट हुआ था। इस संबंध में नालागढ़ थाने में प्राथमिकी संख्या 02/2026 दर्ज की गई थी। बाद में मामले की जांच एनआईए ने अपने हाथ में ले ली और आठ मई को इसे फिर से दर्ज किया गया। जांच एजेंसी ने बताया कि मामले में भारतीय न्याय संहिता, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान हरमन हैरी और जशन सैनी की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया।

एनआईए के अनुसार, दोनों गिरफ्तारियां आईईडी विस्फोट से जुड़ी साजिश की जांच के तहत की गई हैं। एजेंसी का उद्देश्य हमले से जुड़े व्यापक नेटवर्क का पता लगाना और साजिश में शामिल अन्य लोगों की भूमिका को उजागर करना है।

इससे पहले एनआईए ने इस मामले में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इनमें महावीर कुमार उर्फ काका, अजय मेहरा, मनप्रीत सिंह उर्फ मणि, अर्शदीप सिंह कंडोला उर्फ अर्श कंडोला, करणप्रीत सिंह और दिलजोत सिंह सैनी शामिल हैं।

पेज एक का शेष

उत्तर...

का पीतल हो, कन्नौज का इत्र हो, या वाराणसी की सिल्क साड़ी हो। आज हमारी संस्कृति विरासत करोड़ों रुपए के टर्नओवर वाले ब्रांड में बदल चुके हैं। उन्होंने कहा कि यूपी आईटीआई को सीधे बायर से मिलाकर मिडिलमैन की व्यवस्था को भी खत्म कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यूपीआईटीएस 2026 में उत्तर प्रदेश की औद्योगिक, कृषि, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र की विविधता दिखाई देगी। इसमें कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, ऑटोमोबाइल, ईवी एवं ऑटो कंपोनेंट्स, एविएशन, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ई-कॉमर्स, आईटी एवं स्मार्ट-सिटी सॉल्यूशंस, फिल्म एवं मनोरंजन, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी, फूड प्रोसेसिंग एवं एफएमसीजी, बागवानी, हैंडलूम, हस्तशिल्प एवं टेक्सटाइल्स, स्वास्थ्य, वेलनेस, आयुष, फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल इक्विपमेंट, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग एवं रियल एस्टेट, लेदर, पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी, स्पोर्ट्स, टॉयज, रिन्यूएबल एनर्जी, पावर, माइनिंग, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग, रिटेल, फाइनेंशियल सर्विसेज, शिक्षा एवं कौशल, पैकेजिंग एवं प्रिंटिंग तथा जल, स्वच्छता एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में एमएसएमई विकास, उद्यमिता एवं कौशल विकास, क्लस्टर विकास, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, प्रोक्योरमेंट एवं मार्केटिंग सहायता, रोजगार सृजन तथा ग्रामीण एवं शहरी विकास से जुड़ी सरकारी योजनाओं और नीतियों को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। औद्योगिक निवेश, निर्यात, टेक्सटाइल्स और गारमेंटिंग से संबंधित उत्तर प्रदेश की सेक्टोरल पॉलिसीज भी आयोजन का हिस्सा होंगी।

पांच दिवसीय आयोजन में बिजनेस एंगेजमेंट्स, नॉलेज सेशंस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव परफॉर्मेंस, अवॉर्ड्स, फैशन शो और लेजर शो सहित कई गतिविधियां होंगी। नॉलेज प्रोग्राम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल ट्रेड, फूड प्रोसेसिंग, एमएसएमई, ग्लोबल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स और अन्य उभरते क्षेत्रों पर चर्चा होगी। इससे उद्योग जगत के लोगों को ज्ञान-विनिमय, संवाद और सहयोग के अवसर मिलेंगे।

यूपीआईटीएस व्यापार और निवेश के साथ उत्तर प्रदेश की संस्कृति, खान-पान, नवाचार और उद्यमशीलता को भी वैश्विक मंच दे रहा है। यहां प्रदेश की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता, एमएसएमई इकोसिस्टम, ओडीओपी एवं ओडीओसी उत्पाद, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल्स, कृषि, खाद्य, पर्यटन, नवाचार और उभरते उद्योगों को देश-विदेश के खरीदारों, निवेशकों और कारोबारी समुदाय से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। यूपीआईटीएस 2026 पिछले तीन संस्करणों की सफलता के आधार पर आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर जापान के राजदूत, सिंगापुर के हाई कमिशन, बेलारूस के राजदूत, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, मंत्री बृजेश सिंह, राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, भाजपा के पश्चिमी यूपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, विधायक पंकज सिंह, धीरेंद्र सिंह, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, एमएलसी नरेंद्र भाटी मौजूद थे।

उत्तर प्रदेश सरकार ने सामाजिक समरसता और महान राष्ट्रीय विभूतियों के सम्मान से जुड़े सार्वजनिक स्थलों के संरक्षण और विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति स्थल विकास योजना के तहत सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित आंबेडकर प्रतिमा स्थलों का विकास और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। योजना के प्रथम चरण में 403 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10, यानी कुल 4,030 प्रतिमा स्थलों को विकसित किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने 403 करोड़ रुपये की धनराशि जिलाधिकारियों के निवर्तन पर आवंटित कर दी है।

शासन के दस्तावेज के अनुसार, अनेक प्रतिमाएं छत और बाउंड्री वॉल जैसी आवश्यक सुविधाओं से रहित हैं, जिसके कारण वे मौसम, अतिक्रमण और उपेक्षा के प्रति संवेदनशील रहती हैं। ऐसे प्रतिमा स्थलों का संरक्षण करते हुए आसपास के क्षेत्र का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिमा स्थल के विकास के लिए औसतन 10 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध होगी। हालांकि शासनादेश में स्थल विकास की अधिकतम लागत 40 लाख रुपये प्रति मूर्ति स्थल निर्धारित की गई है और वास्तविक कार्य का आकलन स्थल की आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, प्रतिमा स्थलों पर रैलिंगयुक्त स्टील की सीढ़ी, प्रतिमा की छत, बाउंड्री, फिनिशिंग, हरियाली और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही स्वच्छ, व्यवस्थित और सम्मानजनक वातावरण तैयार किया जाएगा। प्रतिमा के नाम और उसके इतिहास को संक्षिप्त रूप में प्रदर्शित करने वाला 32.5 फीट आकार का सूचना बोर्ड भी लगाया जाएगा।

सार्वजनिक स्थल पर स्थापित पुरानी अथवा क्षतिग्रस्त प्रतिमा के स्थान पर संगमरमर की नई प्रतिमा स्थापित की जा सकेगी। इस तरह योजना केवल स्थल के सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आवश्यकतानुसार प्रतिमाओं के संरक्षण और प्रतिस्थापन को भी इसमें शामिल किया गया है। योजना का क्रियान्वयन संबंधित विभाग, नगरीय निकाय, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत अथवा ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जा सकता है। कार्य पूरा होने के बाद प्रतिमा स्थल का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।

शासन ने योजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए समय-सारिणी भी निर्धारित की है। परियोजना स्थलों के प्रस्ताव/आवेदन प्राप्त करने, स्थल निरीक्षण और आगणन तैयार करने तथा निविदा संबंधी प्रक्रिया के लिए अलग-अलग समयसीमा तय की गई है। परियोजना को 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पंडित दीनदयाल..

के लिए समर्पित कर दिया। 1951 में जनसंघ की स्थापना में मुख्य भूमिका निभाई और 1967 में उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। 11 फरवरी 1968 को उनका निधन हो गया।

उन्होंने देश को एकात्म मानव दर्शन दिया, जिसका मतलब है आखिरी पंक्ति में बैठे व्यक्ति को स्वावलंबी बनाना। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 साल में अंत्योदय का सपना साकार हुआ। चार करोड़ को घर, 12 करोड़ को शौचालय, 10 करोड़ को उज्ज्वला गैस, 3.5 करोड़ को बिजली कनेक्शन और 80 करोड़ को फ्री राशन मिला, जिससे 26 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। पंडित जी ने कांग्रेस की तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के खिलाफ विपक्षी एकता को मजबूत किया था। उनका दर्शन आज भी देश के लिए आदर्श है।

उत्तर प्रदेश...

बहुत बड़ा परिवर्तन है। जिस उत्तर प्रदेश में यह साहस नहीं था कि लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट किया जाए, वह उत्तर प्रदेश आज उद्योग लाने का प्रमुख कारण बना है। यह परिवर्तन डबल इंजन सरकार के कारण आया है। उन्होंने कहा कि योगी की सरकार बनने के बाद सपा और बसपा के समय की सारी गुंडागर्दी को खत्म किया गया है, जिसकी वजह से यहां पर इंडस्ट्री लगाने के लिए देश और दुनिया के लिए अच्छा माहौल बना है। उन्होंने कहा कि तत्परता के साथ उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। रेड कारपेट बिछाकर देश- दुनिया की इंडस्ट्री को लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका सफल परिणाम मिला है। यूपी के युवाओं के लिए लाखों करोड़ों की संख्या में नौकरी के अवसर मिला है।

उन्होने कहा कि यूपी के एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे और कई प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों ने यूपी में इन्वेस्टमेंट के लिए एक अच्छा माहौल बनाया है और इसी के कारण आज उत्तर प्रदेश दिन दूनी रात चौगुनी गति के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी के सात शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है, जो देश के किसी भी राज्य से सबसे ज्यादा है। उन्होंने भदोही की कालीन, फिरोजाबाद की कांच, कन्नौज का इत्र, बनारस की सिल्क साड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि देशभर में इसकी अपनी खास पहचान है।

नई दिल्ली...

के साथ हितधारक परामर्श एवं प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। इसमें परियोजना से संबंधित विभिन्न विषयों पर खुली चर्चा हुई तथा निवेशकों एवं हितधारकों से सुझावों का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समन्वय मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के तकनीकी अधिकारी कमलेश भटनागर और सीईओ गणवीर सिंह ने किया।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में उपलब्ध निवेश संभावनाओं, परियोजना के विभिन्न पहलुओं तथा इसके संभावित अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह संवाद ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए मध्य प्रदेश की निवेश संभावनाओं को निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

गौतलब है की कार्यक्रम में 39 से अधिक डेवलपर फर्मों एवं प्रमुख ऊर्जा और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

क्षतिग्रस्त...

कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सड़क मरम्मत के दौरान गुणवत्ता का भी ध्यान रखने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि बारिश और अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त सड़कों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराया जाएगा। विभागीय कार्यों के लिए सड़क की खुदाई होने पर काम पूरा होने के बाद संबंधित एजेंसी की ओर से सड़क को दुरुस्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। शहर के कई इलाकों में सड़क पर गड्ढों और क्षतिग्रस्त हिस्सों के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में इसी समस्या को देखते हुए सड़क मरम्मत के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लंबित कार्यों में अनावश्यक देरी न की जाए।

सवाल लोकतंत्र...

प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास का प्रमुख माध्यम बना। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में एआई कई चुनौतियों से निपटने में उपयोगी हो सकता है और वास्तविक समय में भाषा अनुवाद इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है।

राधाकृष्णन ने बताया कि राज्यसभा आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में एआई आधारित अनुवाद शुरू करने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि, उन्होंने छात्रों को आगाह किया कि वे एल्गोरिदम को अपनी बुद्धि का विकल्प न बनने दें। उन्होंने कहा, ल्लमानव रचनात्मकता की जगह एआई कभी नहीं ले सकता।ङ्क उन्होंने छात्रों से लगातार बदलाव के अनुरूप खुद को ढालने और निरंतर सीखते रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एसआरसीसी की शताब्दी सभी को यह याद दिलाती है कि संस्थान तब महान बनते हैं जब हर पीढ़ी उन्हें उस स्थिति से बेहतर बनाकर छोड़ती है, जिसमें उसने उन्हें पाया था। समारोह में उपराष्ट्रपति ने तीसरे अरुण जेटली स्मृति वाद-विवाद के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और प्रतिभागियों की समसामयिक मुद्दों पर विचारपूर्ण दलीलों की सराहना की। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, एसआरसीसी की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष अजय एस. श्रीराम, एसआरसीसी की प्राचार्य प्रो. सिमरित कौर और स्वर्गीय अरुण जेटली की पत्नी संगीता जेटली सहित शिक्षक, पूर्व छात्र और विद्यार्थी मौजूद थे।

सेवा यात्रा...

रख के सब कुछ चलता है चलने दो ऐसा नहीं करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने सफाईकर्मियों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के लिए सफाई का काम करने वालों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने प्रयागराज में सफाईकर्मियों के पैर धोकर सम्मान करने की घटना का भी जिक्र किया और कहा कि उनके काम से भारत का मान बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यक्ति का विकास समाज और देश से अलग नहीं हो सकता। समाज का विकास प्रकृति को नुकसान पहुंचाकर नहीं होना चाहिए और देश के विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा का यही भाव अंत्योदय के विचार तक ले जाता है।

मोदी ने कहा कि सफलता का रास्ता छोटे-छोटे प्रयासों से बनता है और इन्हीं प्रयासों की सिद्धि से बड़े लक्ष्य हासिल होते हैं। उन्होंने सेवा यात्रियों से कहा कि यात्रा के दौरान मिले अनुभवों को लिखें और रिकॉर्ड करें, क्योंकि यात्रा समाप्त होने के बाद ये अनुभव जीवन में बहुत काम आएंगे। अभी प्रत्येक टोली में करीब 20 लोग हैं, लेकिन वडनगर और काशी पहुंचने पर दोनों तरफ करीब 500-500 लोग होंगे। उन्होंने सभी को दो-तीन घंटे साथ बैठकर अपने अनुभव साझा करने का सुझाव दिया।

सेवा संकल्प यात्रा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और गुजरात सहित 10 राज्यों के 193 जिलों, 773 तहसीलों और 10,159 गांवों से होकर गुजर रही है। यात्रा के दौरान वृक्षारोपण, स्वच्छता, फल वितरण, चिकित्सा सहायता, किट वितरण और अंगदान के संकल्प सहित करीब 25 प्रकार के सेवा कार्य किए जा रहे हैं। 25 सितंबर तक 20 टोलियों ने कुल 13,733 किलोमीटर की दूरी तय की थी, जबकि वाराणसी से वडनगर जाने वाली टोलियों ने 5,961 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प यात्रा नदी की तरह सबको जोड़ने वाली है। नदी यह नहीं पूछती कि कौन किस भाषा, परिवार या आर्थिक वर्ग से है, वह सभी को नवजीवन देती है। इसी तरह सेवा यात्रा भी लोगों से जुड़ते हुए जनकल्याण से जगकल्याण की भावना को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने सेवा यात्रियों से अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने, परिवार से संपर्क बनाए रखने और यात्रा के दौरान अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने का आह्वान किया।

सैनिक वर्तमान ...

प्रवेश द्वार है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जनरल द्विवेदी ने कहा कि वंदे मातरम्' पूरे राष्ट्र का युद्धघोष है, जिसकी पहचान भारत है और जिसका उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत का निर्माण है। उन्होंने युवाओं को रवैया, अनुकूलनशीलता और क्षमता अर्थात सकारात्मक सोच, परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की क्षमता और योग्यता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को केवल समस्या खोजने वाला नहीं, बल्कि समस्या सुलझाने वाला बनना चाहिए। इसके लिए सकारात्मक सोच, जिम्मेदारी, साहस और कठिन परिस्थितियों से संघर्ष करने की क्षमता आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को सीखें, पुरानी बातें भूलें और फिर से सीखें के सिद्धांत को अपनाने तथा भारतीय संस्कारों और सोच को बनाए रखते हुए आधुनिक तकनीक को आत्मसात करने का संदेश दिया। जनरल द्विवेदी ने पूर्वोत्तर के वीरों और राष्ट्रीय नायकों का स्मरण करते हुए वीर लाचित बरफुकन और कनकलता बरुवा के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर केवल भारत की भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि देश की शक्ति, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता का महत्वपूर्ण केंद्र है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, एनसीसी और विद्या भारती विविधता को शक्ति में बदलने का कार्य करते हैं। उन्होंने पूर्व छात्रों से नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करने और समाज के नागरिकों से युवाओं के लिए अवसरों के द्वार खोलने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को प्रतिदिन शून्य-दस की आदत अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि हर सुबह दस मिनट बिना मोबाइल के अपने लक्ष्य, कृतज्ञता और दिन के संकल्प पर विचार करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे प्रतिदिन स्वयं से पूछें–ल्लआज मुझे ऐसा क्या सीखना है, जिससे कल मैं और मेरा देश दोनों बेहतर बन सकें उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जिस भी क्षेत्र में जाएं, अपनी प्रतिभा और क्षमता के माध्यम से भारत को अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लें।

सीएम धामी ने खटीमा में 15 कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

❒ 373 ग्राम पंचायतों के लिए 231 वाहनों का बेड़ा तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को खटीमा में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 15 कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन में आधुनिक संसाधनों, जनभागीदारी और कॉरपोरेट सेक्टर का सहयोग महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर विकसित किया जा रहा स्वावलंबी मॉडल स्वच्छता व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगा। सरकार का प्रयास कचरा संग्रहण और निस्तारण की व्यवस्था को व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाना है। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश सासनी ने बताया कि ऊधम सिंह नगर की 373 ग्राम पंचायतों में 71 क्लस्टरों के माध्यम से ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार की गई है। नगर निकायों से लगे ग्रामीण क्षेत्रों और प्रमुख स्थानीय बाजारों में नियमित कूड़ा संग्रहण एवं निस्तारण के लिए संबंधित नगर निकायों के साथ एमओयू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कुल 231 वाहनों का बेड़ा तैयार किया गया है। इसमें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 134 ई-रिक्शा और 75 ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ सीएसआर एवं अन्य योजनाओं से उपलब्ध कराए गए वाहन शामिल हैं। विभिन्न विकासखंडों में जिला पंचायत की ओर से कॉम्पेक्टर का भी संचालन किया जा रहा है। इस पहल में कॉरपोरेट सेक्टर भी सहयोग कर रहा है। नेस्ले इंडिया ने सीएसआर के तहत सात इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण वाहन उपलब्ध कराए हैं। ये वाहन धर्मपुर, छत्तरपुर, बिंदूखेड़ा (फौजी मटकोटा), कीरतपुर, बागवाला, दानपुर और नगला तराई के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान ब्रिटानिया की ओर से स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सामग्री भी उपलब्ध कराई गई।

जनसुराज कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही फतह होगा चुनावी दुर्ग : डॉ. अनुज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। जनसुराज पार्टी के जिला कार्यालय सभागार में शुक्रवार को जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में पटना स्नातक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी समर्थित प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक का संचालन पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय कुमार ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने दोनों हाथ उठाकर डॉ. अनुज सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए दिन-रात एक करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि किसी भी चुनाव में संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता सबसे महत्वपूर्ण होती है। यदि पार्टी के कार्यकर्ता आपसी सामंजस्य और समन्वय बनाकर चुनाव को अपना काम समझकर पूरी निष्ठा से जुट जाएं, तो निश्चित रूप से सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ और पंचायत स्तर तक मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने तथा पार्टी के विचारों और कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने की अपील की। डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि जनसुराज की राज्य से लेकर जिला और प्रखंड स्तर तक मजबूत कमेटियां गठित हैं। संगठन की यह ताकत तभी परिणाम में बदल सकती है, जब पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी राजनीतिक संगठन की रीढ़ होते हैं। कार्यकर्ताओं से अधिक भरोसेमंद साथी कोई नहीं हो सकता। इसलिए चुनाव में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव केवल एक प्रत्याशी की जीत का सवाल नहीं है, बल्कि बिहार के बेहतर भविष्य और नव निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से दिन-रात मेहनत कर चुनाव अभियान को मजबूत करने का आह्वान किया।

जीएनटीआई स्टेडियम जनवरी तक आधुनिक रूप में होगा तैयार : धन सिंह रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक जीएनटीआई स्टेडियम के पुनर्निर्माण का कार्य जनवरी 2027 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के तहत स्टेडियम का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही श्रीकोट-स्वीत और डुंगरीपंथ क्षेत्र के लिए करीब तीन करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं को मंजूरी दी गई है।

डॉ. रावत ने शुक्रवार को अपने शासकीय आवास से वर्चुअल माध्यम से विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जीएनटीआई स्टेडियम के पुनर्निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के मुख्य परियोजना प्रबंधक को जनवरी तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने को कहा, ताकि यह स्थानीय खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हो सके। धारी देवी रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के साथ वहां बहुउद्देशीय पार्किंग और आधुनिक पार्क विकसित करने के निर्देश भी रेलवे अधिकारियों को दिए गए। बैठक में श्रीकोट-स्वीत और डुंगरीपंथ क्षेत्र के लिए करीब तीन करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को मंजूरी दी गई। डॉ. रावत ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने समय पर प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने श्रीकोट स्थित सीडीएस जनरल बिपिन रावत स्टेडियम में मॉडल पार्किंग विकसित करने के निर्देश दिए। पार्किंग में सैकड़ों वाहनों की क्षमता रखी जाएगी।

चंडीगढ़ में पंजाब कांग्रेस का प्रदर्शन, बैरिकेडिंग पर पुलिस से धक्का मुक्की

❒ वाटर कैनन से खदेड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर पंजाब कांग्रेस ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में जोरदार प्रदर्शन किया। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-17 स्थित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) कार्यालय से चुनाव आयोग के कार्यालय की ओर मार्च निकाला।

मार्च के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए रास्ते में बैरिकेडिंग कर दी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पार कर आगे जाने का प्रयास किया, जिसके चलते मौके पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारी चुनाव आयोग कार्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश करते रहे, जबकि पुलिस उन्हें रोकने में जुटी रही। स्थिति को नियंत्रित करने और प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पानी की तेज बौछारें छोड़े जाने के बाद प्रदर्शनकारियों को पीछे हटना पड़ा। इससे कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग दोहराई। पार्टी नेताओं का कहना था कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर उनकी चिंताओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

भुज और बरौनी के बीच नई त्रि-साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस चलेगी

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने गुजरात के भुज और बिहार के बरौनी के बीच नई त्रि-साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने को मंजूरी दी है। यह ट्रेन 2,532 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रमुख शहरों को जोड़ेगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, ट्रेन संख्या 19427 भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस भुज से शाम 5:30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 4:05 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 19428 बरौनी-भुज अमृत भारत एक्सप्रेस बरौनी से रात 11:55 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 1:15 बजे भुज पहुंचेगी। भुज-बरौनी ट्रेन सोमवार, बुधवार और शनिवार को चलेगी, जबकि बरौनी-भुज ट्रेन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी। नई ट्रेन के मार्ग में समाखियाली, अहमदाबाद, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, बरेली, इज्जतनगर, पीलीभीत, लखीमपुर, गोंडा, गोरखपुर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर वाणिज्यिक ठहराव होंगे।

राजद ने मुख्य चुनाव आयुक्त का किया पुतला दहन

अररिया। जिला मुख्यालय स्थित चांदनी चौक पर शुक्रवार को राजद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के जिलाध्यक्ष डॉ अविनाश आनन्द ने की।मौके पर राजद कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राजद जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के निर्देश एवं कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देश पर जिला मुख्यालय में आयोजित किया गया। पार्टी ने विशेष गहन पुनरीक्षण चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए विरोध जताया। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया के माध्यम से मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया है।

बारिश में भी नहीं थमा 'वन्दे मातरम्' का स्वर, राष्ट्रगीत के साथ गूंजा सीवान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीवान। बारिश की फुहार भी देशभक्ति के जज्बे को नहीं रोक सकी। शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विद्या भारती के तत्वावधान में आयोजित 'नमामि भारतम्' कार्यक्रम के तहत सीवान शहर में ढाई दर्जन से अधिक स्थानों पर राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का सामूहिक गायन हुआ। पूर्वाह्न 11 बजे विभिन्न स्थानों पर एक साथ लोगों ने राष्ट्रगीत का गायन कर राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया। सुबह से ही मौसम खराब रहने और बारिश होने के बावजूद कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। निर्धारित समय पर अलग-अलग आयोजन स्थलों पर जैसे ही 'वन्दे मातरम्' का स्वर गूंजा, पूरा वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। कई स्थानों पर बारिश के बीच भी लोग कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। विद्या भारती, बिहार के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. शरद चौधरी ने कहा कि 'वन्दे मातरम्' केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना, मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और एकता का भाव जगाने वाला स्वर है। बारिश के बावजूद जिस उत्साह के साथ विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने इसमें भाग लिया, वह समाज की राष्ट्रभावना को दर्शाता है। 'नमामि भारतम्' जैसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व से जोड़ने का माध्यम हैं। प्रोफ़ेसर रविंद्र नाथ पाठक ने कहा कि देशभर में एक ही समय पर करोड़ों लोगों द्वारा 'वन्दे मातरम्' का सामूहिक गायन अपने आप में एक ऐतिहासिक अवसर है। सीवान में भी प्रतिकूल मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता यह बताती है कि राष्ट्रभावना के सामने मौसम की बाधा भी छोटी पड़ जाती है। ऐसे आयोजन समाज में एकता, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव की भावना को मजबूत करते हैं। विद्या भारती, बिहार के मीडिया समन्वयक नवीन सिंह परमार ने बताया कि 'नमामि भारतम्' के माध्यम से देशभर में एक ही समय पर राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भारतीय सांस्कृतिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि सीवान शहर में भी कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा और प्रतिकूल मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता हुई।

70 हजार ग्रामीण युवाओं को अक्टूबर से डीडीयू-जीकेवाई 2.0 के तहत कौशल प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) 2.0 के तहत देश के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अक्टूबर 2026 से करीब 70 हजार ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण शुरू होगा। इन राज्यों में 2,015 प्रशिक्षण बैच शुरू किए जाने की तैयारी है। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रशिक्षण बैच निर्धारित समयसीमा में शुरू करने के लिए लक्ष्य आवंटन की प्रक्रिया तेज करने को कहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, डीडीयू-जीकेवाई 2.0 पोर्टल पर 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों को 1,200 से अधिक परियोजनाओं के लिए 5.6 लाख प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन किया जा चुका है। अन्य राज्य भी लक्ष्य आवंटन की प्रक्रिया के अंतिम चरण में हैं। डीडीयू-जीकेवाई गरीब ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जुड़े कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने वाली केंद्र प्रायोजित योजना है। इसके तहत प्रशिक्षण की अवधि तीन से 12 महीने तक होती है। वर्ष 2026-28 की दो साल की अवधि के लिए सभी 31 भागीदार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 9 लाख से अधिक प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन किया गया है। योजना के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ग्रामीण युवाओं को जुटाकर मांग के अनुसार सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल में रोजगार से जुड़े कौशल प्रशिक्षण आयोजित करना है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप होंगे, ताकि लाभार्थियों को स्थायी रोजगार के लिए तैयार किया जा सके।

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर निकाला विरोध मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा शुक्रवार को आर ब्लॉक, चाणक्य होटल से राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय तक प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन एवं मार्च का आयोजन किया। आर ब्लॉक चौराहे से शुरू होकर यह विरोध मार्च आगे बढ़ा जिसे पुलिस ने अटल पथ के निकट एमएलसी क्वार्टर के पास बैरिकेटिंग कर रोकने की कोशिश की। इस पर भी कांग्रेस के नेता जब नहीं रुके तो पुलिस ने वाटर कैनन खोल दिया। उसके बाद प्रदर्शन और नारेबाजी और जोर से होने लगी। विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारे नेता और देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मजबूती से चुनाव आयोग के कथित गोरखधंधे को बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व वोटर अधिकार यात्रा के माध्यम से उजागर किया था लेकिन केंद्र की सरकार और चुनाव आयोग ने इसे नकारा था। लेकिन अब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गलतियों को उन्हीं के सहयोगी दो अन्य चुनाव आयुक्तों ने उजागर करने की हिम्मत हमारे नेता राहुल गांधी के चेतावनी के बाद की है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के बैठकों में दर्ज आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने सत्ता के संरक्षण में लोकतंत्र को कमजोर करने की कवायद की है, इसलिए अविलंब उन्हें इस्तीफा देकर देश से माफी मांगनी चाहिए। विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव से पूर्व, बिहार में किए गए मनमाने एसआईआर की तरह ही लाभ लेने के उद्देश्य से वोटर्स मैपिंग की गई और भाजपा को अलोकतांत्रिक तरीके से चुनावी लाभ दिया गया जिसके कारण वहां भाजपा की जीत हुई। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है और भाजपा सरकार ने संविधान में संशोधन करके ऐसी व्यवस्था बना दी है कि वोट चोरी करने वाली चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त को आजीवन जेल नहीं होगी जो यह साबित करता है कि बड़े पैमाने पर यह गोरखधंधा चल रहा था। हमारे नेता के बार बार वोटर लिस्ट का इलेक्ट्रॉनिक डाटा मांगने के बाद भी नहीं उपलब्ध कराना और सीसीटीवी फुटेज देने से कि जाने वाली मनाही अब जाकर उजागर होने लगी है। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वच्छ तरीके से हो लेकिन जब चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ही मनमानी कर चुनाव परिणामों को बदलने की कवायद करेंगे तो फिर देश में लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी, इसलिए ऐसे अनैतिक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा वरना कांग्रेस और उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर सेवा और अंत्योदय के संकल्प को आगे बढ़ाने का निर्णय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शुक्रवार को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान और स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। संगोष्ठी में उनके जीवन, राष्ट्र के प्रति योगदान, संगठन निर्माण तथा एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनका एकात्म मानववाद भारतीय संस्कृति और चिंतन पर आधारित समग्र विकास की दृष्टि प्रस्तुत करता है। उनके विचारों को आत्मसात कर भाजपा कार्यकर्ता सेवा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। वहीं जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संगठन और राजनीति को राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाया। उनका अंत्योदय का विचार भाजपा के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा संकल्प अभियान के सभी कार्यक्रमों को मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से आयोजित करने का आह्वान किया। वहीं सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, राष्ट्रनिष्ठा और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने भारतीय राजनीति को राष्ट्र और समाज की सेवा से जोड़ने का कार्य किया। उनके विचार आज भी कार्यकर्ताओं को जनसेवा की प्रेरणा देते हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063